(क) क्या पूर्व रेलवे के धनबाद डिवीजन में जून 1977 से लगातार 120 दिन की नौकरी पूरी करने वाले सभी नैमित्तिक गैंगमैनों को केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतनमान दिये गये हैं;

(ख) यदि हां, तो धनबाद डिवीजन के प्रत्येक रेलपथ निरीक्षक (पी० डब्ल्यू० आई०) के अधीन कितने नैमित्तिक गैंगमैनों को उक्त वेतनमान दिये गये हैं;

(ग) कितने नैमित्तिक गैंगमैनों को अभी भी केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतनमानों नहीं दिये गये हैं; और

(घ) केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतनमान देने में इस असाधारण विलम्ब के क्या कारण हैं?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) और (ख) धनबाद मंडल के 129 नैमित्तिक गैंगमैनों को वेतन का सी० पी० सी० वेतनमान स्वीकृत किया गया है। इस संख्या का अलग अलग ब्योरा इस प्रकार है:—

रेलपथ निरीक्षक धनबाद	42
रेलपथ निरीक्षक पतरातु	11
रेलपथ निरीक्षक गुझंडी	68
रेलपथ निरीक्षक बेरमो	3
रेलपथ निरीक्षक डाल्टनगंज	2
रेलपथ निरीक्षक लातेहार	2
रेलपथ निरीक्षक टोरी	1

(ग) 496

(घ) पूर्व रेलवे में मौजूदा परिपाटी के अनुसार, नैमित्तिक गैंगमैनों की डाक्टरी जांच की जाती है और 120 दिन की निरन्तर सेवा पूरी होने पर सी० पी० सी० वेतनमान दिया जाता है। चूंकि मंडल प्राधिकारी इस स्थिति के बारे में स्पष्ट नहीं थे और डाक्टरी जांच पूरी होने तक रुके रहते थे, उन्हें आदेश जारी किये गये हैं कि जिन नैमित्तिक गैंगमैनों ने 120 दिन की लगातार सेवा पूरी कर ली है उन्हें तुरन्त वेतनमान स्वीकृत कर दिया जाए।

तिरोड़ी और कटंगी के बीच रेल लाइन

*293. **श्री कचरूलाल हेमराज जैन** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश के जिला बालाघाट में तिरोडी-कटंगी के बीच रेल लाइन बिछाने के लिये सर्वेक्षण कब किया गया था;

(ख) क्या तिरोड़ी और कटंगी के बीच रेल लाइन बिछाने के लिये कोई निर्णय किया गया था;

(ग) इस परियोजना पर अब तक कितना कार्य हुआ है; और

(घ) इस निर्णय को कार्यान्वित करने में विलम्ब के क्या कारण हैं और इस लाइन पर कार्य कब तक शुरू हो जाने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ध) : तिरोड़ी और कटंगी के बीच रेलवे लाइन बिछाने के लिये अभी तक कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है। इस लाइन के निर्माण के प्रश्न पर तब ही विचार किया जाएगा जब गोंदिया-जबलपुर छोटी लाइन खंड के बड़ी लाइन में बदले जाने के संबंध में निर्णय ले लिया जाएगा और गोंदिया-जबलपुर खंड का सर्वेक्षण पूरा हो जाएगा।

रेलवे श्रमिक न्यायाधिकरण पंचाट

*294. **श्री दीनेन भट्टाचार्य** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे श्रमिक न्यायाधिकरण ने स्टेशन मास्टरों, स्विचमैनों तथा अन्य

कर्मचारियों की दूसरी रात्रि पारी (शिफ्ट) के बाद 56 घंटे के विश्राम का पंचाट दिया था;

(ख) यदि हां, तो क्या इस पंचाट को पूरी तरह से लागू किया गया है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके कार्यान्वियन के लिये सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है;

(घ) क्या इस विषय पर सरकार को कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार ने उन अभ्यावेदनों पर क्या कार्यवाही की है?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते): (क) रेल श्रम अधिकरण, 1969 द्वारा ऐसी कोई सिफारिश नहीं की गई थी।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता।

(घ) और (ङ) कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। संबंधित कर्मचारियों को भारतीय रेल अधिनियम, 1890 के उपबन्धों के आधार पर आवधिक रेस्ट दी जाती है और रेल श्रम अधिकरण की सिफारिशों में उक्त अधिनियम के उपबन्धों का आशोधन नहीं किया गया है।

अशोधित तेल का उत्पादन

*295 **श्री प्रसन्नभाई मेहता**
श्री जी० एस० रेड्डी } क्या **पेट्रोयलिम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) क्या यह सच है कि देश में तटीय तेल क्षेत्रों और तट से दूर तेल क्षेत्र में प्रतिमाह दस लाख मीट्रिक टन से अधिक अशोधित तेल मिल रहा है ;

(ख) यदि हां, तो यह लक्ष्य कब प्राप्त किया गया था ;

(ग) तेल निकालने वाली तीन एजेंसियों में से प्रत्येक एजेंसी ने कुल कितना तेल निकाला ;

(घ) इन तीन तेल एजेंसियों में से किस ने सबसे अधिक तेल निकाला ;

(ङ) वर्ष 1977-78 के दौरान अशोधित तेल का अनुमानतया कुल कितना उत्पादन हुआ और गुजरात तथा आसाम के तेल क्षेत्रों का कितना उत्पादन था ; और

(च) क्या पूर्वोत्तर क्षेत्र में तेल की खुदाई से आय में कमी हो रही है ?

पेट्रोलिय, रसायन तथा उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) जी हां।

(ख) पहली बार अक्तूबर, 1977 में दस लाख टन से अधिक उत्पादन हुआ।

(ग) 1977 में तीन संगठनों में से प्रत्येक संगठन का कच्चे तेल का उत्पादन निम्नलिखित था :—

तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग	70,07,000 टन
आयल इंडिया लिमिटेड	31,20,000 टन
ए० ओ० सी० . .	58,000 टन

(घ) तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग।

(ङ) 1977–78 के दौरान कच्चे तेल का उत्पादन 10.75 मिलियन मीट्रिक टन तक होने का अनुमान है जिसमें से 4.15 मि० मी० टन तथा 4.5 मिलियन मीट्रिक टन तक का उत्पादन क्रमशः गुजरात तथा असम के तेल क्षेत्रों से होने का अनुमान है।

(च) जी नहीं।

पश्चिम बंगाल में हल्दिया में पेट्रो-रसायन उद्योग समूह

*296. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या **पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:—

(क) क्या उन्होंने हाल ही में कलकत्ता में कहा था कि केन्द्रीय सरकार हल्दिया में प्रस्तावित पैट्रो-रसायन उद्योग समूह की स्थापना के कार्य में न तो भाग ही लेगी और न ही पश्चिम बंगाल को कोई बजट सम्बन्धी सहायता देगी ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बध में कोई वित्तीय सहायता न देने के पक्ष में सरकार के तर्क क्या हैं ?

पेट्रोलियम, रसायन तथा उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

बम्बई सीमा शुल्क विभाग द्वारा पास न किया गया पोलीथीन

297 **डा० वसन्त कुमार पंडित :** क्या **पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:—

(क) क्या यह सच है कि 100 टन से अधिक उच्च घनत्व वाला पोलीथीन और 500 टन निम्न घनत्व वाला पोलीथीन दो मास से अधिक अवधि से बम्बई सीमाशुल्क विभाग द्वारा पास नहीं किया गया ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और माल पास करने के लिये क्या प्रबंध किये गये हैं ; और

(ग) क्या अखिल भारतीय प्लास्टिक निर्माता संघ ने कच्चे माल के रुक जाने के बारे में शिकायत की है जिसके कारण स्थिति बिगड़ गई है और विशेषकर यूनियन कार्बाइड में तालाबन्दी के कारण इन मदों की कीमतें बढ़ रही हैं ?

पेट्रोलियम, रसायन तथा उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) जी नहीं। बम्बई कस्टम विभाग के पास दो मास से कच्चे घनत्व वाला पोलीथीन और निम्न घनत्व वाला पोलीथीन अनिर्णीत नहीं पड़ा है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी नहीं।

SUPPLY OF INDANE GAS

*298. SHRI RAJENDRA KUMAR SHARMA : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state :

(a) the new policy in respect of supply of Indane gas at present and the number of gas connections which an agent will be authorised to give;

(b) the total number of gas connections throughout the country at present;

(c) whether Government will authorise the existing agents who are already dealing with substantial number of gas connections to deal with additional gas connections or will authorise new agents for the purpose; and

(d) the details of new system of distribution thereof ?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA) : (a) to (d). Instructions have been given to the oil companies that while entering into commitments for new gas connections, they should give preference to domestic consumers i.e. individual households, over industrial and commercial customers. Gas supply is not ordinarily given to industries except in the case of sophisticated ones which cannot use any other alternative fuel and for which gas is essential from the technological point of view.

Presently, there are about 28 lakh consumers of cooking gas in the country. The oil companies have historically been marketing cooking gas in metropolitan and other towns because of the demand potential, the availability of infrastructural facilities and economic viability of operations in such areas. LPG availability being limited, it has not been possible to extend the marketing to all the areas. With the anticipated large-scale increase in the LPG availability in the country from 1980, it may be possible to extend its marketing in due course to smaller towns and rural areas based on following :—

(i) Anticipated customer potential;
(ii) Nearness of the market from the source of supply;
(iii) Availability of safe/convenient mode of transport;
(iv) Maximum utilization of distribution equipment; and
(v) Viability in operations.

Supply of Liquefied Petroleum Gas (LPG) is made by the Oil Companies to the dealers as per refill requirements based on the number of consumers enrolled by them. A ceiling on the number of customers with each LPG distributor of the Indian Oil Corporation Limited (IOC) has already been prescribed. Steps are being taken to extend the ceiling to the LPG agencies of the taken-over oil companies also.

रसायन और उर्वरक तथा पेट्रोलियम मंत्रालयों का विलय

*299. **श्री सुखेन्द्र सिंह : क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या यह सच है कि रसायन और उर्वरक तथा पेट्रोलियम मंत्रालयों का विलय हो गया है; और

(ख) यदि हां, तो कार्य वितरण तथा इस बारे में किए गए अन्य प्रबन्धों का ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम, रसायन तथा उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) जी, हां।

(ख) पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्रालय के दो विभाग हैं, उनके नाम हैं :—

(क) पेट्रोलियम विभाग

(ख) रसायन और उर्वरक विभाग।

दोनों विभागों को आबंटित किये गये कार्य उसी प्रकार हैं जैसे कि पहले दोनों भूतपूर्व मंत्रालय :

पेट्रोलियम मंत्रालय तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा किये जाय थे।

नागपुर-नैनपुर रेल लाइन का बदला जाना

*300. **श्री वसंत साठे :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार नागपुर-नैनपुर रेल लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो विचाराधीन प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है तथा अंतिम निर्णय कब तक कर लिया जायेगा; और

(ग) सिमोनी होकर नागपुर से जबलपुर तक नई रेल लाइन का निर्माण, दुर्ग भुसावल रेल लाइन का विद्युतीकरण तथा गीतांजलि एक्सप्रेस को सप्ताह में दो बार की बजाय प्रति-दिन चलाने जैसे अन्य प्रस्तावों के बारे में क्या कार्यवाही की जा रही है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) (क) और (ख) : जबलपुर से गोंदिया तक छोटी लाइन खंड को बड़ी लाइन खंड में बदलने के लिए प्रारम्भिक इंजीनियरी एवं यातायात सर्वेक्षण प्रगति पर है। प्रस्तावित बदलाव से नैनपुर और गोंदिया के रास्ते जबलपुर और नागपुर सम्बद्ध हो जायेंगे। जबलपुर-गोंदिया खंड के बदलाव के सम्बन्ध में निर्णय सर्वेक्षण पूरा होने और रिपोर्टों की जांच करने के बाद ही लिया जायेगा।

(ग) नागपुर और जबलपुर पहले से ही सिवनी और नैनपुर के रास्ते छोटी आमान की लाइन से जुड़े हुए हैं।

दुर्ग-भुसावल खंड के विद्युतीकरण के लिए लागत एवं व्यावहारिकता सवक्षण किया जा चुका है। इस परियोजना पर लगभग 64 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। विद्युतीकरण की लम्बी अवधि के कार्यक्रम को अन्तिम रूप देते समय इस परियोजना के निर्माण के प्रश्न पर विचार किया जायेगा।

हवड़ा-बम्बई गीतांजलि एक्सप्रेस को सप्ताह में अब दो दिन के बजाय 4 दिन चलाया जाता है। इसके फेरे बढ़ाने के सम्बन्ध में उचित समय पर विचार किया जायेगा।

DISTRIBUTION OF WORKS OF FERTILIZER PRODUTION AMONG DIFFERENT ZONAL UNITS

*301. DR. LAXMINARAYAN PANDEYA : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the work of fertilizer production has been distributed among different zonal units keeping in view the production and management aspects thereof;

(b) if so, the complete details thereof;

(c) the additional expenditure involved in such arrangement; and

(d) the reasons for scrapping the old set-up ?

THE MINISTER OF STATE FOR PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI JANESHWAR MISHRA) : (a) to (d) A statement giving the required information is laid on the Table of the House.

(a) to (d). Government have decided to re-organise the Fertilizer Corporation of India and National Fertilizers Ltd. into the following five companies :

Name of the Company	*Units/Divisions*
1. Fertilizer Corporation of India .	. Sindri (including Sindri Modernisation and Sindri Rationalisation), Gorakhpur, Talcher, Ramagundam and Korba.
2. National Fertilizers Limited	. Nangal, Bhatinda and Panipat.
3. Hindustan Fertilizer Corporation Limited	. Namrup, Haldia, Barauni and Durgapur.
4. Rashtriya Chemicals & Fertilizers Limited	. All Units of Trombay and the gas based plants in the south of Bombay.
5. Fertilizer (Planning & Development) India Ltd.	P & D Division of the FCI.

The main purpose of the re-organisation of FCI/NFL is to avoid centralisation of decision making and powers in FCI and to bring about greater autonomy to the field units. This would result in greater efficiency in plant operation.

Though the final details regarding the administrative expenditure involved in implementing the re-organisation proposals have not yet been worked out, this, expenditure is not expected to be significant.

संस्थाओं के पूंजी निवेश वाली कम्पनियां

*302. **श्री डी० बी० चन्द्रगौडा :** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में ऐसी गैर-सरकारी कितनी लिमिटेड कम्पनियां हैं जिनमें सरकार तथा सार्वजनिक वित्तीय संस्थाओं ने 51 प्रतिशत से अधिक पूंजी लगाई है; और

(ख) इन कम्पनियों के प्रबन्ध में सरकार का कितना हाथ है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : (क) 31-3-1977 तक देश में कार्य कर रहीं 38,837 प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियों में से 428 सरकारी कम्पनियाँ थीं, अर्थात् ये वे कम्पनियां थीं, जिनकी प्रदत्त हिस्सा पूंजी में केन्द्रीय सरकार/अथवा राज्य सरकार (सरकारों) का भाग 51 प्रतिशत अथवा इससे अधिक था। इन 428 कम्पनियों में से किसी में भी, सरकारी वित्तीय संस्थाओं की कोई हिस्सा-पूंजी नहीं थी। शेष 38409 प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियों के बारे में अपेक्षित सूचना सुलभ नहीं है।

(ख) प्रश्न के भाग (क) में निर्देशित 428 प्राइवेट लिमिटेड सरकारी कम्पनियों का प्रबन्ध, केन्द्र तथा/अथवा राज्य सरकार के सम्बन्धित प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

आसाम में प्राकृतिक गैस

*303. **श्री पूर्ण नारायण सिन्हा :** क्या **पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आसाम में नहर कटिया, दुलियाजान, मोरान तथा अन्य स्थानों पर तथा तेल साफ करने के कारखानों में, जहां कच्चा तेल भेजा जाता है, 10 लाख क्यूबिक प्राकृतिक गैस को जलाया जा रहा है जबकि देश भर में उपभोक्ता अधिक औद्योगिक गैस और एल० पी० जी० घरेलू गैस के लिए हायतौबा मचा रहे हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार गैस के इस प्रकार जलाये जाने को रोकने और औद्योगिक एवं घरेलु उपयोग के लिये उसे ईंधन में बदलने के प्रयोजन में लाने का है, और

(ग) देश में हर जगह, विशेष रूप से आसाम में कुओं के मुहानों पर, इस प्राकृतिक गैस को बचाने एवं उपयोग करने के लिए तकनीकी जानकारी हासिल करने हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है? .

पेट्रोलियम, रसायन तथा उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) और (ख) असम में आयल इंडिया लिमिटेड के तेल क्षेत्रों से मिलने वाली सम्बद्ध प्राकृतिक गैस के कुछ भाभा मूख्यतः इसलिए जलाई क्योंकि कुछ ग्राहक अपने पहले बताई गई माँग की तुलना में कम गैस ले रहे हैं। ग्राहकों द्वारा गैस लेने के मामले में सुधार होने की आशा है। इस गैस में से तरल पेट्रोलियम गैस तैयार करने तथा कन्डेन्सेट निकालने के लिए एक प्लांट स्थापित करने की भी कम्पनी की योजना है। नामरूप उर्वरक प्लांट, जो कि गैस का फीड स्टाक के रूप में प्रयोग करता है के विस्तार की परियोजना भी विचाराधीन है।

चाय बागों को सप्लाई की जाने वाली थोड़ी मात्रा को छोड़कर तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा उत्पादन की जाने वाली शेष प्राकृतिक गैस जलाई जाती है। प्रति दिन 0.23 मिलियन घनमीटर गैस की सप्लाई के लिये तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग ने असम राज्य विद्युत बोर्ड को वचन दिया है और इसका उपयोग 1978-79 से आरम्भ होने की आशा है। नामरूप उर्वरक प्लांट के लिये आवश्यक गैस का एक भाग तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा सप्लाई किया जायेगा।

प्रौद्योगिकी कारणों तथा सुरक्षा के कारण शोधशालाओं में गैस की कुछ मात्राओं का जलाया जाना रोका नहीं जा सकता और इस कारण जब जब शोधनशाला चालू रहती है तो गैस जलायी जाती है। सभी शोधशालाओं में जलायी जाने वाली गैस न्यूनतम रखी जाती है।

(ग) उर्वरक के उत्पदन के लिए गैस के फीड स्टाक के रूप में प्रयोग किये जाने को सरकार अधिकतम प्राथमिकता देती है। इसके लिये आवश्यक तकनीकी जानकारी देश में ही उपलब्ध है।

अविकसित क्षेत्रों में नई गाड़ियों का चलाया जाना

*304. **श्री रामजी लाल सुमन** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनता सरकार द्वारा सत्ता संभाले जाने के बाद देश के किन-किन अविकसित क्षेत्रों में नई गाड़ियां चलाई गई हैं;

(ख) उन गाड़ियों के नाम क्या हैं; और

(ग) इन गाड़ियों से जनसाधारण को सुविधा होने के अतिरिक्त इनके चलाये जाने से कितनी आय हुई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है जिसमें 1977-78 के दौरान अब तक चलायी गयी गैर-उपनगरीय गाड़ियों का उल्लेख किया गया है।

(ग) प्रत्येक गाड़ी से प्राप्त आय के आंकड़े अलग-अलग नहीं रखे जाते हैं। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1805/78**]

स्वदेशी पोलिटैक्स लिमिटेड के लेखाओं के बारे में शिकायतें

2687. **श्री रामदेनी राम** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश के कम्पनी पंजीयक ने बताया है कि स्वदेशी पौलिटैक्स लिमिटेड, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश द्वारा कम्पनी के लेखे कम्पनी अधिनियम, 1956 की धाराओं के अनुरूप नहीं रखे जा रहे हैं;

(ख) प्रश्न यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं;

(ग) क्या कोई जांच की गई है और क्या सरकार कम्पनी के मामलों की जांच के लिए विशेष लेखा परीक्षा करने का आदेश जारी करने के प्रश्न पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : (क) नहीं, श्रीमान् जी।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

(ग) तथा (घ) कम्पनी कार्य विभाग ने इस कम्पनी के कार्य-कलापों की कोई जांच, अथवा इसके लेखाओं की विशेष लेखा-परीक्षा, आयोजित नहीं की है। तथापि, इस कम्पनी की लेखा-बहियों की, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 209-क के अन्तर्गत जांच के आदेश प्रेषित किये गये हैं, जो प्रवर्तमान हैं।

स्वदेशी पोलिटैक्स लिमिटेड के कुप्रबन्ध के बारे में शिकायतें

2688. **श्री के० लकप्पा** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को स्वदेशी पोलिटैक्स लिमिटेड, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के प्रबन्धकों के कुप्रबन्ध और अपकरण के बारे में जानकारी और शिकायतें मिली हैं;

(ख) उक्त जानकारी और शिकायतों के बारे में मुख्य बातें क्या हैं;

(ग) क्या इनकी जांच में विलम्ब किया गया है;

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या इस कम्पनी के पूर्ण अधिग्रहण की मांग की गई है; और

(च) यदि हां, तो इस बारे में क्या कदम उठाये गये हैं?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : (क) तथा (ख) साधारणत: यह आरोप लगाते हुए शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि प्रबन्ध निदेशक तथा उसका पुत्र (1) कम्पनी के कार्य-कलापों का कुप्रबन्ध कर रहे हैं, (2) अवास्तविक रूप से व्यय कर रहे हैं, जबकि 1974–75 के लेखाओं में उनके छल साधनों से भारी हानियां दिखाई गई हैं; (3) हिस्सेधारियों के हितों के प्रतिकूल अनुचित तरीकों से बड़ी मात्रा में "धन" इकट्ठा कर रहे हैं; (4) काला बाजारी कर रहे हैं, (5) कम्पनी के खर्चों पर, अपने व्यक्तिगत प्रयोग के चांदी के बर्तनों की खरीद कर रहे हैं, (6) कर अपवंचना को प्रश्रय दे रहे हैं; (7) छ: कीमती कारें रख रहे हैं तथा (8) विक्रय प्रवर्तनात्मक व्यय के रूप में धन को और दिशा में लगा रहे हैं।

(ग) तथा (घ) कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत किसी जांच के आदेश नहीं दिये गये हैं। तथापि, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 209क के अन्तर्गत कम्पनी की लेखा-बहियों का निरीक्षण प्रवर्तमान है।

(ङ) तथा (च) कम्पनी कार्य विभाग को इस कम्पनी की अधिग्रहण करने के लिए किसी मांग का पता नहीं है।

बड़े औद्योगिक गृहों को विस्तार के लिए अनुमति

2689. **श्री पी० के० कोडियन :** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बड़े औद्योगिक गृहों की गतिविधियों में विस्तार के लिए उनके 21 प्रस्ताव मंजूर कर दिये हैं;

(ख) यदि हां, तो विस्तार की अनुमति किन-किन क्षेत्रों के लिये दी गई है और इस निर्णय का लाभ किन-किन औद्योगिक गृहों को हुआ है; और

(ग) इन प्रस्तावों को स्वीकार करने के क्या कारण हैं?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : (क), (ख) तथा **(ग)** वृहद् व्यापारिक घरानों के 21 प्रस्तावों का माननीय सदस्य द्वारा निर्देश दिनांक 7 फरवरी, 1978 के "फाइनेंसियल एक्सप्रेस" में "21 एम० आर० टी० पी० फर्म्स, अलाइड एक्यान्सन" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर प्रतीत होता है।

1977 के वर्ष के प्रथम छ: मासों के मध्य एकाधिकार एवं निबन्धनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम के अन्तर्गत सारवान विस्तार अथवा नवीन उपक्रमों के स्थापनार्थ अनुमोदित इन 21 प्रस्तावों के ब्यौरे प्रदर्शित करते हुए एक विवरण-पत्र संलग्न है। [**ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 1806/78**]

उच्चतम 20 बड़े औद्योगिक गृहों की आस्तियों में वृद्धि

2690. **श्री के० टी० कोसल राम :** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उच्चतम 20 बड़े औद्योगिक गृहों की आस्तियों में 1971 और 1977 के बीच वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो 1971 और 1977 के लिए उनकी क्रमशः आस्तियों के आंकड़े क्या हैं; और

(ग) उनकी आस्तियों में वृद्धि के लिए उत्तरदायी के क्या कारण हैं?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : (क) तथा (ख) माननीय सदस्य का ध्यान, दिनांक 20-12-77 को उत्तर दिये गये लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 503 के उत्तर की ओर आकर्षिक किया जाता है, जिसमें 20 शीर्षस्थ घरानों की परि-सम्पत्तियों पर सूचना (जो 1972 से 1975 तक वर्षों की उपलब्ध है) भेजी गई थी। परवर्ती वर्षों अर्थात् 1976 तथा 1977 के वर्षों के सम्बन्धित तुलन-पत्र तथा आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

(ग) विद्यमान व्यापारिक उपक्रमों की परिसम्पत्तियों में प्राकृतिक वृद्धि के अलावा, यह भी आलोकित किया जाये कि एकाधिकार एवं निबंधनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 में भी उपक्रमों की परिसिम्पत्तियों में पच्चीस प्रतिशत की सीमा तक विस्तार करने की अनुमति है। एकाधिकार एवं निबंधनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम के कार्यकलापों पर सम्बन्धित रिपोर्टों, जो प्रत्येक वर्ष सदन के समक्ष प्रस्तुत की जाती हैं, से भी प्रतीत होगा कि केन्द्रीय सरकार ने भी, इस अधिनियम के अनेक उपबन्धों तथा अपनी लाइसेंस देने की नीति, के अन्तर्गत विस्तार तथा नवीन उपक्रमों की स्थापनार्थ बहुत से प्रस्तावों पर अपनी अनुमति प्रदान की है।

हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड में कदाचार सम्बन्धी समाचार

2691. **श्री सी० के० चन्द्रप्पन** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 19 फरवरी, 1978 के 'न्यू ऐज' साप्ताहिक में "ग्राउन्ड मुगल्स आफ हिन्दुस्तान लीवर" शीर्षक के अन्तर्गत हिन्दुस्तान लीवर में फैले कदाचार के बारे में प्रकाशित समाचार की ओर गया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उसे समाप्त करने के लिये कोई कदम उठाये हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : (क) हां, श्रीमान् जी।

(ख), (ग) और (घ) लेख आवश्यक रूप से कम्पनी के निदेशकों और कार्यकारियों को परिलब्धियों समेत पारिश्रमिक के देने के सम्बन्ध में है। कम्पनी के निदेशकों को दिया जाने वाला पारिश्रमिक इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा जारी की गई मार्ग संदर्शिका के अनुसार है। सिवाए उस स्थिति में जहां कार्यकारी अधिनियम की धारा 204-क या 314(1ख) के अन्तर्गत आते हैं। कम्पनी के कार्यकारियों को दिये जाने वाले पारिश्रमिक के लिए कम्पनी

अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत स्वीकृति की अपेक्षा नहीं होती। निदेशकों को पारिश्रमिक देने के सम्बन्ध में संदर्शिका के संशोधन का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है और इसलिए लेख में कहे गए तथ्यों के ऊपर किसी विशेष कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है।

दक्षिण मिजोरम में कोलोडाइन नदी में गैस और तेल

2692. **श्री रोबिन सेन :** क्या **पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि दक्षिण मिजोरम में कोलोडाइन नदी के पानी से गैस और तेल की गन्ध आती है;

(ख) यदि हां, तो क्या नदी में तेल और प्राकृतिक गैस क्षमता का पता लगाने के लिये कोई सर्वेक्षण किया गया है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) जी, हां।

(ख), (ग) और (घ) तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा कालादन नदी के क्षेत्र में किये गये प्रारम्भिक सर्वेक्षणों से वहां गैस के पाये जाने के संकेत मिले हैं। परन्तु त्रिपुरा और मिजोरम में इस प्रकार की सतह गैस का पाया जाना आम बात है, और आमतौर पर उनमें से अधिकांश को वाणिज्यिक स्तर की नहीं समझा जाता है। तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा कालादन नदी क्षेत्र सहित पूर्वी मिजोरम में किये गये खोज कार्यों से ये संकेत मिले हैं कि संरचनाएं आम तौर पर इस बात के अनुकूल नहीं हैं कि इसमें वाणिज्यिक स्तर पर हाइड्रोजन संचित की जा सके। तथापि मिजोरम के पूर्वी भाग में स्थित संरचनाओं में हाइड्रोजन के पाये जाने की बेहतर संभावनाएं समझी जाती हैं। अतः तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग इस समय पूर्वी मिजोरम क्षेत्र का नक्शा तैयार कर रहा है।

हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड, पिम्परी को सरकार द्वारा ऋण

2693. **श्री आर० के० महालगी :** क्या **पैट्रोलियम, रसायन और उवरक** मंत्री हिन्दुस्तान एण्टीबायोटिक्स लिमिटेड, पिम्परी, पुणे (महाराष्ट्र) को हुई हानि के बारे में 20 दिसम्बर, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4682 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत चार वर्षों की अवधि में अपनी कमी को पूरा करने के लिए हिन्दुस्तान एण्टीबायोटिक्स लिमिटेड, पिम्परी, पुणे (महाराष्ट्र) को केन्द्रीय सरकार ने कितनी धनराशि का ऋण दिया है;

(ख) उपर्युक्त अवधि में लगभग आठ करोड़ रुपयों के घाटे के लिए इस उपक्रम ने क्या कारण बताये हैं;

(ग) उपर्युक्त घाटे के कारणों को दूर करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है;

(घ) क्या यह सच है कि सरकार का विचार इस उपक्रम को हुये घाटे को पूरा करने का है ताकि धन वापिस दिलाया जा सके; और

(ङ) यदि हां, तो क्या हिन्दुस्तान एण्टीबायोटिक्स को तदनुसार आदेश दे दिये गये हैं, यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो क्यों?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) वर्ष 1974-75 से 1977-78 के दौरान सरकार ने हिन्दुस्तान एण्टीबायोटिक्स लि० को, उनकी रोकड़ संसाधनों की कमी को पूरा करने के लिए 1284.08 लाख रुपये का ऋण मंजूर किया है। उपर्युक्त ऋण में 407.51 लाख रुपये का कम्पनी द्वारा भुगतान किया गया है और शेष 876.49 लाख रुपये बकाया पड़े हैं।

(ख) हानि के लिए कारण निम्नलिखित हैं:—

(1) तेल मूल्य में वृद्धि से मुद्रास्फीति के दबाव के परिणामस्वरूप सभी संभाव्यताओं से बाहर प्रमुख निवेश की लागत में वृद्धि।

(2) औषध (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 1970 के अन्तर्गत 1974 तक प्रपुंज एन्टीबायोटिक्स के बिक्री मूल्य में संशोधन न होना।

(3) प्रक्रिया समस्याओं के कारण विटामिन सी संयंत्र के संचालन में अमितव्यता।

(ग) से (घ) यह सरकार की इच्छा रही है कि उपक्रमों को अच्छा कार्य करके हानि को कम करने के लिए प्रयास करने चाहिएं। इस सन्दर्भ में मूल्यों में कटौती उत्पादन लागत को कम करने उत्पादकता बढ़ाने, की हमारी प्रवृति के परिणामस्वरूप निम्नलिखित बातों पर विचार किया जा रहा है:

(1) सरकार ने जापान के मैसर्स टोयो जोजो से प्राप्त पेंसिलिन के लिए प्रौद्योगिकी और अधिक उत्पादन वाले स्ट्रेनों को जारी करने की स्वीकृति दी है।

(2) मैसर्स ग्लैक्सो लैबोरेटरीज लि० से प्राप्त अधिक उत्पादन वाले स्ट्रेनों को स्ट्रेप्टोमाईसिन के लिए जारी किया गया है। इससे एस० ए० ए० द्वारा निर्मित दोनों महत्वपूर्ण एन्टीबायोटिक्स की उत्पादकता में 100 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

(3) विटामिन सी संयंत्र का पुनः निर्माण किया जा रहा है और इससे उत्पादन में वृद्धि होगी तथा उत्पादन की नीति में उचित स्तर तक कटौती की संभावना है।

(4) सूत्रयोगों की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है।

(5) कर्नाटक और महाराष्ट्र राज्यों में संयुक्त क्षेत्र सूत्रयोग संयंत्रों पर भी विचार किया जा रहा है।

(6) कम्पनी ने आयोजित उपचार अनुरक्षण, उत्पादन योजना और जन शक्ति योजना आदि के लिए आधुनिक प्रबन्ध तकनीकी और पद्धति सम्पर्क भी जारी किया है।

उपर्युक्त कदमों और सरकार की सलाह और मंजूरी के कारण यह आशा की जाती है कि कम्पनी के कार्य में सुधार होगा और कम्पनी, सरकार द्वारा मंजूर किए हुए ऋण का भुगतान करने में समर्थ हो जाएगी।

कम्पनी को कोई विशेष आदेश जारी नहीं किए गए हैं परन्तु निदेशक मण्डल पर सरकार के प्रतिनिधियों ने कम्पनी के प्रबन्ध को सलाह दी है कि सरकार की नीतियों के अनुसार उचित कार्रवाई करें।

CONVERSION OF MORADABAD-RAMNAGAR M.G. LINE

†2694. SHRI MAHI LAL : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it has been decided to convert Moradabad-Ramnagar via Kashipur metre gauge railway line into broad gauge line; and

(b) if so, the reasons for giving on lease the land at Moradabad City and Kashipur stations for building shops there ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) Yes.

(b) Railway land at Moradabad and Kashipur stations has been licensed for shopping purposes on yearly basis. The Railway reserves the right to terminate the licence whenever the land is required for its own purposes and as such the land licensed for shopping purpose can be taken back when required in connection with the conversion of Moradabad-Ramnagar section via Kashipur from MG to BG.

बड़े गृहों द्वारा दूसरी कम्पनियों के नियंत्रक हितों के खरीदने पर प्रतिबन्ध

2695. **श्री मोहनलाल पिपिल : क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बड़े गृहों द्वारा दूसरी कम्पनियों के नियंत्रक हितों को खरीदने पर प्रतिबन्ध लगाने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो स्वदेशी पोलिटैक्स लिमिटेड, गाजियाबाद में स्वदेशी काटन मिल्स कम्पनी लिमिटेड के 1 करोड़ रुपये के शेयर 5 करोड़ रुपये देकर मूल्य पर 'थापर' बन्धुओं द्वारा खरीदे जाने के कथित प्रयत्न के प्रति सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और इस प्रकार के अधिग्रहण प्रयास को रोकने के लिए क्या कदम उठाने का विचार है;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने इस बारे में केन्द्रीय सरकार को कोई सुझाव दिए हैं;

(घ) यदि हां, तो किस प्रकार के और उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) क्या सम्बन्धित विभाग को कोई ऐसे निर्देश जारी किये गये हैं कि यदि थापर बन्धुओं को शेयर खरीदने की अनुमति दी जाए तो उन्हें छोटे शेयरधारियों के सारे शेयर भी उसी मूल्य पर खरीदने होंगे?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : (क) नहीं, श्रीमान् जी।

3—145LSS/78

(ख) स्वदेशी पोलिटैक्स लिमिटेड, गाजियाबाद में थापर बन्धुओं द्वारा शेयरों को 5 करोड़ रुपयों के मूल्य पर खरीदने के सम्बन्ध में सूचित किए गए प्रस्ताव के लिए कम्पनी अधिनियम की धारा 108क और 372(4) के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार का अनुमोदन अपेक्षित है। इस प्रकार का कोई प्रस्ताव सरकार को अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। अगर कभी कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ, तो उसका गुणावगुण के आधार पर निर्णय किया जाएगा।

(ग) और (घ) केन्द्रीय सरकार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा थापर बन्धुओं को शेयरों की बिक्री के लिए कोई सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, उत्तर प्रदेश सरकार ने सुझाव दिया है कि स्वदेशी काटन मिल्स कम्पनी लिमिटेड का केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिग्रहण कर लिया जाए और यह सुझाव उद्योग मंत्रालय में, जो इस विषय में सम्बन्धित प्रशासनिक मंत्रालय है, विचाराधीन है।

(ङ) इस पहलू पर, जब कभी थापर बन्धुओं से कोई प्रस्ताव प्राप्त होगा, तो विचार किया जाएगा।

सार्वजनिक क्षेत्र के उर्वरक कारखानों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की बैठक

2696. **श्री के० प्रधानी** : क्या **पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी क्षेत्र के उर्वरक कारखानों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों तथा उच्चस्तरीय प्रबन्धकों की हाल ही में कोई बैठक बुलाई गई थी; और

(ख) यदि हां, तो बैठक में किन विषयों पर चर्चा हुई और उसके क्या परिणाम निकले ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) और (ख) आमतौर पर प्रत्येक मास पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री, मन्त्रालय के नियंत्रणाधीन सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की बैठक बुलाते हैं। पिछली ऐसी बैठक 7 जनवरी, 1978 को हुई थी। इन बैठकों में मंत्री जी संयंत्रों के कार्य निष्पादन में आने वाली समस्याएं, औद्योगिक सम्बन्ध तथा अन्य सम्बन्धित विषयों का पुनरीक्षण करते हैं तथा विचार-विमर्श के पश्चात् उपयुक्त निर्णय लिये जाते हैं।

बस्तर जिले में रेल लाइन

2697. **श्री माधवराव सिन्धिया** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें पता है कि मध्य प्रदेश का बस्तर जिला देश में सख्त लकड़ी तथा बांस के उत्पादन में देश का एक सम्पन्न जिला है परन्तु पर्याप्त रेल लाइन न होने से इनकी ढुलाई में बाधा पड़ती है;

(ख) क्या उन्हें यह भी पता है कि जगदलपुर को रायपुर से मिलाने वाली नई रेल लाइन इन वन-उत्पादों की ढुलाई के लिए अनिवार्य है;

(ग) यदि हां, तो क्या वे नई रेल लाइनें बिछाने के प्रस्ताव पर विचार करेंगे ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क से (घ) रायपुर-धमतरी छोटी लाइन खंड को बड़ी लाइन में बदलने और बस्तर जिले में दल्ली-राहजरा से जगदलपुर तक नयी बड़ी लाइन बिछाने के लिए सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। अनुमान लगाया गया है कि इस परियोजना पर लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। इस परियोजना को प्रारम्भ करने का प्रश्न इस प्रयोजन के लिए संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

PROMOTION, TRANSFER AND REINSTATEMENT OF EMPLOYEES

†2698. SHRI DAYA RAM SHAKYA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the number of employees in respect of whom orders for promotion, transfer and reinstatement have been issued by him after the formation of Janata Government and the number of orders, out of them, complied with by officers; and

(b) whether it is a fact that some higher officers of the Railway Department have not complied with these orders by treating them as "political orders" and if so, the action being taken by Government against those officers ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS **(SHRI SHEO** NARAIN) : (a) Immediately after the formation of the present Government, orders were given to reinstate those who were dismissed, removed from service or suspended or transferred for participation in the strike of May 1974. These orders were carried out by the Railway Administrations even before the target date fixed by Government.

(b) No case of refusal to comply with orders, has come to notice. Where orders of the competent authority are wilfully not carried out, the service rules contain adequate provision for penal action.

कोरबा उर्वरक संयंत्र पर व्यय की गई राशि

2699. **श्री परमानन्द गोविन्दजीवाला :** क्या **पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के कोरबा में लगाये जाने वाले कोयले पर आधारित प्रस्तावित कारखाने पर भारतीय उर्वरक निगम ने कितनी धनराशि खर्च की है;

(ख) क्या कोरबा कारखाने का कार्य जुलाई, 1977 से बन्द है, यदि हां तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह भी सच नहीं है कि रामागुंडम (आन्ध्र प्रदेश) तथा तालचर (उड़ीसा) पर कार्य समय-सूची के अनुसार तेजी से चल रहा है; और

(घ) यदि हां, तो इस प्रकार भेदभाव के क्या कारण हैं ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) से (घ) जून 1974 को कोरबा फर्टिलाइजर परियोजना 118.25 करोड़ रुपयों की लागत से कार्यान्वयन के लिए अनुमोदित की गई थी, तथा 1978 में मुकम्मल होनी थी। 1973-74 के अन्त तक, 2.3 करोड़ रुपये पहले ही व्यय हो चुके थे। प्रतिबंधित संसाधनों के कारण 1974 के मध्य में उर्वरक क्षेत्र के लिए अतिरिक्त निधि के आबंटन के लिए योजनाबद्ध व्यवस्था का

पुनरीक्षण किया गया था तथा यह निश्चय किया गया था कि कोरबा परियोजना का काम धीमा किया जाये क्योंकि अन्य दो कोयले पर आधारित उर्वरक संयंत्र अर्थात् तालचर तथा रामागुण्डम पूर्ण गति से काम कर रहे हैं, यह अच्छा होगा कि कोरबा परियोजना को कोयले पर आधारित उर्वरक संयंत्र की नई प्रौद्योगिकी के अनुमोदन के पश्चात् ही तेज किया जाए। अक्तूबर 1977 तक परियोजना पर 19.13 करोड़ रुपये खर्च हुए तथा 1977-78 के दौरान इस पर 3 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाने का विचार है।

परियोजना के आगामी कार्यान्वयन तथा कोयले पर आधारित अतिरिक्त क्षमता की स्थापना पर विचार कोयले पर आधारित दो संयंत्र रामागुण्डम तथा तालचर के संचालन के अनुभवों से प्राप्त होने पर ही किया जायेगा। रामागुण्डम तथा तालचर परियोजनाओं के 1978 के अन्त तक चालू हो जाने की आशा है।

माल-डिब्बे

2700. **श्री विजय कुमार मल्होत्रा** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में 1 जनवरी, 1978 को रेल लाइनों की कुल लम्बाई, माल डिब्बों तथा इंजनों की संख्या कितनी थी;

(ख) गत वर्ष देश के विभिन्न केन्द्रों से देश के प्रमुख पत्तनों तक माल ले जाने से रेलवे को कितनी आय हुई; और

(ग) प्रश्न के भाग (क) तथा (ख) में मांगे गये आंकड़े पहली और तीसरी पंच-वर्षीय योजनाओं के अन्तिम वर्षों में क्या थे?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) 1 जनवरी, 1978 के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

31-3-77 के अद्यतन आंकड़े नीचे दिये गये हैं:—

मार्ग किलोमीटर	60,666
कुल रेलपथ किलोमीटर	102,837
(चालू रेलपथ, साईडिंग, यार्ड आदि) माल डिब्बों की संख्या (इकाइयों में)	397,773
इंजनों की संख्या	
भाप	8,263
डीजल	1,003
बिजली	844

(ख) अन्तर्देशीय केन्द्रों से बड़ी भारतीय बन्दरगाहों तक चलने वाले यातायात से होने वाली आमदनी के अलग से आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। फिर भी, 1976-77 के दौरान स्थान शुल्क, विलम्ब शुल्क प्रभारों आदि को छोड़कर रेलों द्वारा ढोये गये माल यातायात से प्राप्त कुल राजस्व 1275.6 करोड़ रुपये था।

	पिछला वर्ष	
	पहली पंचवर्षीय योजना का अर्थात् (1955-56)	तीसरी पंचवर्षीय योजना का अर्थात् (1965-66)
मार्ग किलोमीटर . .	55,011	58,399
कुल रेलपथ किलोमीटर . .	78,233	92,474
माल डिब्बों की सं० (इकाइयों में)	240,756	370,019
इंजनों की संख्या		
भाप	9,026	10,613
डीजल	67	727
बिजली	79	403
स्थान शुल्क विलम्ब शुल्क प्रभारों आदि को छोड़कर रेलों द्वारा ढोए गये माल यातायात से प्राप्त राजस्व (करोड़) . .	177.4 रु०	452.4 रु०

LINE FROM PIRPAINTI TO JAMATAR

†2701. DR. RAMJI SINGH : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether any proposal to construct a railway line from Pirpainti to Jamatar via Dumka or on Kiul-Asansol line has ever been under consideration of Government;

(b) whether Government propose to construct a railway line there for transportation of these minerals and to provide more transport facilities in this backward Adivasi areas; and

(c) if so, by what time and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) to (c) No survey has so far been carried out for laying a line between Pirpainti and Jamatar via Dumka and there is no proposal under consideration at present to construct the line on account of very limited availability of resources.

झिबी अचंल के निर्वाचकों द्वारा मतदान से अनुपस्थित रहना

2702. **श्री शशांकशेखर सान्याल** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री झिबी अचंल के निर्वाचकों द्वारा पिछले संसदीय निर्वाचनों में मतदान से अनुपस्थित रहने के बारे में 6 दिसम्बर, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2698 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने निर्वाचकों की अनुपस्थिति के कारणों और उनकी शिकायतों के बारे में अब जानकारी इकट्ठी कर ली है;

(ख) जहां तक यह विषय केन्द्रीय सरकार की शक्ति के अन्तर्गत है, इन शिकायतों को दूर करने के लिए उसने क्या कार्यवाही की है; और

(ग) जहां तक यह विषय पश्चिमी बंगाल सरकार की शक्ति के अन्तर्गत है, यदि उसे कोई मार्गदर्शक सिद्धान्त बनाए गए हैं तो वे क्या हैं?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरसिंह) : (क) पश्चिमी बंगाल सरकार के मुख्य निर्वाचन आफिसर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुर्शिदाबाद जिला के थाना खरग्राम के अन्तर्गत झिवी अर्चल, जिसमें 8 जंगीपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के खरग्राम खण्ड में मतदान केन्द्र सं० 75 से 83 तक हैं, में कोई मत नहीं डाला गया था। संबंधित मतदाताओं के मतदान से अनुपस्थित रहने के कारण ज्ञात नहीं हैं।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

ESSO AND INDANE GAS CONSUMERS IN SURAT

2703. SHRI CHHITUBHAI GAMJIT : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state :

(a) the number of ESSO and Indane Gas consumers in Surat city and Surat district and the demand in respect of new gas consumers;

(b) whether the customers of the rural areas do not get regular supply of gas cylinders; if so, the reasons therefor; and

(c) the steps being taken by Government to meet the demand of the consumers and to ensure regular supply of gas cylinders and the time by which demand of new consumers is likely to be met ?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA) : (a) The details are as follows :—

Area	Number of cooking gas consumers	
	Indian Oil Corporation	Hindustan Petroleum Corporation (Successors of ESSO)
Surat city	15,250 (approx.)	13,360
Surat District (Excluding Surat city) . . .	Not marketing LPG in areas outside Surat city.	9,000 (approx.)

The demand for cooking gas in entire Surat district has been estimated to be about 54,000 customers.

(b) and (c) During the period between September 1977 to December 1977, in Surat area due to restricted availability of LPG. After the truth around of the Hindustan Petroleum Corporation Refinery in October/November, 1977 and subsequent commissioning of the Catalytic Debottlenecking Project, at the HPC Refinery, the LPG availability position has improved in Surat area. While the refill requirement of existing customers in the country are generally being met in full, the present demand for new gas connections in the country is far in excess of the availability based on current LPG production in the refineries. Availability of the product is expected to improve in the next 2 to 3 years when it will be possible to enroll more customers.

BOOK STALL CONTRACT

2704. SHRI HARGOVIND VERMA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether M/s. A. H. Wheeler & Co. pay 2½ per cent of royalty to Government on account of bookstall contracts;

(b) if so, whether the employees working on the bookstalls are ready to pay 5 per cent of royalty for the same contract; and

(c) if so, the reasons for which the contract of the bookstalls is not given to them ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) Yes.

(b) & (c) Royalty at the rate of 2½ per cent on the total sales turnover is paid by other bookstall contractors also except petty bookstall contractors who pay lumpsum licence fee at a lower rate. Since the present term of A. H. Wheeler & Co. and other 2 major bookstall contractors is valid upto 31-12-84, any proposal for allotment of these bookstalls to others cannot be considered at present.

भुवनेश्वर से दिल्ली के लिये नई गाड़ियां चलाने का प्रस्ताव

2705. **श्री पद्माचरण सामन्त सिंहेरा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार भुवनेश्वर से नई दिल्ली के लिए कोरोमंडल एक्सप्रेस जैसी नई और तेज गति की गाड़ी चलाने के प्रश्न पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो कब ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

लोहे के स्लीपरों के स्थान पर आर० एस० स्लीपर्स

2706. **श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार वर्तमान ढलवां लोहे के स्लीपरों के स्थान पर आर० एस० स्लीपर लगाने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं;

(ग) किन क्षेत्रों में ऐसा परिवर्तन कार्य शीघ्र आरम्भ किया जायेगा; और

(घ) ऐसे परिवर्तन से होने वाले लाभों का ब्यौरा क्या है तथा स्लीपरों के परिवर्तन के अन्तर्गत लाये जाने वाले क्षेत्रों पर कितनी धनराशि खर्च होगी ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) ढलवां लोहे के स्लीपरों के स्थान पर रौल्ड इस्पात के स्लीपरों के प्रयोग की व्यावहारिकता की जांच अभी प्रारम्भिक अवस्था में है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

APPROVAL FOR SETTING UP OF A DRUG FACTORY IN RAJASTHAN

2707. SHRI CHATURBHUJ : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Central Government have given its approval for the setting up of a drug factory by Rajasthan State Industrial and Mineral Development Corporation and Indian Drugs and Pharmaceuticals Ltd.:

(b) if so, the capital to be invested in the factory;

(c) the number of people who will get the employment;

(d) the drug to be produced there;

(e) the time by which it would start functioning; and

(f) whether Government propose to set up this factory in District Jhalawar which is very backward and where but has a large number of educated unemployed youths and where land, water and power are available in abundance and is surrounded by hills and herbs are also available and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA) : (a) The proposal of IDPL to set up a Joint Sector formulation unit in Jaipur (Rajasthan) in Joint participation with Rajasthan State Industrial and Mineral Development Corporation is under consideration of Government.

(b) The capital cost of the proposed Joint Sector project of IDPL and RIMDC is estimated at Rs. 94.85 lakhs including working capital margin of Rs. 14.62 lakhs.

(c) The proposed project envisages employment of 150 people.

(d) The proposal envisages production of following categories of drug formulations :—

Tablets	..	300 million per annum
Liquid Orals	..	120 Kilo Ltrs. per annum
Ampoules	..	5 million per annum
Transfusion bottles	..	0.5 million per annum

(e) The project envisages commissioning of the drug formulation activities in 1½ years from the date of the sanction by the Government.

(f) No, Sir. The project is proposed to be set up at Jaipur, since the successful operation of a modern pharmaceutical unit requires ready access to facilities such as medical and pharmacy colleges, research institutions and libraries in addition to ready availability of a large number of low value ancillary materials, chemicals, bulk drugs, intermediates, packing materials like bottles, foils, cartons, boxes, labels and caps, etc. The district of Jhalawar does not appear to have the necessary infra-structure for the successful operation of the drug formulation unit.

कोटा और लखनऊ के बीच अवध एक्सप्रेस का चलाया जाना

2708. **श्री रामकंवार बेरवा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कोटा और लखनऊ के बीच अवध एक्सप्रेस रेल गाड़ी चलाने का निर्णय किया है; और

(ख) यदि हां, तो इस निर्णय को कब तक कार्यरूप दिया जाएगा, यह रेल गाड़ी किन-किन स्टेशनों पर रुकेगी और क्या इस रेल गाड़ी का नाम बदलकर चम्बल एक्सप्रेस कर दिया गया है और इसका क्या ब्यौरा है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी नहीं। लेकिन, 63 अप/64 डाउन अवध एक्सप्रेस को, मई 1978 में किसी समय से गंगापुर सिटी तक/से बढ़ाने का प्रस्ताव है।

(ख) बढ़े हुए भाग पर यह गाड़ी बयाना, फतेहपुर सीकरी तथा ईदगाह आगरा में रुकेगी। इस गाड़ी का नाम बदलकर चम्बल एक्सप्रेस कर देने का कोई विचार नहीं है।

तेल भंडारों की खोज

2709. **श्री नटवरलाल बी० परमार :** क्या **पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) देश में तेल के भंडारों के लिए किन-किन स्थानों पर खोज कार्य किया जा रहा है;

(ख) क्या खोज कार्य भारतीय प्रौद्योगिकी द्वारा स्वदेशी तकनीकी ज्ञान के आधार पर किया जा रहा है अथवा विदेश प्रौद्योगिकी के सहयोग से; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में विवरण क्या है?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) ओ० एन० जी० सी० इस समय गुजरात में सरभन और पिसवाड़ा, उत्तर प्रदेश में पूरनपुर, हिमाचल प्रदेश में रामशहर, पश्चिम बंगाल में डाइमण्ड हार्बर और असम में चारगोला नामक छः नये स्थानों पर अन्वेषी व्यधन कार्य कर रहा है। इसके अतिरिक्त अपतटीय क्षेत्र की दो नयी संरचनाओं में अन्वेषी व्यधन कार्य किया जा रहा है।

आयल इंडिया लिमिटेड, अरुणाचल प्रदेश के कारसन क्षेत्र के कामची नामक नये स्थान पर अन्वेषी व्यधन कार्य कर रही है।

(ख) और (ग) विभिन्न तटवर्ती क्षेत्रों में भारतीय तकनीशियनों द्वारा तेल अन्वेषण सर्वेक्षण कार्य और व्यधन कार्य और परीक्षण संचालन कार्य किये जा रहे हैं। अपतटीय क्षेत्रों में भूभौतिकीय सर्वेक्षण ओ० एन० जी० सी० के सर्वेक्षण जहाज 'अन्वेषक' द्वारा किये जा रहे हैं और इसका आयोजन उसके अपने तकनीशियनों द्वारा किया जाता है। जर्मन फर्म मैसर्स प्राकला कृष्णा गोदावरी बेसिन का अपतटीय सर्वेक्षण कार्य ठेके पर कर रही है।

अपतटीय क्षेत्रों में भी व्यधन संचालन कार्य तीन व्यधन जहाजों (ड्रिलशिप) द्वारा किया जा रहा है जिनमें से एक ओ० एन० जी० सी० का है और उसी के द्वारा इसका संचालन किया जा रहा है। और अन्य दो जहाज विदेशी कम्पनियों से किराये पर लिये गये हैं। ओ० एन० जी० सी० के व्यधन कार्य और भूवैज्ञानिकों और तकनीशियनों को इन दो किराये पर लिये गये व्यधन जहाजों को व्यधन और परीक्षण कार्य संचालन में सहयोजित किया जा रहा है।

बठनाहा से सिलीगुड़ी तक रेल लाइन

2710. **हलीमुद्दीन अहमद :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल मंत्री स्वर्गीय श्री एल० एन० मिश्रा के समय में पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के अन्तर्गत फोरबिसगंज अथवा बठनाहा से सीलीगुड़ी तक रेल लाइन बिछाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन था;

(ख) क्या स्थान चयन सर्वेक्षण कराया गया था और प्राक्कलन भी तैयार किए गए थे यदि हां, तो इस समय कार्य किन चरणों में है और उसके कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ग) क्या यह सच है कि प्रस्ताव के अन्तर्गत आने वाला क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ तथा अल्पविकसित है और एक महत्वपूर्ण पटसन उत्पादन केन्द्र है; और

(घ) क्या सरकार का विचार पटसन उत्पादकों की सफलतापूर्वक ढुलाई के विचार से यह रेल लाइन बिछानेका है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख) जी नहीं।

(ग) और (घ) लोगों को मालूम है कि यह क्षेत्र कृषि प्रधान है और यहां पटसन की उपज होती है परन्तु धन की अत्यधिक तंगी के कारण तथा इस बात को ध्यान में रखते हुए कि पहले से किये गये अनेक वायदों को पूरा करना है, फिलहाल इस रेल लाइन का निर्माण हाथ में लेना सम्भव नहीं है।

विद्युत वाणिज्यिक विभाग

2711. **श्रीमती पार्वतीकृष्णन : क्या रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कार्यभार बढ़ने के उपरान्त भी विद्युत वाणिज्यिक विभाग में पद समाप्त किये जा रहे हैं;

(ख) क्या इसके साथ-साथ अधिकारियों तथा पर्यवेक्षकों की संख्या बढ़ा जा रही है; और

(ग) तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) केवल निम्नलिखित कुछ पदों का उनके समकक्ष निम्न श्रेणी के पदों का अभ्यर्पण करके अगस्त 1974 से (जब से पदों पर प्रतिबन्ध लगा था) सृजन किया गया है :--

	बिजली	वाणिज्य
प्रवर वेतनमान . .	5	2
कनिष्ठ वेतनमान/श्रेणी II . . .	4	7

ऐसी ही सूचना श्रेणी III के प्रवर पर्यवेक्षण पदों के सम्बन्ध में इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

तेल शोधक कारखानों में अधिक कर्मचारी

2712. **श्री ए० के० राजन :** क्या **पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि इंडियन आयल के अधीन तेल शोधक कारखानों में आवश्यकता से अधिक कर्मचारी हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और सरकार का विचार समस्या का किस प्रकार समाधान करने का है?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) इंडियन आयल कारपोरेशन के अधीन चार शोधनशालाओं में गोहाटी और बरौनी शोधनशालाओं में कुछ अधिशेष स्टाफ पाया गया है?

(ख) उक्त दो शोनधशालाओं में पाये गये अधिशेष स्टाफ की संख्या इस प्रकार है:

गोहाटी शोधनशाला . . .	155 कामगार
बरौनी शोधनशाला . .	659 कामगार

गुहाटी शोधनशाला में अधिशेष स्टाफ के 63 कामगार शोधनशाला के सुरक्षा विभाग से सम्बन्धित हैं जो केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल के मिलाने के परिणामस्वरूप जनवरी 1977 में अधिशेष माना गया था।

सभी अधिशेष कर्मचारियों के ब्यौरे रोजगार और प्रशिक्षण महानिदेशक द्वारा समय-समय पर विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों में वहां की आश्यकताओं के अनुसार यथासम्भव खपाने के लिए अधिसूचित किये जाते है।

परिवहन कर्मचारी

2713. **श्री राम प्रकाश त्रिपाठी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सभी भारतीय रेलवे में जोनवार परिवहन कर्मचारियों की पदोन्नति का माध्यम क्या है;

(ख) क्या यह प्रत्येक जोन में अल-अलग है; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

गुजरात द्वारा अशोधित तेल की सप्लाई के लिये भुगतान के तरीके में परिवर्तन

2714. **श्री विनोदभाई वी० सेठ :** क्या **पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार गुजरात द्वारा सप्लाई किये गये अशोधित तेल के लिए भुगतान के तरीके में संशोधन करने पर विचार कर रही है जो 'मीट्रिक टन' आधार पर की बजाये 'मूल्यानुसार' आधार पर किया जाएगा;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार को इस बारे में गजरात सरकार से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ग) क्या भुगतान के तरीके में कोई परिवर्तन भूतलक्षी प्रभाव से लागू किया जायेगा; यदि नहीं तो क्यों नहीं?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क), (ख) और (ग) संभवत: यह प्रश्न अशोधित तेल की रायल्टी से सम्बन्धित है। अशोधित तेल की

रायल्टी दर अन्य बातों के साथ-साथ अशोधित तेल के देशी उत्पादकों के लिए कुआं शीर्ष अथवा तेल क्षेत्र पर अनुमत बिक्री दर को ध्यान में रखते हुए, जैसा भी मामला हो, तय की जाती है। अशोधित तेल और कैसिंग हैड कनडैन्वेट के लिए रायल्टी की दर की 8 सितम्बर 1976 से 15 रुपये प्रति मी० टन से बढ़ाकर 42 रुपये प्रति मी० टन तक कर दिया गया था।

गुजरात सरकार ने सुझाव दिया है कि रायल्टी की दर की समान किस्म के मध्य पूर्वी कच्चे तेल के पूर्ण रूप से अंकित मूल्य अथवा भारतीय शोधनशालाओं द्वारा देय पूल मूल्य के आधार पर कम से कम 10 प्रतिशत पर तय किया जाना चाहिये। तेल क्षेत्र (विनियमन तथा विकास) अधिनियम 1948 के उपबन्धों के अन्तर्गत रायल्टी की दर चार वर्ष में मात्र एक बार बढ़ाई जा सकती है।

EXPENDITIOUS DISPOSAL OF ELECTION DISPUTES

†2715. SHRI YUVRAJ : Will the Minister of **LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS** be pleased to state :

(a) whether steps are proposed to be taken to have arrangements for expeditious disposal of election disputes and for cutting down election expenses.

(b) if so, by what time; and

(c) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI NAR SINGH) : (a), (b) and (c) There is no statutory time-limit fixed under the Election Law for the disposal of election petitions. However, section 86(7) of the Representation of the People Act, 1951, provides that every election should be tried as expeditiously as possible and an endeavour should be made to conclude the trial within six months from the date on which the election petition is presented to the High Court for trial. The question of cutting down of election expenses is being examined in the context of electroral reform. It will take some time before decisions are taken in the matter.

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों का वेतन निर्धारण

2716. **श्री किशोर लाल** : क्या **पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड इस कम्पनी में सेवा आरम्भ करने वाले केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के वेतन के निर्धारण के मामले में सरकारी मूल और अनुपूरक नियमों के आधार पर अपनी कार्मिक नीति का अनुसरण करती है;

(ख) क्या वेतन निर्धारण के कुछ मामलों पर कार्मिक नीति उपलब्ध न होने पर मूल नियमों और अनुपुरक नियमों का अनुसरण किया जायेगा; और

(ग) मूल नियमों/अनुपूरक नियमों के लागू न होने पर अन्य कौन-कौन से नियम लागू होते हैं ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवतीनन्दन बहुगुणा) : (क), और (ग) जी हां। जिन केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों ने कम्पनी में प्रतिनियुक्ति के आधार पर कार्यभार सम्भाला या जिनके पद ग्रहणाधिकार उनके मूल सरकारी विभाग में सुरक्षित रखे गये

थे, उनके वेतन का निर्धारण उन पर लागू होने वाले नियमों, मूल तथा पूरक नियमों के अनुसार था जो नियम सरकारी कर्मचारियों के मूल कार्यक्रम में लागू होते हैं, के अनुसार किया जाता है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

RAILWAYS PASSES TO SADHUS, ETC.

†2717. SHRI SURENDRA JHA SUMAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government propose to include the moral and spiritual preaching 'Sadhus', 'Saints', 'Peers' and missionaries in the scheme, under which public workers, engaged in educational, social and cultural activities are provided railway passes;

(b) if so, the criteria to be adopted therefor; and

(c) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a), (b) & (c). Government have laid down the following broad guidelines for the issue of complimentary passes :—

(i) Institutions and organisations devoted to social, cultural, scientific, literary, sports and educational activities and whose work is of an all-India character.

(ii) Organisations devoted to the welfare of Scheduled Castes, Scheduled Tribes, backward and neglected sections, women, blind and handicapped persons, etc.

(iii) Eminent persons engaged in work of national importance for which they are required to undertake frequent journeys.

Based on these criteria, complimentary card passes are issued only to the persons/organisations covered by these guidelines on the merits of each case.

इंजिनियर्स इंडिया एसोसिएशन, नई दिल्ली के सदस्यों द्वारा भूख हड़ताल

2718. **श्री गंगाधर अप्पा बुरांडे : क्या पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या सरकार को पता है कि इंजीनियर्स इंडिया एसोसिएशन के सदस्यों ने कर्मचारियों की छंटनी के विरोध में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के सामने धरना और अनिश्चित भूख हड़ताल प्रारम्भ कर दी है; और

(ख) यदि हां, तो उनकी बाहाली के लिये क्या उपाय किये गये हैं ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवतीन नन्दन बहुगुणा) : (क) जी, हां। इन्जीनियर्स इण्डिया लिमिटेड कर्मचारी संघ, भटिण्डा के सदस्यों ने, विशेषकर निर्माणकार्य के कार्मिकों के वर्ग 8 और 9 के कर्मचारियों ने, जिनकी नौकरी भटिण्डा स्थित एक विशिष्ट परियोजना अवधि के लिए बिल्कुल अस्थायी है, इन्जीनियर्स इंडिया लिमिटेड में अपने आपको खपाने/रोजगार को बरकरार रखने से सम्बन्धित मांग लेकर 6 फरवरी, 1978 से सांकेतिक भूख हड़ताल से "धरना" आरम्भ कर दिया। अब इस धरने को 1 मार्च, 1978 से समाप्त कर दिया गया है।

(ख) ई० आई० एल० ने भटिण्डा उर्वरक परियोजना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से अपने किसी भी कर्मचारी को अभी तक निकाला नहीं है। ई० आई० एल० की नीति के अनुसरण में प्रस्तावित विशिष्ट परियोजना की अवधि की समाप्ति पर उन्हें निकाला ही जायेगा।

गुजरात में पेन्टाक्रिथोटॉल" बनाने के लिये रासायनिक संयंत्र

2719. **श्री शरद यादव:** क्या **पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने गैर-सरकारी क्षेत्र के एक उद्योग समूह को गुजरात राज्य में विदेशी तकनीकी जानकारी के साथ "पेन्टाक्रिथीटॉल" बनाने के लिये एक रासायनिक संयंत्र लगाने की अनुमति दी है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त अनुमति सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और यह किसे दी गई है ;

(ग) उक्त आवेदक को प्रस्तावित परियोजना के लिये संयंत्र एवं मशीनरी का भारी माता में आयात करने की अनुमति देने के क्या कारण हैं जबकि उक्त परियोजना के लिये संयंत्र भारत में ही स्वदेशी रूप से उपलब्ध हैं ;

(घ) क्या सरकार द्वारा फीस आदि की अदायगी के विदेशी मुद्रा में करने के बारे में कम्पनी का अनुरोध न मानने के बावजूद गैर-सरकारी क्षेत्र द्वारा अनुमति की शर्तें मान ली गई हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और क्या सरकार यह नहीं समझती कि उक्त पार्टी के पास गैर-कानूनी रूप से विदेशी मुद्रा होगी क्योंकि सहयोग सम्बन्धी संशोधित शर्तें पार्टी द्वारा स्वीकार कर ली गई हैं ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) और (ख) मैसर्स कनोरिया कैमिकल्स एण्ड इन्डस्ट्रीज लि० को प्रतिवर्ष 1200 मी० टन पेंटेक्रिथीटॉल के उत्पादन के लिए गुजरात राज्य में नए औद्योगिक उपक्रम स्थापित करने के लिए आशय पत्र दिनांक 31 दिसम्बर 1977 अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शर्तों पर मंजूर किया गया था :——

(i) किसी विदेशी सहयोग को अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) प्लांट और मशीनरी का आयात सरकार की संतुष्टि के अनुसार किया जाएगा।

(iii) प्रस्तावित उपक्रम के लिए निश्चित स्थान का निर्णय राज्य सरकार की संतुष्टि के अनुसार किया जाएगा।

(ग) प्रायोजना के लिए प्लांट और मशीनरी के आयात की अनुमति नहीं दी गई है।

(घ) पार्टी ने आशय पत्र की शर्तों को स्वीकार कर लिया है। तथापि, पार्टी ने यह बताया है कि यदि स्वदेशी प्रौद्योगिकी उपलब्ध नहीं हुई तो वे इस प्रायोजना के लिए प्रौद्योगिकी का आयात करने के बारे में सरकार की अनुमति प्राप्त करेंगे। पार्टी से अब तक प्रौद्योगिकी के आयात के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन सरकार ने आशय पत्र में विदेशी सहयोग के बारे में अपने विचार पहले ही व्यक्त कर दिए हैं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

रेलवे कर्मचारियों का बोनस के लिये हकदारी

2720. **श्री एस० आर० दामाणी** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बोनस के प्रश्न पर सरकार के टाल मटोल करने वाले दृष्टिकोण से रेलवे कर्मचारी असंतुष्ट हैं विशेष रूप से इसलिए कि रेल मंत्री ने किसी समय स्वयं बोनस की हकदारी के लिये रेलवे कर्मचारियों के अधिकार के लिये आन्दोलन छेड़ा था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि अनुग्रहपूर्वक भुगतान करने के लिये मंत्री महोदय द्वारा अपना वचन पूरा न किये जाने पर रेलवे कर्मचारियों में अधिक निराशा उत्पन्न हुई है; और

(ग) रेलवे कर्मचारियों के कार्यकरण पर इस निराशा से क्या प्रभाव पड़ा है और इस वर्ष होने वाली बहुत-सी रेल दुर्घटनायें इसके लिये कहां तक जिम्मेदार थीं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) यद्यपि बोनस के मामले में रेल कर्मचारियों में भारी असंतोष विद्यमान है, विभिन्न रेलवे यूनियनों के साथ आयोजित बैठकों में, रेल कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को इस बात से अवगत कराया गया है कि इस समय रेलों को बोनस अधिनियम की परिधि से बाहर रखा गया है । सर्वप्रथम कार्रवाई के रूप में, सरकार ने बोनस अधिनियम की आपातकाल से पूर्व की व्यवस्था को पुनः स्थापित किया । सभी क्षेत्रों में वेतन, आय और मूल्यों के बारे में राष्ट्रीय नीति तैयार करने के लिए सरकार द्वारा पहल से ही नियुक्त अध्ययन दल की रिपोर्ट प्राप्त होने और उसका व्यापक अध्ययन कर लेने के बाद ही रेल कर्मचारियों को बोनस के भुगतान की मांग पर विचार किया जायेगा ।

(ख) अप्रैल 1977 के बाद से शानदार कार्य निष्पादन की सराहना के रूप में रेल कर्मचारियों के अनुग्रह के आधार पर भुगतान के प्रस्ताव की जांच की गयी थी, लेकिन इस प्रकार की कार्रवाई से अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारियों की व्यापक प्रतिक्रिया के कारण इस प्रस्ताव पर आगे कोई कार्रवाई नहीं की गयी थी । इसके बदले में रेलवे राजस्व से रेल कर्मचारियों की सुविधाओं और कल्याण पर व्यय करने के लिए 15 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत कर दी थी । यह उस राशि के अलावा है जिसकी 1977-78 के बजट में व्यवस्था की गयी थी ।

(ग) यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि रेल कर्मचारियों को बोनस का भुगतान न करने के कारण रेल के संचलन पर प्रभाव पड़ा है या इसी वजह से रेलों पर दुर्घटनाओं की संख्या में कोई वृद्धि हुई है ।

रेलव बोर्ड के सहायकों की ओर से ज्ञापन

2721. **श्री लखन लाल कपूर** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे बोर्ड के ऐसे सहायकों की ओर से जिन्हें रेलवे बोर्ड सचिवालय क्लैरीकल योजना के अन्तर्गत यू० डी० सी० के पद पर स्थाई किया गया था उन्हें उनके जूनियर कर्मचारियों से प्राथमिकता देकर जिन्हें गलती से पदोन्नत किया गया था तथा उच्चतम

न्यायालय के फैसले के अनुसार जिन्हें बाद में पदावनत कर दिया गया था, उनके वेतन के 'प्रोफार्मा'' निर्धारण के बारे में कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इस बोर्ड के कार्यालय के प्रभावग्रस्त कर्मचारियों की कठिनाइयों को दूर करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(ग) इस मामल में अंतिम निर्णय करने में विलम्ब के क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण): (क) से (ग) वेतन के प्रोफार्मा फिक्सेशन किये जाने के सम्बन्ध में कुछ कर्मचारियों के इस आशय के अनुरोध पर कि उनसे कनिष्ठ कर्मचारियों को अपर श्रेणी लिपिक के रूप में पदोन्नत किया गया था और बाद में पिछली तारीखों से उन्हें सहायक के रूप में पदोन्नत कर दिया गया, अनेक बार विचार किया गया लेकिन यह बात इस आधार पर नहीं मानी गयी कि उक्त पदोन्नतियां तदर्थ आधार पर की गयी थीं और तदर्थ पदोन्नतियों के कारण वेतन में प्रोफार्मा फिक्सेशन नहीं दिया जाता। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित कर्मचारियों का दावा कार्यालय परिषद में और बाद में विभागीय परिषद में भी उठाया गया था लेकिन सरकारी प्रतिनिधि, कर्मचारियों की मांग से सहमत नहीं हो सके। इस सहमति को ध्यान में रखते हुए, मौजूदा कार्यविधि के अनुसार यह मालमला मंत्रियों की एक समिति को सौंप दिया गया है। समिति ने अभी तक अपनी सिफारिश नहीं दी है क्योंकि एक या दूसरे मंत्री की पूर्व व्यस्तता के कारण अभी तक बैठक नहीं हो सकी है।

किण्वित (फर्मेंट) अलकोहल युक्त पेय बनाने के लिये सीरे का उपयोग

2722. **डा० सुशीला नायर** : क्या **पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सीरा, जो पावर अलकोहल के उत्पादन के लिये प्रयुक्त किया जा सकता है, किण्वित अलकोहल युक्त पम्प बनाने के लिये प्रयोग में लाया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इसे रोकने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं अथवा उठाए जाने का विचार है ;

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

SALE OF SHARES OF SWADESHI COTTON MILLS AND SWADESHI POLYTEX TO THAPERS

2723. SHRI UGRASEN : Will the Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether all the shares of Swadeshi Cotton Mill, Kanpur and Swadeshi Polytex, Ghaziabad, U.P. which were mortgaged with Government of Uttar Pradesh. have been sold to the Thapers a leading industrialist of the country;

(b) the total value of the shares of Swadeshi Polytex sold; and

(c) the effect thereof on the payment of wages, gratuity, bonus and other arrears to workers ?

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI SHANTI BHUSHAN) : (a) and (b) It appears that the reference is about the shares held by Swadeshi Cotton Mills Co. Ltd., Kanpur, in Swadeshi Polytex Ltd., Ghaziabad. As already stated in reply to Unstarred Question No. 111 answered on 21st February, 1978, from the available information it appears that the Collector, Kanpur who had seized 10 lakh equity shares of Swadeshi Polytex Ltd. held by Swadeshi Cotton Mills Co. Ltd. for realisation of electricity dues has accepted the offer of Ballarpur Industries Ltd., a company belonging to the Thapar Group of companies, for a sum of Rs. 5 crores subject to the clearances being obtained by it under the Companies Act and the M.R.T.P. Act. Acquisition of the above shares would require the approval of the Central Government under Section 108A and Section 372(4) of the Companies Act. No proposal from Ballarpur Industries Limited for acquisition of the above mentioned shares has been received by Government so far.

(c) As the shares have not been sold so far, the question of any effect of the sale on the payment of wages, gratuity, bonus and other arrears to workers does not arise at present.

ग्रासाम में मीटर गेज लाइन को बड़ी लाइन में बदलना

2724. **श्री पी० कानन :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारी उपकरणों को ले जाने के लिये बड़ी लाइन का मार्ग न होने के कारण तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग का कार्य विशेष रूप से ग्रासाम में रुका पड़ा हुग्रा है; ग्रौर

(ख) यदि हां, तो तेल की खोज के महत्वपूर्ण कार्य को सुविधाजनक बनाने के लिये मीटर गेज लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिये क्या योजनायें बनाई गई हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) ग्रौर (ख) तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग ने ग्रसम में बड़ी लाइन के विस्तार के सम्बंध में रेल मंत्रालय से कोई बातचीत नहीं की है। लेकिन न्यूबोंगाईगांव से गुवाहाटी तक बड़ी लाइन के विस्तार का काम पहले से ही शुरू है।

नेशनल फेडरेशन ग्राफ इंडियन रेलवेमैन द्वारा प्रस्तावित हड़ताल

श्री प्रद्युम्न बल
श्री समर मुखर्जी : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान दिनांक 2 फरवरी 1978 के टाइम्स आफ इंडिया प्रकाशित इस ग्राशय के समाचार की ग्रोर दिलाया गया है कि नेशनल फेडरेशन ग्रफ इंडिया रेलवेमैन बोनस, मंहगाई भत्ता तथा न्यूनतम मजूरी हेतु ग्रपनी मांगों पर जोर देने के ... कोई 'ग्रनिश्चितकालीन हड़ताल' करने पर विचार कर रहा है, ग्रौर

(ख) यदि हां, तो इस निर्णय के प्रति सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ग्रौर इस संकट को दूर करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी हां।

(ख) नेशनल फेडरेशन ग्राफ यूनियन रेलवेमैन के साथ विचार-विमर्श किया गया है ग्रौर उठाये गये विभिन्न मुददों पर सरकार की प्रतिक्रिया को विस्तार पूर्वक स्पष्ट कर दिया

गया है । कुछ मुद्दों पर पहले ही निर्णय लिया जा चुका है जिसकी घोषणा भी की जा चुकी है ।

सरकार इस पर निगाह रखे हुए है और यह आश्वस्त कर देना चाहती है कि विचार विमर्श और आपसी बातचीत के लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं।

सोनपुर-पहलेजाघाट मीटरगेज लाइन को बदलना

2726. **श्री द्वारिका नाथ तिवारी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को नरकटियागंज मोतीहारी सैक्शन से पटना जाने वाले यात्रियों की कठिनाइयों का पता है चूंकि उनको यात्रा के दौरान चार स्थानों पर गाड़ियां बदलनी पड़ती हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकर का विचार सोनपुर-पहलेजाघाट मीटर गेज लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का है ; और

(ग) यदि हां, तो कब ? 21

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) :(क) जी हां।

(ख) और (ग) सोनपुर से पहलेजाघाट तक एक मिलीजुली लाइन बनाने का विनिश्चय किया गया है । कार्य की प्रगति धन की उपलब्धता पर निर्भर करेगी।

RAILWAY LINE FROM LALITPUR TO MIRZAPUR

†2727. SHRI LAXMI NARAIN NAYAK : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether a petition duly signed by some members of Parliament was submitted to him on the 23rd December, 1977 demanding construction of a new railway line from Lalitpur to Mirzapur via Tikamgarh, Chattarpur, Khajuraho, Panna, Satna, Rewa;

(b) when survey work thereon is likely to commence; and

(c) whether survey between Satna and Rewa has been completed.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) Yes. Preliminary engineering-cum-traffic survey for construction of a new line from Lalitpur to Singrauli via Khajuraho, Satna and Rewa has been included in the Budget for 1978-79.

(b) The survey work will be taken up during 1978-79 after the Parliament has approved the proposal.

(c) A traffic survey was carried out in 1973 for a 127 Kms. long new line from Satna to Beohari via Rewa which would have linked Beohari, Rewa, Singrauli and Mirzapur. The line was estimated to cost Rs. 19 crores on a very approximate basis and was expected to yield a return of 1.5% in the sixth years.

प्रत्येक राज्य में कीटनाशी औषध संयंत्रों की स्थापना

2728. **श्री नरेन्द्र सिंह :** क्या **पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार प्रत्येक राज्य में कीटनाशी औषध संयंत्र स्थापित करने के प्रश्न पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो इन संयंत्रों के कब तक स्थापित होने की सम्भावना ह तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) :(क) और (ख) ठीक समय पर अपेक्षित क्वालिटी तथा उचित मूल्य पर कीटनाशी औषधों की अच्छी उपलब्धि को सुनिश्चित करने के विचार से, मुख्य मन्त्रियों से अनुरोध किया गया था कि एग्रों इंडस्ट्रीज कारपोरेशन आदि राज्य एजेन्सियों द्वारा सूत्रयोग एककों की स्थापना के लिए प्रस्ताव भेजें। हिन्दुस्तान इंसेक्टिसाइडस लि० भी देश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में कीटनाशी सूत्रयोग यंत्रों की स्थापना पर विचार कर रही है । उनका दक्षिणी राज्यों के पूर्व क्षेत्र के राज्य तथा उत्तर प्रदेश आदि के स्टेनश एग्रो इण्डस्ट्रीज कारपोरेशन के साथ भी संयुक्त उद्यम का स्थापना करने का विचार है । इस सम्बन्ध में अभी ब्यौरे तैयार किये जाते हैं।

मद्रास-हावड़ा जनता एक्सप्रेस की मालगाड़ी के साथ टक्कर

श्री आर० बी० स्वामीनाथन
श्री चन्द्रशेखर सिंह : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मद्रास-हावड़ा जनता एक्सप्रेस के 9 फरवरी, 1978 को हैदराबाद में एक खड़ी हुई मालगाड़ी के पिछले हिस्से के साथ टक्कर लगने से छह व्यक्ति मरे और 11 व्यक्ति जख्मी हुए थे ;

(ख) यदि हां, तो इस दुर्घटना का ब्यौरा क्या है;

(ग) इसके परिणामस्वरूप कुल कितनी हानि हुई;

(घ) ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिये क्या कदम उठाये गये है ;

(ङ) इन रेल दुर्घटनाओं के कारण मार्च, 1978 तक कितने व्यक्ति मरे और जख्मी हुए ; और

(च) इन दुर्घटनाओं के कारण रेलवे को कितनी हानि हुई ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग) 9-2-1978 को लगभग 12.24 बजे गाड़ी नं० 38 डाउन मद्रास हावड़ा जनता एक्सप्रेस जो अनुसूची के अनुसार दक्षिण मध्य रेलवे के वेदयपालेम स्टेशन पर डाउन मुख्य लाइन होकर रन थ्रू जानी थी, जैसे ही उस स्टेशन की डाउन लूप लाइन पर आई, उस लाइन पर खड़ी एक मालगाड़ी के पिछले हिस्से से टकरा गई ।

इस दुर्घटना में 8 यात्री और 2 रेल कर्मचारी मारे गये थे और अन्य 12 व्यक्ति घायल हुए जिनमें से 8 गम्भीर रूप से घायल हुए थे । रेल सम्पत्ति को हुई क्षति की लागत का अनुमान लगभग 10,02,000/- रुपये लगाया गया है ।

(घ) चूंकि रेल कर्मचारियों की गलती ही एक मात्र ऐसा कारण है जिसके फलस्वरूप सर्वाधिक दुर्घटनाएं हुई, इसलिए गाड़ियों के चालन से सम्बन्ध कर्मचारियों के बीच संरक्षा के प्रति अधिक चेतना जागृत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि कर्मचारी नियमों का उल्लंघन न करें तथा लाघव विधियां न अपनाएं, रेलों के संरक्षा संगठनों ने एक अनवरत

अभियान चलाया है । मिया भाय पंचाट और 10 घटे ड्यूटी नियम को कार्यान्वित करने के लिए गाड़ियों के चालन से सम्बन्धित परिचालनिक कोटियों के 10,000 अतिरिक्त पदों और रनिंग कर्मचारियों के 2700 अतिरिक्त पदों को स्वीकृति दी जा चुकी है ।

कर्मचारियों पर निर्भरता को कम करने के लिए पहियों, धुरों और पटरियों के लिए अल्ट्रासानिक फ्ला डिटेक्टर्स, रेल पथ परिपथन स्वत: चेतावनी प्रणाली, आदि अनेक परिष्कृत सहायक विधियों को उत्तरोत्तर व्यवहार में लाया जा रहा है ।

हाल ही में यह विनिश्चय किया गया है कि 31-3-1978 तक 50 स्टेशनों पर और 1981 तक शेष 430 स्टेशनों पर रन थ्रू लाइनों के रेल पथ परिपथन की व्यवस्था कर दी जाये । इसके अतिरिक्त 31-3-1978 तक 25 भेदय स्टेशनों पर और अन्य 75 स्टेशनों पर आगामी डेढ़ वर्ष में फाउलिंग मार्ग से एडवांस्ड स्टार्टर तक रेल-पथ परिपथन का काम पूरा हो जायेगा ।

(ङ) और (च) वर्ष 1977-78 (फरवरी, 1978 तक) के दौरान भारतीय रेलों पर टक्कर होने, पटरी से उतरने, सम पार दुर्घटनाओं, गाड़ियों में आग लगने जैसी गाड़ी दुर्घटना की कोटियों में 2890 व्यक्ति मारे गये और 713 घायल हुए । इन दुर्घटनाओं में रेल सम्पत्ति को लगभग 3,53,93,813/- रुपये मूल्य की क्षति पहुंचने का अनुमान लगाया गया है ।

CANDIDATES FOR R.P.F.

†2730. SHRI CHANDRA SHEKHAR SINGH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether the candidates for recruitment to Railway Protection Force in Junior Institute Jhansi were manhandled and pushed out by the Railway Protection Force Jawans on the 18th January, 1978 and the candidates went back without taking any interview; and

(b) if so, the causes of the incident ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) & (b) On 18-1-1978 about 8,000 to 10,000 candidates assembled in the Junior Institute at Jhansi at about 10.00 hours for recruitment to the post of Rakshaks. Before the selection could take place, the candidates broke the line with a view to take the first opportunity and started pushing each other, became disorderly and started fighting each other by pelting stones and hurling shoes. The crowd tried to surround the officers engaged in the recruitment. The Police was called to control the mob. The recruitment was therefore, cancelled due to the chaotic condition all-round.

राज्यों में रेलवे का विकास

2731. **श्री रणजीत सिंह :** क्या **रेल** मंत्री निम्नलिखित जानकारी देने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रखेंगे ;

(क) प्रत्येक राज्य में स्वाधीनता के बाद बिछाई गई रेलवे लाइनों का ठीक-ठीक ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या उन्होंने प्रत्येक राज्य में समान रेलवे सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए कुछ कदम उठाने का विचार किया है ताकि सभी राज्यों की अर्थ-व्यवस्था में समता के आधार पर सुधार हो सके; और

(ग) यदि हां, तो उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निर्माण हेतु कौन-कौन सी नई रेलवे लाइनें शुरु की गई हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) रेलों के आंकड़े राज्यवार नहीं रखे जाते हैं । अत: यह सूचना देना सम्भव नहीं है ।

(ख) और (ग) देश के पिछड़े क्षेत्रों में रेल लाइनों के निर्माण के लिए एक नयी नीति सरकार के विचाराधीन है । जैसे ही नीति को अंतिम रूप दे दिया जायेगा, संसद में इसे घोषित कर दिया जायेगा ।

अशोधित तेल का वार्षिक आयात

2732. **श्री एस० एस० सोमानी :** क्या **पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) गत दो वर्षों में अशोधित तेल के वार्षिक आयात का ब्यौरा क्या है और आयात किन-किन देशों से किया गया;

(ख) इस बारे में भारत को कितनी विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ी ; और

(ग) अशोधित तेल की वर्तमान आवश्यकता कितनी है और चालू वर्ष के दौरान भारत ने इसका कितना आयात करने का निर्णय किया है ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) और (ख) 1976-77 और 1977-78 के लिए अपेक्षित सूचना निम्नलिखित है :—

मात्रा मि० मी० टन
मूल्य रुपये करोड़ों में

देश	1976-77*		1977-78* अप्रैल-दिसम्बर; 1977	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
ईरान	'5.9	485.30	4.8	415.34
ईराक	3.1	267.92	2.1	185.91
दक्षिणी अरब	4.1	323.54	2.3	195.75
सुयुक्त अरब अमेरिका	0.9	83.95	0.7	65.89
यू० एस० एस० आर०	—	—	1.0	79.47
मिश्र	0.1	9.87	0.2	12.84
योग :	14.1	1170.58	11.1	955.20

*अस्थाई

(ग) 1978-79 के लिए देश की कच्चे तेल की आवश्यकता का अनुमान लगभग 27.00 मिलियन मीट्रिक टन है जिसमें से 15.00 मिलियन मीट्रिक टन कच्चे तेल के आयात किये जाने की सम्भावना है।

सहारनपुर से संगम एक्सप्रेस चलाने का प्रस्ताव

2733. **श्री रशीद मसूद :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या संगम एक्सप्रेस को मेरठ की बजाय सहारनपुर से चलाने का सरकार का कोई प्रस्ताव है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : जी नहीं ।

हड़ताल की सूचना

2734. **श्री अमर सिंह वी० राठवा :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को विभिन्न रेलवे मजदूर यूनियनों, फैडरेशनों तथा संगठनों से उनकी मांगें पूरी करने के लिए हड़ताल की सूचना, ज्ञापन, मांग पत्र एवं संकल्प प्राप्त हुए हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्सबम्न्धी ब्यौरा क्या है ;

(ग) हड़ताल होने की स्थिति में सरकार का हड़तालिकों के विरुद्ध क्या कार्रवाई करने का विचार है?

(घ) वर्ष 1974 के दौरान हड़ताल सम्बन्धी मांगे क्या थी और इस समय क्या मांगें हैं और वर्ष 1974 तथा इस समय की मांगों में क्या भिन्नता है ; और

(ङ) अब तक कितनी मांगें पूरी कर दी गई है :

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग) हड़ताल का अभी तक कोई नोटिस नहीं मिला है ।

एक संघ की कार्यकारिणी समिति ने, जिससे रेल कर्मचारियों की मान्यता प्राप्त यूनियनों का एक दल सम्बन्द्ध है, अपने से सम्बन्द्ध यूनियनों से कहा है कि हड़ताल की पर्ची डालने के निर्णय का समर्थन करने के लिए वे अपने-अपने संविधान के अनुसार उपयुक्त समितियों की बैठकें बुलायें और इस काम को अप्रैल, 1978 के अन्त तक पूरा कर दें ।

एक अन्य संघ की आम परिषद ने जिससे मान्यता प्राप्त सघों का एक अन्य दल सम्बद्ध है, अपने से सम्बद्ध संघों से कहा है कि आम हड़ताल के सम्बन्ध में विचार करने के लिए मार्च, 1978 के अन्त तक बैठकें करें और किये जाने वाले संघर्ष के स्वरूप पर विशेष सिफारिशें संघ की आम परिषद/कार्यकारिणी समिति के विचारार्थ भेजें ताकि हड़ताल की तारीख निश्चित की जा सके ।

इसके अतिरिक्त यह देखने में आया है कि दूसरी यूनियनें भी सीधी कार्यवाई आदि के लिए प्रस्ताव पारित कर रही हैं ।

दोनों मान्यता प्राप्त सघों से विचार-विमर्श किया गया है और उठाये गये विभिन्न मामलों के सम्बन्ध में सरकारी दृष्टिकोण विस्तृत रूप से स्पष्ट कर दिया गया है । अनेक मामलों में पहले ही निर्णय लिया जा चुका है और घोषित किया जा चुका है ।

रेल मंत्री जी ने भी कुछ संसद सदस्यों और कर्मचारियों के कुछ अन्य प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया है ।

सरकार इस पर निगरानी रख रही है और यह आश्वासन देना चाहती है कि वार्तालाप और समझौते का द्वार सदैव खुला है । सरकार यह मानकर कि हड़ताल होगी, इस मामले में अभी से कोई पूर्व निर्णय नहीं लेना चाहती ।

(घ) और (ङ) 1974 में प्रस्तुत मांग पत्र में 6 मांगें थी । निकट अतीत में, दो मान्यता प्राप्त संघों ने 10 मांगों के अपने अलग-अलग मांग पत्र तैयार किये है । उनमें से कई मांगें मिलती जुलती है ।

1974 की 6 मांगें निम्नलिखित हैं :—

(i) बोनस

(ii) मंहगाई भत्ता

(iii) केन्द्रीय सरकार के अन्य उपक्रमों में मिलने वाले वेतनों के साथ समानता ।

(iv) नैमित्तिक आधार पर की गयी नियुक्तियों को समाप्त करना ।

(v) आर्थिक सहायता प्राप्त खाद्यान्नों की सप्लाई ।

(vi) रेल कर्मचारियों को औद्योगिक श्रमिक माना जाये ।

उपर्युक्त मद (i) से (v) तक की मांगें हाल में मिली मांगों की नवीनतम सूचियों में भी दुहराई गयी है और उनके बारे में स्थिति आगे यथा-स्थान बतायी गयी है ।

जहां तक मद (vi) का सम्बन्ध है, स्थिति यह है कि रेल कर्मचारी पहले ही औद्योगिक विवाद अधिनियम के उपबन्धों से अनुशासित होते हैं । लेकिन सेवा की शर्तों के बारे में वे परम्परा से सरकारी कर्मचारी माने जाते हैं क्योंकि रेलों का स्वरूप मूलतः जन सेवा का है और उनके सामाजिक और सामरिक महत्व के कारण सीधे सरकार द्वारा चलाई जाती है ।

[ग्रंथालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1807/78]

रेल कर्मचारियों को अतिरिक्त वेतन वृद्धियां

2735. **श्री सोमनाथ चटर्जी :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 28 मार्च, 1977 को की गई नीति सम्बन्धी घोषणा के बाद भी सरकार को मई 1974 की हड़ताल में भाग न लेने वाले कर्मचारियों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि तथा अन्य सुविधाएं देने के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) क्या वरिष्ठ प्रशासनिक रैंक के एक अधिकारी को उक्त लाभ दिया गया है ;

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार ने इस मामले में क्या निर्णय लिया है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी हां ।

(ख), (घ) और (ग) अग्रिम वेतन वृद्धि का लाभ स्तर II के 2250-2500 रु० (सं० वे०) के प्रशासनिक ग्रेड के उन अधिकारियों को दिया गया था जो मंडल अधीक्षकों के रूप में काम कर रहे थे और जिन्होंने 1974 की हड़ताल के दौरान काम करने की व्यवस्था की थी ।

एक अधिकारी ने जो 1-6-1974 को 1800-2000 (प्रा० वे०) के ग्रेड में काम कर रहा था, नकद पुरस्कार दिये जाने के लिए विकल्प दिया था क्योंकि वह ग्रेड की अधिकतम सीमा पर था । बाद में वरिष्ठ प्रशासनिक स्तर के 2250-2500 रु० के ग्रेड में प्रोफार्मा स्थिति दिये जाने के परिणामस्वरूप, परन्तु 8-2-1974 की पूर्व व्याप्ति की तारीख अर्थात 1-6-1974 के पूर्व, उसने पहले स्वीकृत नकद पुरस्कार के बदले अग्रिम वेतन वृद्धि का विकल्प दिया था । नकद पुरस्कार के बदले अग्रिम वेतन वृद्धि दिये जाने के दक्षिण पूर्व रेलवे के उपर्युक्त निर्णय की रेल मंत्रालय द्वारा पुनरीक्षा की गयी और आदेश को पलट दिया गया । इस सम्बन्ध में अपेक्षित आदेश जारी किये जा चुके हैं ।

दो टियर और तीन टियर वाले स्लीपरों की सुविधाओं में विषमता

2736. **श्री आर० कालनथाइवेलु** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दो टियर और तीन टियर वाले स्लीपरों में उपलब्ध सुविधाओं में विषमता के क्या कारण हैं जबकि दोनों के रेट एक समान हैं; और

(ख) क्या दोनों पर मिलने वाले आराम जैसे शयन बर्थ पर गद्दा लगाने की सुविधा को समान करने के लिए सरकार का कोई चरण बद्ध कार्यक्रम है ।

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) दूसरे दर्जे के तीन टियर शयन यानों में यात्रियों के लिए बराबर संख्या में स्थान रहता है अर्थात् 75 यात्रियों के लिए दिन में बैठने और रात में सोने के लिए स्थान रहता है । दूसरे दर्जे के 2 टियर सवारी डिब्बे दूसरे दर्जे के सामान्य डिब्बों के समान होते हैं जिनमें नीचे की शायिकाओं में 83 सीटें होती है और इनमें सोने के लिए गद्देदार 25 ऊपरी शायिकाओं की व्यवस्था रहती है जिनका उपयोग 25 यात्री अतिरिक्त किराया देकर कर सकते हैं ।

(ख) जी हां, अब यह विनिश्चय किया गया है कि भविष्य में बनने वाले सभी दूसरे दर्जे के शयन यानों में गद्देदार शायिकाओं और सीटों की व्यवस्था की जायेगी ।

इस प्रकार के 83 सवारी डिब्बे मार्च 1978 तक चलाये जाएंगे और 400 अन्य सवारी डिब्बों का 1978-79 और आगे के वर्षों में निर्माण करने का कार्यक्रम है ।

दुमंजिली डिब्बों वाली (डबल डैकर) नई गाड़ियां चलाना

श्री सौगत राय
श्री जगदीश प्रसाद माथुर } : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका मंत्रालय आगामी अप्रैल से दुमंजिली (डबल डैकर) डिब्बों वाली नई रेल गाड़ियां चलाने पर विचार कर रहा है ?

(ख) यदि हां, तो किन किन मार्गों पर; और

(ग) क्या ऐसी गाड़ियां दिल्ली और कलकत्ता मार्ग पर चलाई जायेंगी और तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ।

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग) एक प्रोटोटाइप दुमंजिले सवारी डिब्बे का पहले ही निर्माण किया जा चुका है । चालू वर्ष के दौरान 12 और दुमंजिले सवारी डिब्बों का निर्माण किया जा रहा है । चूंकि दुमंजिले सवारी डिब्बे छोटी दूरी की गाड़ियों में प्रयोग के लिए उपयुक्त हैं, पहले खेप को बम्बई पुणे खण्ड पर प्रयोग में लाने का प्रस्ताव है और बाद में इसे अन्य छोटी दूरी के खंडों पर भी प्रयोग में लाया जायेगा ।

PROMOTION TO POST OF SUPERVISOR IN LOCO SHED, VARANASI

†2739. SHRI RAMANAND TIWARY : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the details of the promotions made to post of Supervisor in mechanic shop and fitting side in locoshed, Varanasi by Division Mechanical Engineer, North-Eastern Railway, Varanasi during the Emergency;

(b) whether these promotions were made under departmental promotion and recruitment rules; and

(c) if not, the reasons for making promotions arbitrarily in violation of rules and the action taken or proposal to be taken against the officer responsible therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AFFAIRS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) In the Machine shop two persons including one Scheduled Caste were promoted as Chargemen 'B' Rs. 425-700 on ad-hoc basis according to seniority. In fitter trade two Chargemen 'B' were promoted as Chargemen 'A' (Rs. 550-750) on ad-hoc basis superseding the senior most Chargemen 'B' who was declared unsuitable and 4 persons were promoted as Chargemen 'B' grade against the departmental promotion quota initially on ad-hoc basis and subsequently regularised after due selection.

(b) Yes.

(c) Does not arise.

तेल अथवा गैस के नये स्रोत

2740. **श्री समर गुह** : क्या **पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या गत 6 महीनों में किसी राज्य में अथवा किसी राज्य के तट पर तेल अथवा गैस के नये स्रोत का पता लगा है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी, तथ्य क्या हैं ;

(ग) क्या पश्चिम बंगाल में और उनके तट पर छिद्रण कार्य में कोई प्रगति हुई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं ?

पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) और (ख) पिछले छः महीने के दौरान तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग ने 5 नये संरचनाओं की

खोज की--गुजरात में दो स्थानों पर अर्थात जोताना और सिसोद्रा में दो स्थलीय संरचनाएं और दो अपतटीय क्षेत्र में अलीवेक समुद्र तट से दूर। इसके अलावा दक्षिण ताप्ती संरचना में भी गैस की खोज की गयी है।

(ग) और (घ) तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग ने पश्चिमी बंगाल में 4 स्थानों पर अर्थात बोदरा, बकुलताला, गाल्सी और डायमंड हारबर है, खुदायी कार्य आरम्भ किया था। बादरा, बकुलताला तथा गाल्सी की प्रत्येक संरचना में एक-एक कुआं खोदा गया जिनमें किसी में भी हाइड्रोकार्बन के प्राप्त होने का कोई संकेत नहीं मिला। गाल्सी संरचना में खोदे जा रहे एक दूसरे कुएं का इस समय उत्पादन का परीक्षण किया जा रहा है। डायमंड हारबर संरचना में पहले कुएं का खोदाई कार्य चल रहा है।

पश्चिम बंगाल के अपतटीय क्षेत्र में इस समय कोई व्यधन कार्य नहीं चल रहा है। बंगाल की खाड़ी में खोदे गये दो कुंए सूखे पाये गये।

CONTRIBUTIONS BY INDUSTRIALISTS/INDUSTRIAL HOUSES TO CONGRESS PARTY FUNDS

2741. SHRI ARJUN SINGH BHADORIA : Will the Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) the full details of Industrialists and Industrial Houses which contributed to the funds of Congress Party during the last Lok Sabha elections;

(b) the total amount received by the party as contributions; and

(c) whether Government propose to take any action against them ?

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI SHANTI BHUSHAN) : (a), (b) and (c). The Department of Company Affairs have no information about contributions made by Industrialists and Industrial Houses to the funds of the Congress Party during the last Lok Sabha Elections. However, a large number of Companies had made payments towards advertisements in the souvenirs brought out/to be brought out by the Congress Party, including its various Organs; the total amount paid on this account amounted to about Rs. 9.50 crores. The question whether any of these payments would constitute a contribution under Section 298-A of the Companies Act, 1956, is under investigation/examination.

तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा भूगर्भीय तथा भूभौतिकीय सर्वेक्षण पर किया गया खर्च

2742. **श्री के० मालन्ना :** क्या **पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग ने तटदूर भूगर्भीय तथा भू-भौतिकीय सर्वेक्षणों पर कुल कितनी राशि खर्च की है और क्या यह भी सच है कि बड़े पैमाने पर तेल की खोज करने और अपने विकास कार्यक्रमों में काम आने वाले सामान के देश में निर्माण की संभावनाओं का पता लगाने और उनका विकास करने के लिए भी कई कदम उठाए है ; और

(ख) तेल खोज के लिए देश म जिन क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया गया है उनका व्यौरा क्या है ?

पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) जनवरी, 1978 तक तेल और प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा समुद्री क्षेत्र में भू-भौतिकीय सर्वेक्षण पर किये कुल व्यय का पता लगाया जा रहा है और यह सभा पट पर प्रस्तुत किया जायेगा। समुद्री क्षेत्रों में कोई भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण नहीं किया गया है।

आरम्भ से ही आयोग तेल अन्वेषण के लिए आवश्यक उपकरणों के स्वदेशीय डिजाइन तथा विकास में लगा हुआ है।

(ख) तेल और प्राकृतिक गैस के क्षेत्रीय दलों ने जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, अण्डेमान निकोबार, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु तथा गुजरात प्रदेश के विभिन्न भागों में भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया है।

रेल लाइनों की रक्षा करने वाले रेल कर्मचारियों पर हमला

2743. **श्री डी० जी० गवई :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 1 दिसम्बर, 1977 को लखनऊ तथा मुरादाबाद के बीच बालामऊ में गश्त ड्यूटी पर तैनात एक गैंगमैन की दो व्यक्तियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी ;

(ख) वर्ष 1977-78 में अब तक, रेलवे लाईन की रक्षा करते हुए कुल कितने रेल कर्मचारियों पर तोड़-फोड़ करने वालों ने आक्रमण किया ; और

(ग) इस सम्बन्ध में अब तक कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये है और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी नहीं। लेकिन बालामऊ में रेल पथ निरीक्षण के अधीन गैंग सं० 15 का एक गैंगमैन श्री चन्देरिका अपनी गश्त ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करने जब साइकिल पर आ रहा था तो उसके दो शत्रुओं ने गोली मारकर उसे मार दिया। इस हत्या का कारण जमीन का तथाकथित झगड़ा था। बघौली जिला हरदोई उत्तर प्रदेश के सिविल पुलिस द्वारा दो व्यक्ति गिरफ्तार किये गये थे तथा उनके विरुद्ध न्यायालय में आरोप-पत्र दिया गया था।

(ख) कोई नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

तमिलनाडु में रेलवे स्टेशनों को समाप्त करना

2744. **श्री ए० मुरगेसन :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या तमिलनाडु में तंजावुर जिले में कुछ रेलवे स्टेशनों को समाप्त करने का प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो उन स्टेशनों के क्या नाम हैं और इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि तमिलनाडु में एलंथनकुडी जैसे

रेलवे स्टेशनों पर सुधार करने की आवश्यकता है क्योंकि ऐतिहासिक वाञ्जवर मन्दिर जाने वाले यात्रियों के लिये यह एक महत्पूर्ण पारगमन केन्द्र है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख) नड्म्बलम हाल्ट के सिवाय, जिसे आवती घाटे के कारण बन्द करने का विचार है, तंजावुर जिले में किसी अन्य स्टेशन को बन्द करने का प्रस्ताव नहीं है ।

(ग) वञ्जावूर मन्दिर की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एलन्तागुडि स्टेशन में दूसरे दर्जे के प्रतीक्षालय, पटरी की सतह का प्लेटफार्म एक पहुंच सड़क, बैंच शुष्क शौचालय, संतोषप्रद बिजली की बत्तियां और पीने के पानी की व्यवस्था आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं । ये सुविधाएं इस स्टेशन पर यात्री यातायात की जरुरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त समझी जाती हैं और इस प्रकार अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था करने का विचार नहीं है ।

निर्वाचन संबंधी सुधारों पर तारकुंडे समिति की रिपोर्ट

2745. **चौधरी ब्रह्म प्रकाश :** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या सरकार ने निर्वाचन सन्बधी सुधारों पर नियुक्त तारकुंडे समिति तथा अन्य समितियों की रिपोर्टों पर अब विचार कर लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नर सिंह) : (क) और (ख) : सरकार निर्वाचन सुधार सबंधी विभिन्न प्रस्तावों पर विचार कर रही है जिनमें तारकुण्डे समिति और अन्य महत्वपूर्ण निकायों द्वारा की गई सिफारिशें भी सम्मिलित हैं । ये सिफारिशें निर्वाचन प्रयोजन के लिए सरकारी प्राधिकार और तंत्र के दुरुपयोग, भ्रष्ट आचरण, निर्वाचनों में धन शक्ति के उपयोग आनुपातिक प्रतिनिधित्व के अपनाए जाने, मतदान की आयु को कम करने, निर्वाचन विवादों, आदि को शीघ्र निपटाने की आवश्यकता आदि विषयों के संबंध में हैं ।

राजधानी में परिक्रमा (रिंग) रेलवे

2746. **श्री कंवर लाल गुप्त :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजधानी में परिक्रमा रेलवे की व्यवस्था करने के बारे में क्या विशिष्ट प्रगति हुई है ;

(ख) समिति द्वारा सरकार को प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन का ब्यौरा क्या है ?

(ग) इस बारे में प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा क्या है और परिक्रमा रेलवे के अन्तर्गत कौन-कौन से क्षेत्र आयेंगे ;

(घ) उक्त योजना पर कितना खर्च आयेगा ;

(ङ) क्या परिक्रमा रेलवे का कीर्तिनगर, रमेश नगर, मोती नगर और किंग्सवे कैम्प क्षेत्रों तक विस्तार करने के बारे में सरकार को कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है ; और

(च) यदि हां, तो उक्त क्षेत्रों को रेलवे के अन्तर्गत शामिल करने के बारे में कार्यवाही न करने के क्या कारण है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (च) राजधानी की परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने, सड़क तथा रेल परिवहन के एकीकरण के लिए एक पैकेज कार्यक्रम बनाने के लिए जुलाई, 1976 में निर्माण एव आवास मंत्रालय द्वारा नियुक्त कार्यकारी दल ने 137.60 करोड़ रुपये की लागत से निम्नलिखित परियोजनाओं की सिफारिश की है :—

1. अन्तर्नगरीय रेल परिवहन के लिए 22.07 करोड़ रुपये;
2. उपनगरीय रेल परिवहन के लिए 31.55 करोड़ रुपये;
3. बस परिवहन में सुधार करने के लिए 58.62 करोड़ रुपये; और
4. सड़कों का सुधार करने के लिए 25.36 करोड़ रुपये ।

अन्तर्नगरीय रेल परिवहन से सम्बन्धित प्रस्ताव शकूरबस्ती और तुगलकाबाद में स्परों सहित परिक्रमा रेलवे लाइन, लाइन के साथ-साथ दैनिक यात्रियों के लिए विद्युतीकृत रेल गाड़ियों की व्यवस्था करने के लिए है । महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) संगठन दिल्ली ने इस परियोजना के लिए एक तकनीकी-आर्थिक व्यावहारिकता अध्ययन किया है जिस पर योजना आयोग के परामर्श से विचार हो रहा है । इस परियोजना की अनुमानित लागत 22.65 करोड़ रुपये है ।

इस सम्बन्ध में कोई शिकायतें प्राप्त नहीं हुई हैं । लेकिन कीर्तिनगर मोतीनगर, शास्त्रीनगर, प्रताप बाग, रमेशनगर, शक्तिनगर और किंग्सवे कैम्प जैसे क्षेत्रों को मिलाने के लिए सुझाव प्राप्त हुए है। वर्तमान रेल संगरेखैण अर्थात नयी दिल्ली-तिलक ब्रिज-निजामुद्दीन-लाजपतनगर लोदी कालोनी-सफदरजंग-सरकार पटेल मार्ग-बरार स्क्वेयर-पटेल नगर, दयाबस्ती-किशनगंज-सदरबाजार-नयी दिल्ली के किनारे-किनारे इन सेवाओं के परिचालन का प्रस्ताव किया गया है । इसमें कुछ गाड़ियों को पश्चिम में शकूरबस्ती तक और दक्षिण में ओखला तक बढ़ाया जाना भी शामिल है।

इन मांर्गों के साथ-साथ बसे हुए क्षेत्रों में प्रत्यक्षत: रेल सेवाएं चलाई जाएंगी, जबकि रेल संरेखण से दूर के क्षेत्रों में बस परिवहन में सुधार करके सेवित किये जाने का और जहां कहीं आवश्यक होगा वहां से रेलवे स्टेशनों तक बसों द्वारा फीडर सेवाओं की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है ।

वर्तमान रेल संरेखण के बाहर के क्षेत्रों में सीधे रेल सम्पर्क की व्यवस्था के प्रस्ताव से मूल रुप से परियोजना की लागत में वृद्धि होगी, जबकि संसाधनों की कठिनाई के कारण उसे यथासम्भव कम रखा जा रहा है ।

भारतीय उर्वरक निगम की प्रतिष्ठापित क्षमता

2747. **श्री धर्मवीर वशिष्ठ : क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय उर्वरक निगम की अपनी 7 लाख टन नाइट्रोजन की वर्तमान

प्रतिष्ठापित क्षमता को 1978-79 के अन्त तक दुगनी करने के संबंध में और उसी अवधि में पी2ओ5 को दस गुना करने के संबंध में क्या योजनायें है ; और

(ख) उर्वरकों के मामले में देश किस तारीख तक अथवा अवधि में आत्म निर्भर हो जायेगा ?

पेट्रोलियम, रसायन तथा उर्वरक राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) फर्टिलाईजर कारपोरेशन आफ इडिया के अभी सात यूनिट सिन्दरी (बिहार) नंग (पंजाब) ट्राम्बे (महा-राष्ट्र) गोरखपुर (उत्तर प्रदेल) नामरुप (असम) जिसमें नामरुप विस्तार, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) तथा बरौनी (बिहार) में काम कर रहे हैं । इन की नाइट्रोजन की 8,83,000 मी० टन कु० स्थापित क्षमता तथा पी2ओ5 की 36,000 मी० टन की स्थापित क्षमता है । कारपोरेशन ने निम्नलिखित आठ परियोजनाओं के बीच अतिरिक्त उर्वरक क्षमता के विकास करने के लिए एक कार्यक्रम शुरु किया हैं । यह परियोजनाएं जब चालू हो जायंगी, तो 10, 10,94,000 मी० टन नाइट्रोजन तथा 3,06,000 मी० टन पी 2 ओ 5 की अतिरिक्त उर्वरक क्षमता विकसित की जाएगी ।

परियोजना का नाम	राज्य जहां स्थित है	न्यूट्रयन्ट्रस के रूप में क्षमता एन० पी० ओ० (000 मी टन में) आंकड़े			स्थिति
1	2	3	4	5	6
1. नंग-(विस्तार)	पंजाब	152	—	—	परियोजना सम्पन्न हो गई है । परिक्षण उत्पादन शुरु हो गया है।
2. सिन्दरी (आधुनिकीकरण)	बिहार	129	—	—	जुलाई, 1978 तक वाणिज्य उत्पादन होने की आशा है ।
3. सिन्दरी (सुव्यवस्थीकरण)	बिहार	—	156	—	सम्पन्न हो गया है परन्तु उत्पादन स्थिर किया जा रहा है ।
4. ट्राम्बे IV	महाराष्ट्र	75	75	—	संयंत्र उत्पादन करने के लिए तैयार हैं चालू होने का गति-विधियां शीघ्र ही शुरु होने की आशा है ।

1	2	3	4	5	6
5. ट्राम्बे	महाराष्ट्र	130	—	—	1980 के मध्य तक वाणिज्यिक उत्पादन होने की आशा है ।
6. हल्दिया	प० बंगाल	152	75	—	जुलाई 1979 तक वाणिज्यिक उत्पादन होने की आशा है ।
7. ताल्चर	उड़ीसा	228	—	—	अप्रैल, 1979 से वाणिज्यिक उत्पादन होने की आशा है ।
8. रामागुण्डम	आन्ध्र प्रदेश	228	—	—	—वही—

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) Akbarnagar is at present served by 5 pairs of trains including 327/328 Danapur Fast Passengers. Keeping in view the fast character of 13/14 Upper India Express and the tight schedule of 351/352 Burdwan-Kiul Fast Passenger, their stoppages at Akbarnagar is not consider feasible.

(b) Yes.

(c) A stoppage at Akbarnagar is not proposed.

राज्यों में निर्वाचनों के दौरान मतदाताओं की संख्या में वृद्धि

2786. **श्री सुखन्द्र सिंह :** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न राज्यों में हाल में हुए निर्वाचनों में मतदाताओं की संख्या में कोई वृद्धि हुई है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका राज्यवार ब्यौरा क्या है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरसिंह) : (क) जी हां।

(ख) एक विवरण संलग्न है जिसमें अपेक्षित जानकारी दी गई है।

विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	स्थानों की संख्या	निर्वाचकों की संख्या लोक सभा निर्वाचन 1977	निर्वाचकों की संख्या विधान सभा निर्वाचन 1978	वृद्धि	प्रति शतता
1	2	3	4	5	6
1. आन्ध्र प्रदेश	294	27,567,618	28,356,992	789,374	2.86
2. आसाम	126	7,225,616	7,962,645	737,029	10.20
3. कर्नाटक	224	16,767,195	17,896,138	1,128,943	6.73
4. महाराष्ट्र	228	28,856,991	31,029,395	2,172,404	7.53
5. मेघालय	60	530,326	585,081	54,755	10.32
6. अरुणाचल प्रदेश	30	215,657	239,945	24,288	10.12
कुल	1,022	81,163,403	86,070,196	4,906,793	6.05

कृष्णनगर से आगे विद्युत रेल मार्ग

2787. **श्री शशांकशेखर सान्याल :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विद्युत रेल मार्ग का विस्तार कृष्णनगर से आगे लाल-गोला तक करने के लिए बहुत पहले से मांग की जा रही है, और

(ख) इस बारे में कृष्णनगर से आगे लालगोला की दिशा में विद्युत चालित रेलगाड़ियां चलाने के मामले में, सरकार का दृष्टिकोण क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) (क): जी हां।

(ख) निकट भविष्य में यातायात में प्रत्याशित वृद्धि को सम्हालने के लिए कृष्णनगर सिटी और लालगोला के बीच वर्तमान कर्षण से पर्याप्त क्षमता उपलब्ध है। इसलिये इस खण्ड पर विद्युत कर्षण पर निवेश करने का वित्तीय दृष्टि से औचित्य नहीं है।

रानाघाट से लालगोला तक दोहरी लाइन

2788. **श्री शशांकशेखर सान्याल :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें पता है कि बहुत समय पहले से यह मांग की जा रही है कि पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन में रानाघाट से लालगोला तक जो पद्मा नदी के किनारे स्थित है और जो बंगलादेश और पश्चिम बंगाल के बीच सीमांकन करती है जहां तक एक ही लाइन है, दोहरी लाइन बिछायी जाये, और

(ख) ये मांगे पूरी करने के लिए सरकार का क्या कदम उठाने का विचार है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री : (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख) जी नहीं। इस खंड की क्षमता पर्याप्त है और यहां दोहरी लाइन बिछाना आवश्यक नहीं समझा जाता।

लाइन बदलने सम्बन्धी नीति बनाया जाना

2789. **श्री दुर्गाचन्द :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मीटरगेज़ की बड़ी लाइन में बदलने तथा छोटी लाइन को मीटरगेज़ में बदलने के बारे में सरकार ने आगामी पांच वर्षों के लिए कोई नीति बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना के अन्तर्गत आने वाली लाइनों का, वर्षवार, जोनवार, ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख) अगले पांच वर्षों के दौरान हाथ में लिए जाने वाली आमान परिवर्तन परियोजनाओं को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है। वर्तमान नीति के अनुसार आमान परिवर्तन परियोजना निम्नलिखित कारणों को ध्यान में रखकर शुरू की जाती है :—

(i) जब किसी खंड पर यातायात चरम सीमा तक पहुंच जाय और अतिरिक्त यातायात सम्हालने की क्षमता न हो।

(ii) जबकि यानान्तरण अलाभप्रद हो जाए या बिल्कुल व्यावहारिक न रहे।

(iii) संभाव्य विकास वाले क्षेत्रों में तेज और निर्बाध सचार व्यवस्था करने की आवश्यकता होने पर।

अभी निम्नलिखित आमान परिवर्तन परियोजनाओं पर काम चल रहा है :—

क्रम स०	परियोजना का नाम	किलोमीटरों में लम्बाई	अनुमानित लागत (करोड़ रुपयों में)
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	सूरतगढ़—भटिंडा (उत्तर रेलवे) (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में)	142.00	14.50
2.	बाराबंकी—समस्तीपुर (पूर्वोत्तर) (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में)	587.00	69.00
3.	वाराणसी—भटनी (पूर्वोत्तर) (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में)	163.00	13.91
4.	समस्तीपुर—दरभंगा (पूर्वोत्तर) (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में)	37.60	8.73
5.	मुरादाबाद—रामनगर (पूर्वोत्तर) (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में)	77.50	7.51

1	2	3	4
6.	काशीपुर—लालकुआं (पूर्वोत्तर) (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में) और लाल कुआं न्यू—हल्दवानी के बीच समानान्तर बड़ी लाइन (चरण-III)	60.75 17.27	9.08
7.	न्यू बोंगाईगांव—गुवाहाटी (पूर्वोत्तर-सीमा) (समानान्तर बड़ी लाइन)	157.00	35.00
8.	गुंतकल से धर्मावरम् तक समानान्तर बड़ी लाइन और धर्मावरम् का आमान परिवर्तन और धर्मावरम्—बंगलुरु का आमान परिवर्तन (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में) (दक्षिण-मध्य)	267.00	24.00
9.	एर्णाकुलम—तिरुवनन्तपुरम् (दक्षिण) (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में)	221.00	18.25
10.	मनमाड—परभनी—पुर्ली वैजनाथ (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में) (दक्षिण-मध्य)	354.00	29.74
11.	गुंटूर—माचेर्ला (दक्षिण—मध्य) (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में)	130.22	8.14
12.	वीरमगाम—ओखा—पोरबन्दर (पश्चिम) (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में)	557.00	60.00
13.	दिल्ली—साबरमती (पश्चिम, उत्तर) (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में)	925.00	108.00
14.	बरौनी—कटिहार (पूर्वोत्तर) (मीटर लाइन से बड़ी लाइन में)	182.00	20.00

INCOME OF M/S. A. H. WHEELER AND COMPANY

2790. SHRI HARGOVIND VERMA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government have any information about the estimated monthly income of M/s. A. H. Wheeler & Company who take on contract bookstalls at Railway stations;

(b) if so, the amount thereof and whether this company is paying income tax thereon; and

(c) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) to (c) Besides bookstalls at railway stations, M/s. A. H. Wheeler & Co. have many other branches of business such as publishing, sports goods, wholesale distribution of educational books, etc., which are beyond the purview of the Railways. Details of total profit and the income tax paid by the Company are, therefore, not maintained. Accordingly, only the figures pertaining to their sales turnover at the bookstalls on railway station are audited by the Railways and the royalty realised.

तालचर और पारादीप में उर्वरक परियोजनायें

2791. **श्री पदमाचरण सामन्तसिंहेरा** क्या **पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार उड़ीसा में तालचर तथा पारादीप उर्वरक कारखानों की आवश्यकताएं पूरी कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए क्या कार्यक्रम हैं तथा इसके लिए कितनी राशि दी जाएगी ; और

(ग) पूरा होने की लक्ष्य तिथि तथा वर्तमान स्थिति क्या है ?

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) से (ग) तालचर में फर्टिलाइजर कारपोरेशन आफ इंडिया लि० का कोयले पर आधारित संयंत्र यांत्रिक रूप से पूरा होने वाला है तथा 1978 के अन्त तक चालू हो जाने की आशा है। इस परियोजना के लिए 1977–78 के लिए प्रस्तावित परिव्यय 2009 लाख रुपयों का है।

पारादीप परियोजना पांचवीं पंचवर्षीय योजना के प्रारूप में सरकारी क्षेत्र की परिकल्पित पांच नई उर्वरक परियोजनाओं में से एक थी। तथापि, संसाधनों के कड़े प्रतिबन्ध के कारण पांचवीं योजना के दौरान परियोजना का कार्यान्वयन नहीं किया जा सका।

अब, बम्बई हाई तथा असम में बसीन संरचनाओं से सम्बद्ध प्राकृतिक गैस की खोज के साथ, गैस पर आधारित अतिरिक्त नाईट्रोजनयुक्त उर्वरक क्षमता की स्थापना के लिए प्राथमिकता दी जा रही है। तथापि अतिरिक्त फास्फेट क्षमता की योजना बनाते समय पारादीप को स्थल के रूप में अपनाने के सम्बन्ध में उपयुक्त विचार किया जायेगा।

आसाम में तेल का उत्पादन

2792. **श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा** : क्या **पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आसाम क्षेत्र में रुद्रसागर, लाक्वा, लखमनी गोलिकी, वोहोलिका में तेल के उत्पादन की दर क्या है ;

(ख) क्या तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग ने आसाम के अन्य क्षेत्रों में कोई और खुदाई का कार्यक्रम आरम्भ किया है ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या हैं ;

(घ) क्या ऊपरी आसाम में किसी और तेल शोधक कारखाने की मांग की गई है ; और

(ङ) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) वर्ष 1977-78 के दौरान ओ० एन० जी० सी० ने रुद्रसागर, लाक्वा, लखमनी और गैतेकी तेल क्षेत्रों

से कुल 1.42 मिलियन मी० टन अशोधित तेल के उत्पादन की योजना बनाई जो इस प्रकार है :

	मिलियन मी० टन
रुद्रसागर	0.28
लाक्वा, लखमनी	0.88
गैलेकी	0.26
कुल	1.42

बोरहोला से तेल का कोई उत्पादन नहीं हुआ।

(ख) जी हां।

(ग) वर्तमान वर्ष अर्थात् 1977-78 के दौरान लक्वा, लखमनी, गैलेकी और बोरहोला संरचना में व्यधन कार्य के अतिरिक्त ओ० एन० जी० ओ० ने आसाम में चाराली और चारगोल संरचना में व्यधन कार्य किया। वर्ष 1978-79 के दौरान लक्वा लखमनी, गैलेकी चाराली और चारगोल संरचना में व्यधन कार्य को चालू रखने की योजना है। इसके अतिरिक्त आसाम के बरसीला, चायरावडे और मसीमपुर नामक स्थानों में तीन संरचनाओं के वर्ष के दौरान व्यधन कार्य करने की भी योजना है।

(घ) विगत में आसाम में अतिरिक्त परिशोधन सम्बन्धी क्षमता को स्थापित करने की मांग की गयी है।

(ङ) सरकार द्वारा अतिरिक्त परिशोधन क्षमता/माध्यमिक तेल साफ करने की सुविधाओं को स्थापित करने के सम्बन्ध में निर्णय हाल ही में नियुक्त अध्ययन दल द्वारा दी गई सिफारिशों के बाद किया जायेगा।

ईरान में रेल सम्पर्क लाइन

2793. **श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 'राइट्स' को ईरान में लगभग 500 कि० मी० रेल सम्पर्क लाइन बनाने के आदेश प्राप्त हुये हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि अन्य अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी 'राइट्स' के मार्ग में आ रहे हैं, सम्भाव्यता पर पुनः विचार किया जा रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी विवरण और तथ्य क्या हैं ; और

(ङ) ईरान के प्रस्तावित रेल सम्पर्क लाइन का अन्तर्राष्ट्रीय महत्व क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) पिछले दिनों ईरान में केरमान और शुर्गंज के बीच एक नयी रेल लाइन के लिए राइट्स ने प्रारम्भिक व्यावहारिकता एवं लागत अध्ययन (चरण-I) आरम्भ

किया था और तभी इस लाइन के अन्तिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण (चरण-II) को प्रारम्भ करने के लिए भी प्रस्ताव रखा था। मिरजवेन (पाकिस्तान) और जहेदान (ईरान) के बीच वर्तमान शाखा लाइन का ग्रेड बढ़ाने के सम्बन्ध में दूसरा अध्ययन भी राइट्स द्वारा पूरा कर लिया गया है और रिपोर्ट ईरान भेज दी गई है। वहां की सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है।

(ङ) जहेदान-केरमान-शुर्गज के बीच जहां अब रेल सम्पर्क नहीं है, जब ईरान द्वारा रेल सम्पर्क पूरा हो जायेगा तब यह सम्पर्क अन्तर्राष्ट्रीय थ्रू रेल यातायात को सुविधाजनक बनाने के लिए अभिकलिपत ट्रान्स-एशियन रेल परियोजना के वर्तमान अभाव में एक संयोजक (पुल) का काम करेगा।

केरल में पुनालूर पेपर मिल्स लिमिटेड, पुनालूर

2794. **श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा :** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केरल के क्विलोन जिले में पुनालूर पेपर मिल्स लिमिटेड, पुनालूर के प्रमुख अंशधारी कौन हैं; और प्रमुख शेयरधारियों तथा निदेशकों के ऐसे शेयरों का मूल्य क्या है;

(ख) उक्त कम्पनी के निदेशक बोर्ड के सदस्य कौन-कौन हैं;

(ग) क्या प्रबन्ध निदेशक के विरुद्ध अनियमितताओं के बहुत गम्भीर आरोप हैं; और

(घ) यदि हां, तो क्या कदम उठाने का विचार किया जा रहा है?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : (क) तथा (ख) एक विवरण-पत्र संलग्न है।

(ग) तथा (घ) कम्पनी कार्य विभाग को गत तीन कलैन्डर वर्षों के मध्य, कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक के विरुद्ध इस प्रकार के कोई आरोप प्राप्त नहीं हुये हैं।

विवरण

1. प्रमुख हिस्सेधारी तथा प्रत्येक द्वारा एक लाख रु० के अधिक के धारित हिस्सों का मूल्य

नाम (1)	राशि रु० में (2)
यूनिट ट्रस्ट आफ इण्डिया	8,14,750
कनारा बैंक वाराणसी	10,00,000
स्टेट बैंक आफ केरल	12,30,390
यूनाइटेड इन्डस्ट्रियल बैंक लि०, कलकत्ता-1	4,00,000
लक्ष्मी निवास एण्ड कम्पनी (एक्सपोर्ट) प्रा० लि० (कलकत्ता-16)	19,57,470
काशी कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लि० वाराणसी	30,12,750
क्लाइव स्ट्रीट नौमीनीज प्रा० लि० कलकत्ता	16,80,000
श्रीमती ऊषा, मित्तल निवास	3,02,950
मास्टर, कुणाल डालमिया	1,23,180

(1)	(2)
श्रीमती सुमन हाडे	2,69,000
कुमारी शैली डालमिया	1,08,090
कुमारी कुसुम मूंदड़ा .	1,18,090
श्री ताराचन्द धानजी .	1,12,000
श्री लक्ष्मी निवास डालमिया	1,23,920

(2) अधिमान हिस्सेदारी

नाम	राशि रु० में
जनरल इन्शोरेन्स कारपोरेशन आफ इन्डिया	2,00,000
नेशनल इन्शोरेन्स कम्पनी लि० . . .	11,75,000
यूनाइटेड इन्डिया फायर एण्ड जनरल इन्शोरेन्स कम्पनी लि०	7,00,000
न्यू इन्डिया इंश्योरेन्स कम्पनी लि० . .	8,50,000
ओरियन्टल फायर एण्ड जनरल इन्शोरेन्स कम्पनी लि०	7,25,000
यूनिट ट्रस्ट आफ इन्डिया	12,04,500

2. निदेशकों के नाम तथा उनके द्वारा धारित हिस्सों का मूल्य

नाम	राशि रु० में
श्री लक्ष्मी निवास डालमिया (प्रबन्ध निदेशक)	1,23,920
डा० सर सी० पी० एन० सिंह	3,920
श्री के० एस० नारायणन	1,960
श्री माधव गोइन्का	5,420
श्री भागीरथ मुरारका	1,000
श्री मोहन लाल मित्तल . .	1,000
श्री विकास चन्द्र सर्वाधिकारी	1,000
श्री पाराखल थैरियथ देवास्से (केरल सरकार के मनोनीत) . .	कुछ नहीं
श्री विनायक आत्माराम राव (आई० सी० आई० सी० आई० के मनोनीत)	कुछ नहीं
श्री अवतार सिंह खुराना (आई० एफ० सी० आई० के मनोनीत) . .	कुछ नहीं

भारतीय उर्वरक निगम के सिन्दरी कारखाने का रेशनलाइजेशन प्रोजेक्ट

2795. **श्री ए० के० राय :** क्या **पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय उर्वरक निगम के सिन्दरी कारखाने का रेशनलाइजेशन प्रोजेक्ट निर्धारित समयसूची से पांच वर्ष पीछे है यद्यपि पूंजी निवेश तिगुना हो चुका है; यदि हां, तो विस्तृत तथ्य क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि रेशनलाइजेशन प्रोजेक्ट के असफल होने का मुख्य कारण निर्माण की घटिया सामग्री सप्लाई करना है जिसमें बहुत से शीर्षस्थ अधिकारी अन्तर्ग्रस्त हैं;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार पाइरेट्स से गंधक अम्ल बनाने वाली समस्त परियोजना को समाप्त कर उसे गंधक आधार से बनाना चाहती है; और

(घ) क्या सरकार इस बारे में पूरी जांच करायेगी ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) से (ग) सिन्दरी सुव्यवस्थीकरण परियोजना 2295.88 लाख पूंजीगत परिव्यय के साथ दिसम्बर 1977 को अनुमोदित की गई थी तथा नवम्बर 1977 तक सम्पन्न हो जाने की आशा थी। परियोजना के वर्तमान लागत अनुमान लगभग 4800.74 लाख रुपये है। कई बनावट सम्बन्धी प्रौद्योगिकी कठिनाइयों के कारण तथा अमझौर पाइराइट्स में कम सल्फर तथा अधिक सिलिका अंश होने के कारण, संयंत्र निर्धारित क्षमता के आस पास तक उत्पादन न कर सका। ये समस्याएं अब पहचानी गई हैं तथा कठिनाइयों को दूर करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। उपायों के अन्तर्गत इस संयंत्र में उत्पादन को स्थिर बनाने के लिए सल्फ्यूरिक एसिड प्लांट के दो स्ट्रीटों में से एक को सल्फर के प्रयोग में लाने के लिए परिवर्तित करने सम्बन्धी प्रस्ताव का अध्ययन किया जा रहा है तथा दूसरे को उन्नत पाइराइट्स पर स्थिर करने के लिए परिवर्तित करने का विचार है।

(घ) उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए जांच करना आवश्यक नहीं समझा जाता है।

DEMAND TO INTRODUCE HADAUTI EXPRESS BETWEEN KOTA AND DELHI

†2796. SHRI CHATURBHUJ : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether a demand has been made to introduce a train by the name of Hadauti between Kota and Delhi in Rajasthan; and

(b) if so, the reaction of Government thereto ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) Yes.

(b) The proposal for introduction of an additional fast train between Kota and New Delhi/Delhi was examined but not found operationally feasible for want of spare line capacity on certain sections enroute and terminal facilities at Kota and New Delhi/ Delhi.

OVERBRIDGE AT SONGADH STATION

2797. SHRI CHHITUBHAI GAMIT : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether a demand has been made in regard to construction of an overbridge at Songadh Station on Surat-Bhusaval line (Western Railway) and whether there is a great need of this bridge and the details in this regard;

(b) the details of the action taken and proposed to be taken by Government in this regard; and

(c) when the construction work of this bridge will be started and when it is likely to be completed ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) to (c). There has been a demand for the past few years for the cons-

construction of a foot over-bridge for passengers arriving at this station from south side. In view however of the meagre volume of traffic and limitations of funds, it has not been possible to provide the same for the present.

एकाधिकार तथा प्रतिबन्धात्मक व्यापार प्रक्रिया आयोग का मैसर्स वैस्टर्न इंडिया प्लाईवुड लिमिटेड के विरुद्ध "रोको और बन्द करो" आदेश

2798. **श्री के० ए० राजन :** क्या **विधि न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एकाधिकार तथा प्रतिबन्धात्मक व्यापार प्रक्रिया आयोग ने मैसर्स वैस्टर्न इंडिया प्लाईवुड लिमिटेड, कन्नानुर (केरल) के विरुद्ध "रोको और बन्द करो" आदेश (सीज एण्ड डजिस्ट आदेश) जारी किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस फर्म के विरुद्ध दायर किये गये आरोप क्या हैं और उन पर आगे क्या कार्यवाही की गई है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : (क) हां, श्रीमान जी।

(ख) मैसर्स वैस्टर्न इंडिया प्लाईवुड लिमिटेड को वार्षिक व्यापारावर्त के आधार पर अपने अभिकर्ताओं को बोनस के रूप में अंशाँकित बट्टा देने की प्रतिबन्धात्मक व्यापार प्रथा में ग्रस्त होने के आरोप का दोषारोप लगाया गया था। आयोग ने वार्षिक व्यापारावर्ता के आधार पर अपने अभिकर्ताओं/उपभोक्ताओं को अंशाँकित बट्टा स्वीकृत करने से कम्पनी को रोकने और निषिद्ध करने और यह कि इस निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा को भविष्य में नहीं दोहराया जाएगा के आदेश 28-1-78 को पारित किये थे। आयोग ने कम्पनी को आयोग के आदेश की शर्तों के अनुपालन के लिए शपथपत्र प्रस्तुत करने तथा आयोग के आदेश की एक प्रति अपने 1-1-78 तक के अभिकर्ताओं को पृष्ठाँकित करने का भी आगे आदेश दिया। कम्पनी ने अनुपालन के लिए शपथपत्र प्रस्तुत कर दिया है, जो परीक्षान्तर्गत है।

श्रेणी चार के संवर्गों में नियुक्ति

2799. **श्री ए० के० राय :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सीनियर डी० ओ० एस० (टी०) धनबाद, पूर्व रेलवे, के जाली हस्ताक्षर द्वारा श्रेणी चार के संवर्गों में नियुक्ति के मामले में भ्रष्ट प्रक्रिया की एक रिपोर्ट मिली है, और

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख) जी हां। माननीय संसद सदस्य द्वारा अग्रेषित शिकायत क्षेत्रीय रेलवे को 18-2-78 को प्राप्त हो गयी थी और उसकी जांच-पड़ताल की जा रही है।

स्टेशन मास्टरों तथा सहायक स्टशन मास्टरों की संख्या

2800. **श्री राम प्रकाश त्रिपाठी :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सभी भारतीय रेलवे में, डिवीजनवार और ग्रेड वार स्टेशन मास्टरों तथा सहाकय स्टेशन मास्टरों की वास्तविक तथा मन्जूरशुदा संख्या क्या है ;

(ख) दिल्ली डिवीजन में ग्रेडवार, स्टेशन मास्टरों तथा सहायक स्टेशन मास्टरों के कुल कितने पद रिक्त पड़े हैं, और

(ग) उन रिक्त पदों को भरने के लिए प्रशासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग) सूचना इक्ट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

किशनगंज रेलवे स्टेशन पर आरक्षण की व्यवस्था

2801. **श्री हलीमुद्दीन अहमद :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि यात्रियों को उत्तर सीमांत रेलवे में किशनगंज और अरेरिया से दिल्ली और कलकत्ता के लिए शायिका/सीट का आरक्षण करने में बहुत कठिनाई हो रही है, और

(ख) क्या यात्रियों को होने वाली इस कठिनाई को देखते हुए सरकार का विचार किशनगंज और अरेरिया रेलवे स्टेशनों पर शायिका/सीट के आरक्षण की व्यवस्था करने का है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख) दिल्ली और कलकत्ता जाने वाली गाड़ियों में इस समय किशनगंज और अररिया स्टेशनों के लिए निम्नलिखित कोटा आवंटित किया गया है:—

	किशनगंज		
	पहला दर्जा	दूसरा दर्जा शायिका	सीटें
1. 155 डाउन तिनसुकिया मेल	—	6	—
2. 4 डाउन असम मेल	2	—	5
3. 85 अप असम मेल	—	2	—
4. 166 डाउन जनता	—	14	3
5. 348 डाउन सवारी गाड़ी	2	2	4
		अरेरिया दूसरा दर्जा शायिकाएं	
1. 44 डाउन दार्जिलिंग मेल		2	—

2. यातायात के मौजूदा स्तर के लिए यह व्यवस्था पर्याप्त समझी जाती है क्योंकि ये कोटे भी पूरी तरह इस्तेमाल नहीं किये जाते।

रेलवे को हानि

2802. **श्री पदमाचरण सामन्तसिंहेरा** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि कुछ रेलवे घाटे में चल रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो रेलवे-वार आय और व्यय क्या है ;

(ग) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) उन रेलवे के लिए क्या अतिरिक्त व्यय की व्यवस्था की गई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख) जी हां, वर्ष 1976-77 में, 9 क्षेत्रीय रेलों में से 4 क्षेत्रीय रेलों अर्थात् पूर्व, पूर्वोत्तर, पूर्वोत्तर सीमा और दक्षिण रेलों ने घाटा दिखाया है। 9 क्षेत्रीय रेलों के प्रत्येक के वित्तीय परिणाम संलग्न विवरण के में दिये गये हैं।

(ग) क्षेत्रीय रेलों का क्षेत्राधिकार अलग-अलग क्षेत्रों की अर्थ-क्षमता पर इतना अधिक आधारित नहीं होता जितना कि समन्वित और अविच्छिन्न परिचालन पर निर्भर करता है। कुछ क्षेत्रीय रेलों पर स्वभाविक रूप से वित्तीय परिणाम बेहतर होते हैं जबकि परिचालनिक विशेषताओं की वजह से अन्य रेलों पर अच्छे परिणाम प्राप्त नहीं होते।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

(करोड़ रुपयों में)

	मध्य	पूर्व	उत्तर	पूर्वोत्तर	पूर्वोत्तर-सीमा	दक्षिण	दक्षिण-मध्य	दक्षिण-पूर्व	पश्चिम
1. यातायात से कुल प्राप्ति	322.16	246.20	314.47	82.94	63.34	165.55	179.79	367.21	294.45
2. (क) कुल संचालन व्यय	226.04	246.51	265.94	100.61	89.99	180.50	141.02	237.75	230.20
(ख) शुद्ध विविध प्राप्ति	—0.81	1.29	1.76	−0.83	—0.40	1.05	0.94	0.95	1.00
3. शुद्ध राजस्व (1-2 क और ख)	95.31	1.60	46.77	−18.50	—27.05	16.00	37.83	128.51	63.25
4. सामान्य राजस्व को भुगतान	28.70	25.71	28.80	7.87	—6.47	22.36	16.03	52.27	26.06
5. अधिशेष (+) हानि (—) (3—4)	+66.61	27.31	+17.97	−26.37	—20.58	38.36	+21.80	+76.24	+37.19

दि फर्टिलाइजर एण्ड केमीकल्स, त्रावनकोर लिमिटेड से निकलने वाले गंदे पानी से खेती को नुकसान

2803. **श्री वयालार रवि :** क्या **पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बाताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि दि फर्टिलाइजर एण्ड केमीकल्स, त्रावनकोर लिमिटेड, आलवाई से निकलने वाला गंदा पानी जो नदी में गिरता है, आस पास के क्षेत्रों में खेती को नष्ट करता है जिसके परिणामस्वरूप किसानों को भारी नुकसान होता है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस गंदे पानी को साफ करने के लिए एक संयंत्र की स्थापना करने हेतु कोई योजनायें बनाई हैं जिससे इस पानी में विषमान रसायनों की प्रतिशतता कम हो जाए ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) और (ख) फैक्ट्री के अल्वाय एकक से निकलने वाले निस्राव के कारण आस-पास के क्षेत्र में फसल को हुई हानि का कोई विशेष मामला सरकार के ध्यान में नहीं आया है । तथापि केरल राज्य जल-प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप कम्पनी ने निस्राव योजना पर एक विस्तृत प्रायोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की है जिसका मूल्यांकन किया जा रहा है ।

फरवरी, 1977 से फरवरी, 1978 के बीच पंजीकृत की गई कम्पनियां

2804. **श्री वयालर रवि :** क्या **विधि, न्याय और कंपनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फरवरी, 1977 से फरवरी, 1978 की अवधि में कितनी नई कम्पनियां पंजीकृत की गई हैं और उनका राज्यवार ब्यौरा क्या है ;

(ख) इनमें से कितनी कम्पनियों को विदेशी सहयोग प्राप्त हुआ है ; और

(ग) कितनी कम्पनियों में सरकारी शेयर हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शांति भूषण) : (क) तथा (ख) फरवरी, 1977 से जनवरी, 1978 तक की अवधि के मध्य, कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत, हिस्सों द्वारा सीमित 2548 कम्पनियों का पंजीकरण हुआ था । इन कम्पनियों का राज्य-अनुसार विसर्जन संलगन विवरण-पत्र में दिया गया है ।

इन कम्पनियों में से केवल पांच को विदेशी सहयोग प्राप्त हुआ है ।

(ग) कम्पनियों का अधिकृत पूंजी सहित पंजीकरण होता है । इन कम्पनियों में सरकार द्वारा धारित हिस्से, यदि कोई हों, तो उनका सुनिश्चय, उनकी प्रदत्त पूंजी में वृद्धि किये जाने के पश्चात् ही किया जा सकता है । तथापि, फरवरी, 1977 से जनवरी, 1978 तक की अवधि के मध्य में पंजीकृत 2548 कम्पनियों में से 35 सरकारी कम्पनियां थीं ।

विवरण

फरवरी, 1977 से जनवरी, 1978 तक की अवधि के मध्य, पंजीकृत, हिस्सों द्वारा सीमित कम्पनियों की संख्या का राज्य-अनुसार विसर्जन।

राज्य/संघ प्रशासित क्षेत्र	हिस्सों द्वारा सीमित कम्पनियों की संख्या
आंध्र प्रदेश	131
आसाम	32
बिहार	32
गुजरात	104
हरियाणा	12
हिमाचल प्रदेश	7
जम्मू एवं कश्मीर	9
कर्नाटक	163
केरल	73
मध्य प्रदेश	41
महाराष्ट्र	613
नागालैंड	1
उड़ीसा	36
पंजाब	49
राजस्थान	46
तामिलनाडू	167
उत्तर प्रदेश	156
पश्चिम बंगाल	455
चंडीगढ़	28
दिल्ली	355
गोवा, दमण एवं दीव	17
मणिपुर	2
मेघालय	4
पाण्डिचेरी	7
त्रिपुरा	1
अरुणाचल प्रदेश	7
योग	2548

आल इण्डिया स्टेशन मास्टर्स एसोसियेशन का अभ्यावेदन

2805. **श्री ए० के० राय:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण रेलवे के मदुरै डिवीजन के संपीड़ित रेलवे कर्मचारियों के मामले पर आल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसियेशन का दिनांक 11 जनवरी, 1978 का अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण): (क) और (ख) 8-8-77 को एक्सप्रेस गाड़ी को चलने से रोकने के लिए रेलपथ पर जिन रेल कर्मचारियों ने धरना दिया था उनके विरुद्ध राजकीय पुलिस द्वारा दायर मामले के संबंध में यह अभ्यावेदन है। यह मामला न्यायाधीन है। रेलवे के स्तर पर कोई कार्रवाई सम्भव नहीं है क्योंकि पुलिस मामले को वापिस लेना राज्य प्रशासन का विवेक है।

VIOLATION OF COMPANIES ACT, BY JAM TEXTILE MILLS, BOMBAY

2806. SHRI HUKAM CHAND KACHWAI : Will the Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether the provisions of Company Law have been flouted by the Jam Textile Mills, Bombay and if so, whether Government propose to take action against the present Directors of the Mills;

(b) whether the present Directors have become the proprietors of the Mill by dislodging the former Directors through unlawful means; and

(c) if so, whether Government will have the entire matter investigated ?

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI SHANTI BHUSHAN) : (a) No Company under the name 'Jam Textile Mills' has been registered under the Companies Act 1956 in Maharashtra. However there is a company registered in Maharashtra under the name M/s Jam Manufacturing Company Limited, which is engaged in Textile business. In the case of that company, two instances of violations of provisions of Companies Act, 1956 have been noticed during the last 3 years. These are delay in filing (i) Form No. 32 dated 22-8-75 and (ii) Form No. 23 regarding Board Resolution passed on 5-9-77. Additional fee was imposed on the Company for both the defaults.

(b) & (c) According to the returns filed with the Registrar of Companies, Maharashtra, Bombay, there was a change in the shareholding pattern and change in the Board of Directors of the Company in November, 1976. The Department of Company Affairs have no information as to whether the change was brought about through unlawful means. No specific complaint regarding irregularities has come to the notice of the Government to warrant an investigation into the affairs of this Company.

पूर्वोत्तर रेलवे में अधिकारियों की सेवाएं बने रहना

2807. **श्री दयाराम शाक्य:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वोत्तर रेलवे में ए० टी० एस० से जी० एम० तक के कितने अधिकारियों को उनकी नियुक्ति से लेकर इस अवधि तक पूर्वोत्तर रेलवे में बने रहने की अनुमति दी गई है अथवा थोड़ी सी अवधि के बाद वे पुन: वापिस आ गए हैं ; और

(ख) पूर्वोत्तर रेलवे में इन अधिकारियों की सेवायें बनाए रखने की अनुमति देने के क्या कारण हैं जो गुटवाद, प्रान्तीयता, जातिवार भ्रष्टाचार फैला रहे हैं और जिसके परिणाम-स्वरूप कर्मचारियों में रोष, असंतोष और कार्यकरण में बिगड़ती हुई स्थिति व्याप्त है जिससे इस रेलवे की आर्थिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

(ख) अधिकारियों की एक स्थान पर तैनाती के लिए कोई निश्चित अवधि नहीं है और जब भी आवश्यक हो प्रशासनिक अपेक्षाओं को देखते हुए स्थानान्तरण किये जाते हैं। ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं है कि पूर्वोत्तर रेलवे पर बने रहने के कारण अधिकारियों में वर्गवाद, प्रान्तीयता की भावना है जो कि रेल हित के विरुद्ध हो। विशिष्ट शिकायतें प्राप्त होने पर ही समुचित कार्रवाई की जा सकती है।

पाकिस्तान के साथ व्यापार और यातायात का निर्बाध आवागमन

2808. **श्री आर० के० महालगी**
श्री आर० बी० स्वामीनाथन : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस्लामाबाद में पाकिस्तान सरकार के अधिकारियों के साथ हाल ही में हुई बैठक में इन दो देशों के बीच व्यापार और यातायात के निर्बाध आवागमन पर कोई समझौता हुआ था, और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख) अभी हाल में 26 से 29 दिसम्बर, 1977 को भारत और पाकिस्तान के रेलवे शिष्ट मंडलों की समन्वय बैठक इस्लामाबाद में हुई थी जिसमें रेल यातायात के संचलन की प्रक्रिया को सरल और तर्कसंगत बना दिया गया था ताकि दो देशों को पार्सलों और माल यातायात के संचलन की सुविधाएं मिल सकें।

मद्यसार का एक राज्य से दूसरे राज्य में लाना-ले जाना

2809. **श्री के० प्रधानी** : क्या पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने उत्पादन शुल्क नियमों के अन्तर्गत मद्यसार को एक राज्य से दूसरे राज्य में लाने-ले जाने को नियंत्रित कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो मद्यसार के एक राज्य से दूसरे राज्य में लाने-ले जाने पर क्या पाबंदियां लगाई गई हैं; और

(ग) क्या उत्पादन शुल्क के रिलीज आर्डरों के अभाव में उत्तर प्रदेश में भारी तादाद में मद्यसार का स्टाक अनबिका पड़ा है?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नंदन बहुगुणा) : (क) अल्कोहल का अधिक अल्कोहल वाले राज्य से कम अल्कोहल वाले राज्य में आबंटन केन्द्रीय शीरा बोर्ड

जिसकी अल्कोहल वर्ष के प्रारम्भ में वार्षिक बैठकें होती हैं, की सिफारिशों के आधार पर केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जाता है। अल्कोहल के लाने ले जाने पर नियंत्रण राज्य सरकारों द्वारा अपने उत्पादन शुल्क नियमों के अन्तर्गत रखा जाता है।

(ख) अल्कोहल का एक राज्य से दूसरे राज्य में लाना ले जाना राज्यों में उत्पादन शुल्क प्राधिकरण के रिलीज आर्डरों, कई शुल्क/फीस आदि के अधीन होता है।

(ग) जी, नहीं।

पावर अल्कोहल की कमी

2810. **डा० सुशीला नायर:** क्या **पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पावर अल्कोहल के औद्योगिक उपयोग क्या हैं और क्या देश में पावर अल्कोहल की कमी है; और

(ख) इस स्थिति को सुधारने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नंदन बहुगुणा): (क) पावर अल्कोहल (औद्योगिक अल्कोहल) का प्रयोग एसिटिक एसिड, एसिटिक एनहाइड्राइड, बूटानल, इथाइल एसिटेट, 2-इथाइल हेक्सनल तथा अन्य मदें जैसे संश्लिष्ट रबड़, पोलीइथाइलीन तथा पोलीस्ट्रीन जैसे रसायनों का निर्माण करने में लाया जाता है। अल्कोहल का प्रयोग औषध तथा कीटनाशक औषधों के निर्माण के लिए भी प्रयोग में लाया जाता है? देश में अल्कोहल की कमी नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

आसाम के तेल वाले क्षेत्रों में तेल का भंडार

2812. **श्री सरतकार:** क्या **पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खोजे गए तेल भंडार की अनुमानित मात्रा के बारे में ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि आसाम के तेल वाले क्षेत्रों में तेल की कमी हो गई है, यदि हां, तो गत पांच वर्षों के दौरान तेल की कितनी कमी हुई है; और

(ग) तेल निकालने की वर्तमान दर से इन भंडारों के कितनी अवधि तक चलने की संभावना है?

पैट्रोलियम, रसायन तथा उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा): (क) असम क्षेत्र में, तेल भण्डार की अनुमानित मात्रा तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग तथा आयल इण्डिया लि० दोनों को मिलाकर लगभग 80 मि० मी० टन है। तथापि, यह अनुमान समय-समय पर अगले अनुसंधान कार्य/उत्खनन विकास तथा प्राप्त करने के सुधार के फलस्वरूप बदल भी सकता है।

(ख) अंतिम 5 वर्ष के दौरान तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग ने लगभग 4.49 मि० मी० कच्चे तेल का उत्पादन किया और आयल इंडिया लि० ने अपने तेल के क्षेत्रों से 15—48 मि० मी० टन का।

(ग) वर्तमान ज्ञान प्राप्त होने योग्य भण्डारों के आधार पर वर्तमान उपयोग की दर से 15—20 वर्ष तक चलते रहने की सम्भावना है।

VACANT POSTS OF L.D.C. IN NORTHERN RAILWAY

†2813. SHRI HUKAM CHAND KACHWAI : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 3749 on the 13th December, 1977 regarding vacant posts of LDCs in Northern Railway and state the number of posts out of vacant posts of L.D.Cs in Northern Railway reserved for persons belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes and the time by which these posts will be filled ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : Information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

CASE AGAINST RAILWAYS FILED BY EMPLOYEES

†2814. SHRI HUKAM CHAND KACHWAI : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the category-wise and department-wise number of railway employees of the various zones of the Railways who have filed suits against the Railways in the various courts at present; and

(b) the number of cases out of them which are less than three years old and those which are more than three years old and the number of cases out of them which have been filed by the various unions and the names of these unions ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

रासायनिक उद्योगों के लिये कच्ची सामग्री

2815. **श्री दुर्गा चन्द :** क्या पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चावल की भूसी, धान की भूसी, जंगल के सूखे पत्ते तथा गन्ने की खोई जैसे कृषि-तलछट बड़ी उपयोगी कच्ची सामग्री है और रसायनिक उद्योगों के लिए कच्ची सामग्री के रूप में इस्तेमाल किये जा सकते हैं ;

(ख) क्या सरकार इन कृषि-तलछटों का उपयोग करने पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) सरकार ने विभिन्न कृषि अवशिष्ट उत्पादों की वसूली के लिए स्वीकृति दे दी है। गन्ने की खोई/धान की भूसी/मक्की के डंठल से जूतों के निर्माण के लिए 6 एककों को मंजूरी दी गई है। कृषि-अवशिष्ट उत्पादों से कुछ अन्य मदों जैसे भूसी का तेल और एक्टिव कार्बन को भी बनाया जाता है।

पेट्रोल की कीमत में कमी

2816. **श्री दुर्गा चन्द :** क्या **पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या सरकार की पेट्रोल की कीमत में कमी करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या पेट्रोल के लिए लेवी पद्धति लागू करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;

(ङ) वर्ष 1977 में देश में पेट्रोल की खपत में कितनी बचत हुई है; और

(च) पेट्रोल की खपत में कमी लाने के लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) पेट्रोल तुलनात्मक रूप में अत्यावश्यक पेट्रोलियम उत्पाद नहीं है। आयातित अशोधित तेल की बढ़ती हुई लागत को ध्यान में रखते हुए पैट्रोलियम उत्पाद की अत्यधिक खपत को कम करना आवश्यक है। इसके साथ ही पेट्रोल की कम खपत से उर्वरक और पेट्रोरसायन उद्योगों में प्रयोग में आने वाला नेप्था अत्यधिक मात्रा में उपलब्ध होगा।

(घ) इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ङ) 1977-78 वर्ष में पेट्रोल की खपत 1972–73 वर्ष की पेट्रोल की खपत से 13 प्रतिशत कम हुई। पेट्रोल खपत की वृद्धि दर अन्य पैट्रोलियम उत्पादों के वृद्धि दर की तुलना में तकरीबन 1.5 से लेकर 2 प्रतिशत कम हुई।

(च) (i) पैट्रोल की खपत की मुख्यत: वित्तीय उपायों के माध्यम से नियंत्रित रखा गया है जिनमें अव्यवस्थित उपयोग के लिए किसी प्रोत्साहन की व्यवस्था नहीं है ? विपुल परिवहन प्रणालियों में प्रयुक्त ईंधनों के मूल्य तुलनात्मक रूप से सस्ती दरों पर तय किए जाते हैं।

(ii) कुछ ऐसे उपायों का परीक्षण किया गया है जिससे वायुयान ईंधन मिश्रण में सुधार हुआ है। जिसके परिणाम स्वरूप बेहतर दहन और ईंधन मितव्यता हुई हैं। प्रीमियर कार में सुधरे हुए कारबुरेटर किट के लगा देन से प्रति लीटर लगभग 10 प्रतिशत अतिरिक्त मील दूरी में वृद्धि हुई है। बाजार में उपलब्ध अन्य उपायों का भी पैट्रोलियम संरक्षण कार्यकारी दल द्वारा मूल्यांकन किया गया है।

रेल दुर्घटनाएं रोकने के नये उपाय

2817. **श्री दुर्गा चन्द**
श्री डी० डी० देसाई
श्री जी० एम० बनतवाला
श्री श्याम सुन्दर गुप्त
श्री मुख्तियार सिंह मलिक
: क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेल मंत्रालय रेल दुर्घटनाएं रोकने के लिए नये उपाय कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) ये उपाय कब ग्रारम्भ किये जायेंगे; ग्रौर

(घ) उन उपायों पर कितनी धनराशि खर्च होने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी हां।

(ख) जिन नये संरक्षा उपकरणों को उपयोग में लाये जाने का प्रस्ताव है वे हैं स्वचल चेतावनी प्रणाली, धुरा काउंटर तथा गर्द्ध बाक्स संसूचक।

(ग) चरणबद्ध तथा कार्यक्रमबद्ध ग्राधार पर।

(घ) इन उपकरणों की ग्रनुमानित लागत निम्न प्रकार होगी :—

1. स्वचल चेतावनी प्रणाली :

(क) इंजन उपस्कर 80,000 रु० प्रति रेल इंजन।

(ख) क्षेत्र उपस्कर 10,000 रु० प्रति स्टेशन (2 सेट)।

2. धुरा काउंटर 90,000 रु० प्रति सेट।

3. गर्म बाक्स संसूचक 500,000 रु० प्रति संस्थापना।

बम्बई हाई के लिये विदेशी फर्मों के साथ हस्ताक्षर किये गये समझौतों पर पुर्नविचार

2818. **श्री वयालार रवि** : क्या **पैट्रोलियम तथा रसायन ग्रौर उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने समझौते के हस्ताक्षर करने में भ्रष्ट ग्रारोप के कारण बम्बई हाई के लिए विदेशी फर्मों के साथ हस्ताक्षर किये गये समझौतों पर पुर्नविचार किया है; ग्रौर

(ख) यदि हां, तो किन-किन समझौतों पर पुर्नविचार किया गया है ग्रौर बम्बई हाई में ग्रशोधित तेल के उत्पादन के कार्यक्रम को जारी रखने के लिये ग्रागे क्या कार्यवाही की गई है ?

पैट्रोलियम, रसायन ग्रौर उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) ग्रौर (ख) सी० एफ० डी० ग्रौर तेल एवं प्राकृतिक गैस ग्रायोग के बीच समझौते के सम्बन्ध में एक फौजदारी का केस चल रहा है। सी० बी० ग्राई० द्वारा केस की छान-बीन की जा रही है।

बम्बई हाई से कच्चे तेल के उत्पादन लगभग निर्धारित कार्यक्रम के ग्रनुसार चल रहा है।

तिरोड़ी ग्रौर तुमसा रोड के बीच एक रेलगाड़ी

2819. **श्री कचरूलाल हेमराज जैन** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दक्षिण पूर्व रेलवे पर तिरोड़ी ग्रौर तुमसा रोड के बीच केवल एक मिलीजुली रेलगाड़ी चलती है;

(ख) क्या जनता की यह मांग है कि इस गाड़ी को एक बार की बजाय जैसे कि ग्रब चलती है, दो बार चलाया जाये; ग्रौर

(ग) यदि हां, तो कब से ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी हां।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

निर्माण आरक्षी पद

2820. **श्री दीनेन भट्टाचार्य :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की निर्माण आरक्षी पद बनाने के बारे में क्या नीति है;

(ख) क्या उक्त पद श्रेणी चार के कर्मचारियों के लिये भी बनाये जाते हैं;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

(घ) उक्त कितने पद बनाए गए हैं; और

(ङ) उक्त आरक्षी पदों पर कुल कितने कर्मचारी अभी स्थाई किये जाने हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) निर्माण विभाग में प्रत्येक ग्रेड के अस्थाई अराजपत्रित पदों में से 40 प्रतिशत पदों का निर्माण रिजर्व के रूप में स्थाई रखा गया है।

(ख) जी हां।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) 4700 से अधिक।

(ङ) जबकि अधिकांश कर्मचारियों को इन पदों पर स्थायी कर दिया गया है लेकिन कुछ रेलों पर कुछ कर्मचारियों द्वारा न्यायालयों में याचिकाएं दायर किये जाने के कारण पात्र कर्मचारियों को स्थाई करने की प्रक्रिया रोक दी गई है। अदालती मामलों को अंतिम रूप देने पर ही आगे की कारवाई की जा सकती है।

CONSULTATIVE/ADVISORY COMMITTEES FOR RAILWAY ZONES

2821. SHRI MEETHA LAL PATEL : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to lay a statement showing :

(a) whether Consultative/Advisory Committees for various Railway Zones and Divisions have been constituted;

(b) if so, the names, addresses, etc., of the members of these committees of various divisions of Western Railway will be laid on the Table;

(c) the criteria followed in selecting these members; and

(d) in case the said committees have not been set up, when they are likely to be set up ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) The Railway Users' Consultative Committees at the Divisional and Zonal levels have been reconstituted for the period ending 31-12-1979 and 31-3-1980 respectively.

(b) A statement is attached.

[Placed in Library. *See* No. L.T. 1808/78]

(c) Nomination on these Committees is based on the principle of securing as wide a representation as practicable keeping in view the various identifiable and important groups of rail users.

(d) Does not arise.

STATEMENT

I. Divisional Railway Users' Consultative Committee, Bombay, Western Railway.

1. The Indian Merchants Chamber, Bombay.
2. The Bombay Chamber of Commerce, Bombay.
3. The Southern Gujarat Chamber of Commerce and Industry, Surat.
4. The Iron, Steel and Hardware Merchants & Manufacturers' Chamber of India, Bombay.
5. The Surat Art Silk Cloth Manufacturing Association, Surat.
6. The Southern Gujarat Fruit & Vegetable Growers Co-operative Associations Ltd., Valsad.
7. The Kutch Passengers' Association, Bombay.
8. The Passengers and Traffic Relief Association, Bombay.
9. Dr. C. J. Pandya, Sreenagar, Chandavarkar Lane. Borivili West, Bombay.
10. Shri Chandrakant Vora, 15, Janglanagar, Kapol Niwas, Jeetendra Road, Malad (East), Bombay.
11. Shri Ishwar Lal M. Mehta, 106, Santiniketan Society, Vadtal Devli Road, Surat.
12. Commissioner, Bombay Division, Bombay.
13. Collector, Dadra and Nagar Haveli, Silvassa (Via Vapi).
14. The Supdt., Engineer (R&B) Circle, Vadodara.
15. Shri Thakorbhai Narottambhai Patel, M. L. A., Near Lal Bunglow, Athwa Lines, Surat.
16. Shri Ratan Singh Rajda, M.P. (Lok Sabha).
17. Capt. M. A. S. Golandaz, M.P. (Rajya Sabha).
18. A Member of State Legislature of Maharashtra.

अरकोणम में फ्लैश बट वेल्डिग संयंत्र के कर्मचारी

2822. **श्री दीनेन भट्टाचार्य :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण रेलवे के अरकोणम स्थित फ्लैश बट वेल्डिग संयंत्र में कोई ऐसे कर्मचारी काम कर रहे हैं जिनकी तीन वर्ष से अधिक की सेवा हो गई है लेकिन उन्हें स्थाई नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे कर्मचारी कितने हैं और उन्हें स्थाई करने में विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ग) इस मामले को शीघ्र निपटाने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी हां।

(ख) 87 नैमितिक मजदूर। चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में नियमित रूप से समाहित हो जाने के पश्चात् ही उनको स्थाई किया जा सकता है ।

(ग) नियमित किस्म के कुछ अस्थाई पदों का अब सृजन किया जा चुका है और उनमें से 38 मजदूरों को इन पदों पर नियमित रूप से नियुक्त कर दिया गया है। पदों के स्थाई हो जाने के बाद उन्हें स्थायी कर दिया जाएगा।

उत्तर और दक्षिण 24 परगना के बीच रेलगाड़ी सेवा आरम्भ करना

2823. **श्री दीनेन भट्टाचार्य :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर और दक्षिण 24 परगना के बीच चितपुर यार्ड होकर रेलगाड़ी सेवा आरम्भ करने के बारे में सरकार को कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार का क्या निर्णय है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी हां। प्रस्ताव यह है कि उत्तर और दक्षिण 24 परगना को जोड़ने के लिये एक गाड़ी चलाई जाए जो सियालदह को छोड़ती हुई कांकुरगचिया कोई माल लाइन के रास्ते होकर जाए, न कि चितपुर यार्ड के रास्ते से।

(ख) कांकुरगचिया कोई माल लाइन के रास्ते उत्तर और दक्षिण 24 परगना के बीच एक सवारी गाड़ी चलाना संभव नहीं है, क्योंकि यह लाइन यात्री गाड़ियों के उपयुक्त नहीं है।

पंचकुटा-हल्दिया रेल लाइन का दोहरा किया जाना

2824. **श्री दीनेन भट्टाचार्य :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हल्दिया पत्तन और अन्य उद्योगों के विकास को देखते हुए पंचकुटा रेल लाइन को दोहरा करने के बारे में सरकार को कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार ने क्या निर्णय किया है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी हां।

(ख) यातायात की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये इस खंड की क्षमता पर्याप्त है। इसलिये, इस खंड पर दोहरी लाइन बिछाना आवश्यक नहीं है।

गोवा तथा अन्य स्थानों पर उच्च न्यायालयों की बैंचें स्थापित करना

2825. **श्री प्रसन्नभाई मेहता :** क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गोवा में और उत्तर प्रदेश में मेरठ सहित देश के कुछ अन्य भागों में उच्च न्यायालयों की बैंचे स्थापित करने का विनिश्चय किया है; और

(ख) देश में अन्य किन-किन स्थानों पर उच्च न्यायालयों की बैंचें स्थापित की जायेंगी?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शांति भूषण) : (क) और (ख) ऐसा कोई विनिश्चय नहीं किया गया है।

उन्नाव रेलवे स्टेशन पर छात्र हिंसा

2826. **श्री प्रसन्नभाई मेहता :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लखनऊ से लगभग 60 किलोमीटर दूर उन्नाव रेलवे स्टेशन पर 16 फरवरी,

1978 को जी० आर० पी० पोस्ट पर छात्रों द्वारा पथराव में सरकारी रेलवे पुलिस के अधीक्षक सहित अनेक व्यक्ति आहत हो गये थे;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है; और

(ग) उसके कारण क्या थे और उत्तरदायी ठहराये गये व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण): (क) जी हां, पुलिस अधीक्षक (रेलवे) लखनऊ सहित 6 व्यक्ति घायल हुए थे।

(ख) 16–2–1978 को एक मैजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ, पुलिस उप-अधीक्षक उन्नाव, पुलिस और रेलवे सुरक्षा दल के कर्मचारियों तथा चल टिकट परीक्षकों ने अचलगंज रेलवे स्टेशन पर रायबरेली-कानपुर सवारी गाड़ी की जांच की थी और 27 व्यक्तियों जिनमें 5 छात्र और 2 अध्यापक थे, बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा था। अब अधिकारी गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों के साथ बस और जीप में अचलगंज रेलवे स्टेशन से जा रहे थे, तब अचलगंज स्कूल के छात्रों ने बस और जीप पर पत्थर फेंके जिसके परिणाम स्वरूप पुलिस अधीक्षक (रेलवे), पुलिस उप अधीक्षक, दो सिपाहियों तथा दो अन्य व्यक्तियों को मामूली चोटें आयीं। गिरफ्तार व्यक्तियों को लेकर यह दल उन्नाव की सरकारी रेलवे पुलिस चौकी पर पहुंचा। छात्रों और अध्यापकों की गिरफ्तारी का समाचार उन्नाव की शिक्षा संस्थाओं में फैल गया। बड़ी संख्या में छात्रों तथा स्थानीय नेताओं ने उन्नाव रेलवे स्टेशन और जी० आर० पी० की चौकी का घेराव किया तथा गिरफ्तार व्यक्तियों विशेषकर छात्रों और अध्यापकों को छोड़ देने की मांग की। क्रुद्ध भीड़ ने पत्थर फेंके और उन्नाव रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक सवारी गाड़ी के होज पाइपों को अलग कर दिया। बाद में छात्रों और अध्यापकों को निजी मुचलकों पर छोड़ दिया गया। शेष गिरफ्तार व्यक्तियों को भी रेलवे की देय राशि लेकर छोड़ दिया गया।

(ग) प्रकटतः, टिकट जांच कर्मचारियों, पुलिस तथा मजिस्ट्रेट द्वारा बिना टिकट यात्रा करने वाले छात्रों और अध्यापकों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई के कारण छात्र तथा अन्य व्यक्ति हिंसा के लिये भड़क उठे। उन्नाव की सरकारी रेलवे पुलिस ने 16–2–1978 को भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 353, 336 और 427 के अन्तर्गत एक मामला दर्ज कर लिया है और उसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

गाड़ियों की तोड़-फोड़ के बारे में धमकी

2827. श्री प्रसन्न भाई मेहता
श्री नरेन्द्र सिंह
श्री विजय कुमार मलहोत्रा
श्री जी० एम० बनतवाला
श्री श्याम सुन्दर गुप्ता
श्री मुख्तियार सिंह मलिक
श्री मही लाल

: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें पता है कि उत्तर रेलवे के जनरल मैनेजर को कुछ अज्ञात व्यक्तियों से उत्तरी क्षेत्र में रेल यातायात में गड़बड़ करने के बारे में धमकी भरे पत्र प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो न केवल उत्तरी क्षेत्र में अपितु देश भर में रेल सेवा में गड़बड़ी को रोकने की दृष्टि से सभी रेल लाइनों की चौकसी के लिये क्या उपाय किये जाने हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी हां।

(ख) इनकी रोकथाम के लिये निम्नलिखित उपाय किये गये हैं:—

1. सारे देश में नाजुक खंडों में रेलवे सुरक्षा दल (11,000) और गैंगमैनों (14,000) द्वारा रेल पथ पर गश्त लगाने का काम शुरू किया गया है;
(ख) मार्गवर्ती खण्डों में अतिरिक्त लाइन क्षमता की कमी और नई दिल्ली/दिल्ली स्टेशनों पर अपेक्षित टर्मीनल सुविधाओं के न होने के कारण परिचालनिक दृष्टि से भुसावल और नई दिल्ली के बीच एक अतिरिक्त रेल गाड़ी चलाना व्यावहारिक नहीं हैं।

दो मान्यता प्राप्त संघों द्वारा उठाई गई समस्याएं

2870. **श्री शिव नारायण सरसूनिया :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे कर्मचारियों के दो मान्यताप्राप्त संघों अर्थात् ए० आई० आर० एफ० और एन० एफ० आई० आर० द्वारा मार्च, 1977 के बाद हुई पी० एच० एम० की बैठकों में राष्ट्रीय (रेलवे मंत्रालय), जोनल और डिवीजनल स्तर की अलग-अलग कुल कितनी समस्यायें उठाई गई;

(ख) उपर्युक्त भाग (क) में से कितनी समस्यायें अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से संबंधित थीं;

(ग) उपर्युक्त भाग (ख) में कितने मामलों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अनुरोधों को निपटाया गया और क्या-क्या निर्णय लिये गये; और

(घ) उपर्युक्त भाग (ग) में कितने मामलों में निर्णय अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के पक्ष में रहे ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (घ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

गंधक की तेजाब की कमी

2871. **श्री चित्त बसु :** क्या **पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम बंगाल में गंधक की तेजाब की कमी है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी सप्लाई बढ़ाने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं?

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) और (ख) वर्ष 1977 के उत्तरार्ध में पूर्वी क्षेत्र के लघु उद्योग क्षेत्र से सल्फूरिक एसिड की कमी के सम्बन्ध में अभ्यावेदन प्राप्त किये गये थे। उपभोगकर्ताओं तथा उत्पादकों से परामर्श करने के पश्चात् सरकार ने उत्पादन करने वाली कम्पनियों से अपनी सप्लाई को बढ़ाने के लिये अनुरोध किया जिससे कमी दूर हो जाये।

कम्पनियों के बड़े अधिकारियों और व्यापारियों को मिलने वाले परिलब्धियां

2872. **श्री पी० जी मावलंकर** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कम्पनियों के बड़े अधिकारियों और व्यापारियों को मिलने वाले परिलब्धियों में कमी करने के लिये कोई ठोस कदम उठाये हैं;

ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या इस प्रकार की यदि कोई कमी की गई है तो उसे सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों और निगमों के बड़े अधिकारियों के मामले में भी लागू किया जा रहा है और यदि हां, तो उसके तथ्य क्या हैं?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शांति भूषण) : (क) से (ग) सरकार ने श्री भूतलिंगम की अध्यक्षता में मजदूरी, आमदनी और कीमतों पर एक अध्ययन मण्डल नियुक्त किया है। अध्ययन मण्डल की रिपोर्ट मिलने पर निदेशकों के पारिश्रमिक और परि-लब्धियों आदि के प्रश्न का पुनरीक्षण किया जायेगा।

जहां तक सार्वजनिक उद्यमों का सम्बन्ध है परिलब्धि समेत प्रबन्धकों के वेतन सरकार द्वारा पहले ही से निरन्तर पुनरीक्षण के अन्तर्गत है। हाल के आदेशों के अनुसार सार्वजनिक उद्यमों को अपने कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में किसी प्रकार की आम वृद्धि करने के पूर्व सरकार से स्वीकृति लेनी होती है। इन उपक्रमों में शीर्ष पदों, अर्थात् अध्यक्ष या प्रबन्ध निदेशकों और दूसरे कार्यकारी निदेशकों के पदों पर आसीन व्यक्तियों के पारिश्रमिक सरकार द्वारा हर मामले के अनुसार अलग-अलग आधार पर तय किये जाते हैं।

रेलवे स्टेशन पर प्रतीक्षा-कक्ष की सुविधाएं

2873. **श्री पी० जी० मावलंकर** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में अनेक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर प्रतीक्षा-कक्षों की सुविधायें, विशेषकर दूसरी श्रेणी के यात्रियों के लिये, अप्रर्याप्त और असन्तोषजनक हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने स्थिति का कोई सर्वेक्षण किया है; और

(ग) यदि हां, तो क्या स्थिति में सुधार करने के लिये कोई कार्यवाही की गई है और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) :

(क) से (ग) भारतीय रेलों के सभी नियमित स्टेशनों पर दूसरे दर्जे के यात्रियों के लिये प्रतीक्षालयों की व्यवस्था करना आधारभूत सुविधाओं में से एक है । इस सुविधा का विस्तार करना/इसमें सुधार करना एक सतत प्रक्रिया है और जहां कहीं आवश्यक होता है इसकी समय-समय पर समीक्षा की जाती है। ऐसे निर्माण कार्यों को धन की उपलब्धता के अनुसार रेल उपयोगकर्ता सुविधा समिति के अनुमोदन से रेलवे के निर्माण कार्यक्रम में शामिल कर लिया जाता है।

न्यायिक अधिकारियों के लिए सुविधाएं

2874 **श्री पी० जी० मावलंकर :** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करगे कि:

(क) क्या सरकार को मालूम है कि देश भर के न्यायिक अधिकारियों तथा कार्यालयों को मूलभूत भौतिक सुख सुविधाओं सहित अनेक न्यूनतम सुविधाओं तथा सहूलियतों से भी वंचित रखा जाता है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त निराशाजनक स्थिति में सुधार करने के लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है; और

(ग) इस पर अनुमानतः कितना खर्च होगा और इस सारी व्यवस्था को हर स्थान पर आवश्यक मूलभूत सुख सुविधायें कब तक प्राप्त हो जाने की आशा है?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शांति भूषण) : (क), (ख) और (ग) राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से जानकारी इकट्ठी की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी।

रेल कर्मचारियों के लिये कर्मचारी प्रशिक्षण केन्द्र

2875. **श्री पी० जी० मावलंकर :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के विभिन्न क्षेत्रों में रेलवे कर्मचारियों के लिये कर्मचारी प्रशिक्षण कालेज कार्य कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं;

(ग) क्या उक्त कालेज और/अथवा प्रशिक्षण केन्द्र केवल रेलवे अधिकारियों और वरिष्ठ कर्मचारियों की आवश्यकतायें पूरी करते हैं अथवा क्या उक्त प्रशिक्षण कालेज/केन्द्र सब श्रेणियों के कर्मचारियों के लिये समान रूप से उपलब्ध हैं; और

(घ) वर्ष 1975, 1976 और 1977 में इस बारे में कुल कितनी धनराशि खर्च हुई;

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) केवल एक प्रशिक्षण कालेज अर्थात् बड़ोदरा में रेलवे स्टाफ कालेज कार्य कर रहा है। इसके अतिरिक्त 3 रेलवे प्रशिक्षण संस्थान और 160 प्रशिक्षण स्कूल/केन्द्र पूरे देश में फैले हुए हैं।

(ख) एक विवरण संलग्न है ((अनुबन्ध-I)

(ग) एक विवरण संलग्न है । (अनुबन्ध–II) **[ग्रंथालय में रखा गया/देखिये संख्या एल० टी० 1809/78]**

(घ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

USE OF HINDI WORKING EMPLOYEES IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS

2876. SHRI NAWAB SINGH CHAUHAN : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state :

(a) the total number of sections in his Ministry/Department and the number out of them where more than 80% employees are Hindi knowing;

(b) the total number of sections where noting and drafting are done in Hindi and the reasons for not doing so in other sections; and

(c) whether clear orders have been issued to all the sections to do noting and drafting in Hindi and if not the reasons therefor ?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHAGUNA) : (a) The number of sections in the Ministry is 48 and in 41 sections more than 80% employees are Hindi knowing.

(b) Only in the two Hindi sections all noting and drafting are done in Hindi. In other sections, a few employees occasionally do noting and drafting in Hindi. The work of this Ministry is of a technical nature and most of the employees do not have adequate working knowledge of Hindi for using Hindi for noting and drafting. The present instructions permit use of English for such purposes.

(c) Instructions have been issued to all the sections to comply with the policy of the Government in this regard.

IMPLEMENTATION OF OFFICIAL LANGUAGE ACT, 1963

2877. SHRI NAWAB SINGH CHAUHAN : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state :

(a) whether Section 3(3) of Official Language Act, 1963 is being fully implemented in his Ministry;

(b) if so, the total number of general orders, circulars, notices, tender permits issued during the last six months of 1977 and the number out of them of such orders etc. issued in Hindi alongwith English; and

(c) if the said section is not being implemented fully the reasons thereof and the steps being taken to implement it ?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHAGUNA) : (a) Yes, Sir.

(b) A statement showing the requisite information is laid on the Table of the Sabha.

(c) Does not arise.

STATEMENT

(b) The requisite information is reproduced below :—

Sl. No.	Particulars of the general orders	Total No. of General Orders issued during the last six months of 1977	No. of General orders issued in English only	No. of General orders issued in Hindi as well as in English
1	2	3	4	5
1.	General Orders	102	—	102
2.	Circulars	42	—	42
3.	Notices	3	—	3
4.	Tender permits etc. . .	—	—	—

ए० आई० आर० एफ०/एन० सी० सी० आर० एस० का मांगपत्र

2878. **श्री समर मुखर्जी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ए० आई० आर० एफ०/एन० सी० सी० आर० एस० द्वारा 1974 में दिये गये 6-सूत्री मांगपत्र पर बातचीत शुरू की है, जैसा कि इस बीच आश्वासन दिया गया था;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में समझौता करने की दिशा में क्या प्रगति हुई; और

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग) रेल कर्मचारियों के संघर्ष के लिये मई, 1974 की हड़ताल से पूर्व गठित राष्ट्रीय समन्वय समिति के एक घटक आल इण्डिया रेलवेमैन्स फेडरेशन तथा कुछ अन्य संसद सदस्यों ने अन्य बातों के साथ-साथ 1974 की हड़ताल से पहले श्रमिक प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत की गई छः मांगों के बारे में विचार विमर्श किया था। इस छः प्वाइंट वाले मांग-पत्र के बकाया मुद्दों के बारे में स्थिति संलग्न विवरण में बताई गई है। यह स्थिति विचार विमर्श के दौरान स्पष्ट कर दी गई है।

विवरण

मई, 1974 की हड़ताल से पहले रखे गये 6 प्वाइंट वाले मांग पत्र के बकाया प्रश्नों से संबंधित स्थिति नीचे दी गई है :—

(I) **बोनस**—सभी क्षेत्रों में वेतन, आय और मूल्यों के बारे में राष्ट्रीय नीति तैयार करने के लिये सरकार द्वारा नियुक्त अध्ययन दल की रिपोर्ट प्राप्त होने और उसका व्यापक अध्ययन कर लने के बाद ही सरकारी विभागीय उपक्रमों कर्मचारियों को बोनस देने के प्रश्न पर विचार किया जायेगा।

(II) **मंहगाई भत्ता**—इस सम्बन्ध में केवल रेल कर्मचारियों के लिये ही कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता। यह एक व्यापक प्रश्न है जिस पर सरकार को सभी कर्मचारियों को दृष्टि में रख कर ही कोई निर्णय करना होगा।

(III) **केन्द्र सरकार के अन्य उपक्रमों में मिलने वाले वेतनों के साथ समानता**—इस मद का बहुत कुछ सम्बन्ध वेतन, आय और कीमतों की नीति से है जिस पर सरकार द्वारा हाल ही में नियुक्त भूतलिंगम अध्ययन दल द्वारा गहराई से विचार किया जा रहा है।

(IV) **नैमित्तिक आधार पर नियुक्तियों को समाप्त करना**—चूंकि तत्काल पूर्ण रूप से नैमित्तिक आधार पर नियुक्तियों को समाप्त करने की आदर्श स्थिति को प्राप्त करना सम्भव नहीं है, इसलिये उन्हें समाहित किये जाने आदि के मामले में नैमित्तिक श्रमिकों के असन्तोष को कम करने के लिये कार्रवाई की गई है और की जा रही है।

(V) **आर्थिक सहायता प्राप्त कारखानों की सप्लाई**—चूंकि सरकार को सभी केन्द्रीय कर्मचारियों के बारे में सम्मिलित रूप से निर्णय लेना है इसलिये अकेले रेल मंत्रालय द्वारा इन मामलों पर विचार नहीं किया जा सकता।

(VI) **रेल कर्मचारियों को औद्योगिक श्रमिक माना जाए**:—रेल कर्मचारी पहले से ही औद्योगिक विवाद अधिनियम के उपबन्धों के अन्तर्गत आते हैं। यद्यपि, सेवा की शर्तों के अनुसार पारम्परिक रूप से उन्हें सरकारी कर्मचारी माना जाता है क्योंकि मूल रूप से रेलों की प्रकृति जनता की सेवा है तथा अपने सामाजिक एवं सामरिक महत्व के कारण सरकार द्वारा सीधे चलाई जाती हैं।

पुलिस/रेलवे सुरक्षा बल द्वारा की गई कथित ज्यादतियां

2879. **श्री समर मुखर्जी :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कपा करेंगे कि:

(क) क्या पुलिस/रेलवे सुरक्षा बल कर्मचारियों द्वारा की गई ज्यादतियों का विरोध करने के लिये कर्मचारियों ने 1977-78 में काम बन्द किया था ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की ऐसी ज्यादतियों को रोकने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

लोको रनिंग स्टाफ को 'इन्टेन्सिव' घोषित किया जाना

2880. **श्री समर मुखर्जी :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या न्यायमूर्ति राजाध्यक्ष ने 1946 में जो निर्णय दिया था उसके अनुसार रेलवे अधिकारियों को ये निदेश दिये गये थे कि वे काम की गहनता (इन्टेन्सिटी) पर गौर करें और लोको संगचल कर्मचारियों को 'इन्टेन्सिव' घोषित करें;

(ख) यदि हां, तो कितने मामलों में कर्मचारियों को 'इन्टेन्सिव' घोषित किया गया है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या आल इण्डिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएसन से इस बारे में कोई अभ्यावेदन मिला है; और

(ङ) उस अभ्यावेदन पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग) न्यायमूर्ति राजाध्यक्ष ने पंचाट में लोको रनिंग कर्मचारियों को 'गहन' के रूप में वर्गीकृत किये जाने की मांग की स्वयं जांच की थी, लेकिन 'गहन' के वर्गीकरण के लिये दिये गये मान दण्डों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने

सिफारिश की थी कि इन कर्मचारियों को 'सतत' के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिये। तदनुसार इन कर्मचारियों को 'सतत' के रूप में वर्गीकृत किया गया।

लेकिन, निर्णायक की अन्य सिफारिश के आधार पर कि रेल प्रशासन द्वारा किसी विशिष्ट खण्ड पर रनिंग कर्मचारियों के ड्यूटी के घण्टे निर्धारित करने में कार्य की गहनता को ध्यान रखना जारी रखा जाय, वर्तमान आदेश दिये गये हैं कि जहां यातायात तीव्र और गहन हो, उपनगरीय खण्डों में काम करने वाले रनिंग कर्मचारियों की रनिंग ड्यूटी की सीमा को एक बार में 8 घंटे रखा जाना चाहिये जिसमें ड्यूटी पर आने और ड्यूटी से जाने में लगा समय शामिल न हो।

(घ) जी हां।

(ङ) जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, लोको कर्मचारियों का वर्गीकरण न्यायमूर्ति राजाध्यक्ष के अधिनिर्णय के अनुसार किया गया है। फिर भी, सरकार द्वारा दिये गये इस आश्वासन को कि रनिंग कर्मचारियों की एक बार में ड्यूटी को 10 घंटे तक एक चरणबद्ध तरीके से सीमित किया जायेगा, सभी यात्री गाड़ियों और 86% माल गाड़ियों में कार्यान्वित कर दिया गया है। 10 घंटे नियम के अधीन आने वाले शेष कर्मचारियों को इस सुविधा का लाभ पहुंचाने के लिये अपेक्षित अतिरिक्त कर्मचारियों की स्वीकृति दे दी गई है।

PASSENGER FACILITIES ON GUJARAT RAILWAY STATIONS

†2881. SHRI DHARMASINHBHAI PATEL : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the names of the railway stations in Junagadh, Rajkot and Jamnagar districts in Gujarat where facilities such as electricity and drinking water for passengers have not been provided, so far, and the reasons therefor;

(b) whether these facilities are likely to be provided at all these railway stations; and

(c) whether any programme has been chalked out therefor and if not, when it is proposed to be chalked out and the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) (i) *Electrification of stations.* There are 97 unelectrified stations in Junagadh, Rajkot and Jamnagar Districts in Gujarat as per list at Annexure—I.

(ii) *Provision of Drinking Water.* Drinking water arrangements exist at all stations in Junagadh, Rajkot and Jamnagar Districts except at halt stations as per list at Annexure—II.

[Placed in Library. *See* No. L.T. 1810/78].

(b) The facilities will be provided at these stations progressively depending upon availability of power and funds.

(c) At present no plans exist for electrification of other stations.

RUNNING OF TRAINS BETWEEN PORBANDAR AND JAMNAGAR

†2882. SHRI DHARMASINHBHAI PATEL : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the number of times the train runs between Porbandar and Jamnagar in Gujarat in a day at present and the time of departure of this train from Porbandar to Jamnagar and vice-versa;

(b) by what time another train from Porbandar to Jamnagar will be introduced;

(c) whether any demand to introduce a second train has been received; and

(d) if so, when and from whom and the action taken or proposed to be taken in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) One pair of direct trains viz 407 Up/408 Dn Fast Passenger trains are running at present between Porbandar and Jamnagar. 407 Up is scheduled to leave Porbandar at 8.15 hours and arrive Jamnagar at 15.40 hours. 408 Dn is scheduled to leave Jamnagar at 8.45 hours and arrive Porbandar at 16.20 hours.

(b) to (d) The demand for introduction of an additional train between Porbandar and Jamnagar was received from the Secretary Gujarat Pradesh Congress Samiti in May, 1976. Apart from lack of traffic justification, introduction of the proposed train is not operationally feasible for want of spare line capacity on the Jamnagar-Kandus section.

DEMAND FOR ADDITIONAL TRAIN FROM JUNAGADH TO SARADIYA

†2883. SHRI DHARMASINH BHAI PATEL : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Manavdar Chamber of Commerce of Gujarat State has made a demand for introducing an additional UP train and a DN train from Junagarh to Saradiya from the 22nd August, 1977 and for adjusting the timings of Shapur-Saradiya train in such a manner that the commuters of Veraval-Mehsana train may get connected with Shapur-Saradiya train;

(b) if so, the reasons adduced by the Manavdar Chamber of Commerce in support of their above demand; and

(c) the time by which the above demand will be met and the action taken so far in this direction ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) Yes.

(b) Reasons adduced were the incovenient timings of Saradiya-Shapur trains for maintaining connections with main line trains at Shapur.

(c) Out of three pairs of trains running on Saradiya-Shapur section prior to 4-12-1973, one pair of trains was cancelled from that date due to poor patronisation. Induction of additional train has not been found justified.

केरल तट पर छिद्रण

2884. **श्री सी० के० चन्द्रप्पन : क्या पेट्रोलियम, तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने अपने तेल-खोज कार्यक्रम के अंग के रूप में केरल तट में छिद्रण करने के लिये अन्तिम निर्णय कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो किये गये सर्वेक्षण का ब्यौरा क्या है और इस क्षेत्र में तेल-खोज की सम्भावनाओं के बारे में क्या अध्ययन किये गये हैं; और

(ग) छिद्रण कार्य के कब तक आरम्भ होने की संभावना है और इस दिशा में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) से (ग) नवम्बर, 1977 से फरवरी, 1978 के दौरान ओ० एन० जी० सी० द्वारा त्रिवेन्द्रम और कालिकट के बीच केरल अपतट में 2637 किलोमीटर के सर्वेक्षण क्षेत्र में भूकम्पीय और गुरुत्व सर्वेक्षण आयोजित किये गये थे। संचित आंकड़े के एक भाग पर कार्रवाई की गई है और उसकी व्यवस्था कर ली गई है। इससे कोचीन के लगभग 60 किलो मीटर उत्तर पश्चिम में संरचनात्मक लक्षणों के पाये जाने का पता चला है। आंकड़े के बकाया भाग के सम्बन्ध में कार्रवाई की जा रही है। इस क्षेत्र में वर्ष 1978 को दूसरी तिमाही में ओ० एन० जी० सी० का व्यधन कार्य आरम्भ करने का प्रस्ताव है।

पश्चिम रेलवे में रेलवे कर्मचारियों की संख्या

2885. श्री शिव सम्पत्ति राम : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम रेलवे के बड़ौदा, अजमेर, राजकोट, भावनगर, बम्बई, जयपुर, कोटा और रतलाम डिवीजनों तथा उसके वर्कशापों और कन्स्ट्रक्शनों में विभिन्न श्रेणियों के रेल कर्मचारियों की 1972 में और दिसम्बर 1977 तक कुल संख्या क्या थी;

(ख) प्रति वर्ष पश्चिम रेलवे के उपरोक्त सभी डिवीजनों में सभी श्रेणियों के कितने कर्मचारियों की भर्ती की गई और कितनों को पदोन्नत किया गया और उनमें से कितने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों के तथा अन्य थे (अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की सूची दी जाये); और

(ग) पश्चिम रेलवे के उपरोक्त (क) में लिखित डिवीजनों में सभी श्रेणियों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिये सीधी भर्ती और पदोन्नति के लि: सुरक्षित पदों पर कमी पूरी करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

दक्षिण-पूर्व रेलवे में रेल कर्मचारियों की संख्या

2886. श्री शिव सम्पत्ति राम : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा, बिलासपुर, चक्रधरपुर, खड़गपुर, खुर्दा रोड, नागपुर और वाल्टेयर डिवीजनों तथा उसके वर्कशापों और कन्स्ट्रक्शनों में विभिन्न श्रेणियों के रेल कर्मचारियों की वर्ष 1972 में और 31 दिसम्बर, 1977 तक कुल संख्या क्या थी;

(ख) प्रति वर्ष दक्षिण पूर्व रेलवे के उपरोक्त सभी डिवीजनों में सभी श्रेणी के कितने कर्मचारियों की भर्ती की गई और कितनों को पदोन्नत किया गया और उनमें से कितने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों के तथा अन्य लोग थे (अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों की सूची दी जाए); और

(ग) पश्चिम रेलवे के उपरोक्त भाग (क) में लिखित डिवीजनों में सभी श्रेणियों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों के लिये सीधी भर्ती और पदोन्नति के लिये सुरक्षित पदों पर कमी पूरी करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) एक विवरण संलग्न है। (अनुबन्ध 'क')

(ख) एक विवरण संलग्न है (अनुबन्ध 'ख')

[ग्रन्थालय म रखा गया देखिये संख्या एल० टी० 1811/78]

(ग) भर्ती और पदोन्नति दोनों ही कोटियों में कमी को दूर करने के लिये 1-10-77 से 31-3-1978 तक की अवधि में एक क्रेश प्रोग्राम चलाया गया है। अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों की भर्ती में जो कमी रह गई है उसे पूरा करने तथा पैनलों को शीघ्र अन्तिम रूप देने के लिये सेवा आयोग द्वारा प्रवरण आयोजित किये जा रहे हैं। इसके अलावा, महाप्रबन्धकों के विशेष अधिकारों के अन्तर्गत रेल प्रशासनों द्वारा अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों की भर्ती की जा रही है। क्रेश प्रोग्राम की अवधि के दौरान अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के लिये प्रवरणों/उपयुक्तता जांच व्यवसाय परीक्षाओं के अधिक से अधिक मामलों को अन्तिम रूप देने के लिये आवश्यक प्रबन्धक कर लिये गये हैं।

प्रश्नों के बारे में

REG. QUESTIONS

श्री ए० के० राय (धनबाद) : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। आज के लिये निश्चित 20 प्रश्नों में से केवल 4 ही आ सके हैं। अनुपूरक प्रश्नों के बारे में कुछ सीमा निश्चित की जानी चाहिये। इस सम्बन्ध में अध्यक्ष महोदय को कुछ निश्चित निदेश देने चाहिएं।

अध्यक्ष महोदय : मैं माननीय सदस्य से पूर्णतः सहमत हूं। मैं इस बारे में नियम समिति के सामने कुछ सुझाव रख रहा हूं।

श्री ओ० वी० अलगेशन (अर्कोनम) : प्रश्न सभा की सम्पत्ति होती है। इसमें सभी रुचि रख सकते हैं। अतः यह कहना ठीक नहीं है कि इसका दुरुपयोग किया जाता है।

श्री धीरेन्द्रनाथ बसु (कटवा) : प्रश्नकाल बढ़ा कर 1.30 घन्टा किया जाये।

अध्यक्ष महोदय : सबसे ज्यादा निराशा उन माननीय सदस्यों को होती है जो सबसे अधिक प्रश्न देते हैं और प्रश्नों के बारे में शिकायतें भी करते हैं।

श्री के० लकप्पा (टुमकुर) : मैंने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का नोटिस दिया था।

अध्यक्ष महोदय : उस पर पृथकतः विचार होगा।

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) : मैंने तम्बाकू, उत्पादकों के बारे में आज स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है जिसे आपने अस्वीकार कर दिया है। क्या इस बारे में दिये गये ध्यानाकर्षण प्रस्ताव को आप अनुमति देंगे ?

अध्यक्ष महोदय : अब पत्र सभा-पटल पर रखे जायेंगे।

सभा पटल पर रखे गयें पत्र
PAPERS LAID ON THE TABLE

इण्डो-बर्मा पेट्रोलियम कम्पनी, कलकत्ता का 1976–77 का वार्षिक प्रतिवेदन तथा समीक्षा

पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : मैं कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(एक) इण्डो-बर्मा पैट्रोलियम कम्पनी लिमिटेड, कलकत्ता के वर्ष 1976-77 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) इण्डो-बर्मा पैंट्रोलियम कम्पनी लिमिटेड, कलकत्ता का वर्ष 1976-77 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां ।

[ग्रंथालय में रखा गया देखिए। सं० एल० टी० 1773/78]

एकाधिकार तथा निर्बन्धनकारी व्यापारिक व्यापार आयोग के प्रतिवेदन तथा कंपनियां निक्षेप स्वीकृति (तीसरा संशोधन) नियम, 1977

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शांति भूषण) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखता हूं :—

एकाधिकार तथा निर्बन्धनकारी व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 की धारा 62 के अन्तर्गत एकाधिकार तथा निर्बन्धनकारी व्यापारिक व्यवहार आयोग के निम्नलिखित प्रतिवेदनों (हिन्दी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

*(एक) मैसर्स केशोराम इन्डस्ट्रीज एण्ड काटन मिल्स लिमिटेड के मामले में उक्त अधिनियम की धारा 22 (3) (ख) के अन्तर्गत प्रतिवेदन तथा उस पर दिनांक 21 मार्च, 1974 का केन्द्रीय सरकार का आदेश ।

**(दो) मेसर्स बल्लारपुर पेपर एण्ड स्ट्रा बोर्ड मिल्स लिमिटेड, नई दिल्ली के मामले में उक्त अधिनियम की धारा 22 (3) (ख) के अन्तर्गत प्रतिवेदन तथा उस पर दिनांक 28 फरवरी, 1976 का केन्द्रीय सरकार का आदेश।

***(तीन) मैसर्स इण्डियन एक्सप्लोसिब्स लिमिटेड, कलकत्ता द्वारा वाणिज्यिक ब्लास्टिंग विस्फोस्टकों के निर्माण के लिये एक नया उपक्रम स्थापित करने के मामले में उक्त अधिनियम की धारा 22 (3) (ख) के अन्तर्गत प्रतिवेदन तथा उस पर दिनांक 28 फरवरी, 1977 का केन्द्रीय सरकार का आदेश।

[ग्रंथालय में रखा गया। देखिए सं० एल० टी० 1774/78]

---

*प्रतिवेदन का अंग्रेजी संस्करण 23 अप्रैल, 1974 को सभा पटल पर रखा गया था।

**प्रतिवेदन का अंग्रेजी संस्करण 4 मई, 1976 को सभा पटल पर रखा गया था।

***प्रतिवेदन का अंग्रेजी संस्करण 2 अगस्त, 1977 को सभा पटल पर रखा गया था।

(3) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 642 की उपधारा (3) के अन्तर्गत कम्पनी (निक्षेपों की स्वीकृति) तीसरा संशोधन नियम, 1977 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनांक 31 दिसम्बर 1977 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 793 (ङ) में प्रकाशित हुए थे

[ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये सं० एल० टी० 1775/78]।

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर): इन सब पत्रों को देखने से प्रतीत होता है कि इन सभी प्रतिवेदनों को सभा पटल पर रखने में विलम्ब हुआ है। मंत्री महोदय इसके लिये उत्तरदायी है।

अध्यक्ष महोदय : इन प्रतिवेदनों को रखे जाने पे सचमुच विलम्ब हुआ है। ऐसा नहीं होना चाहिये।

श्री ज्योतिर्मय बसु : आप इन्हें चेतावनी दें।

फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स ट्रावनकोर के वर्ष 1976–77 की समीक्षा तथा वार्षिक प्रतिवेदन

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI JANESHWAR MISHRA) : I beg to lay on the Table a copy each of the following papers (Hindi and English versions) under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956 :—

(1) Review by the Government on the working of the Fertilisers and Chemicals Travancore Limited, for the year 1976-77.

(2) Annual Report of the Fertilisers and Chemicals Travancore Limited, for the year 1976-77 along with the Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Audit General thereon.

[Laid on the Table *See* No. L.T.-1776/78].

सीमाशुल्क अधिनियम 1962 के अन्तर्गत अधिसूचना

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जुल्फिकार उल्लाह) : मैं सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 161 (ङ) (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनांक 3 मार्च, 1978 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन सभा पटल पर रखता हूं।

[ग्रंथालय में रखा गया। देखिए सं० एल० टी० 1777/78]

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

गुड़ के मूल्यों में भारी गिरावट का समाचार

श्री पी० राजगोपाल नायडू (चित्तूर) : मैं कृषि और सिंचाई मंत्री का ध्यान अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्न विषय की ओर दिलाना चाहता हूं और उनसे प्रार्थना करता हूं कि वे इस सम्बन्ध में एक वक्तव्य दें :—

"गुड़ के मूल्यों में भारी गिरावट, मिल मालिकों द्वारा गन्ने की खरीद में विलम्ब तथा 12.50 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम सांविधिक मूल्य का भुगतान न किये जाने के कारण कतिपय राज्यों के किसानों में व्याप्त असंतोष के समाचार और किसानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा की गई कार्यवाही"

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानुप्रताप सिंह) : सरकार देश में सभी स्वीटनिंग पदार्थों की उपलब्धता, निकासी और मूल्य स्थिति के बारे में पूर्णतया जागरूक है। सरकार ने पहले ही कई एक उपचारात्मक उपाय किए हैं और सदन को याद होगा कि मैंने इस सम्बन्ध में 24 फरवरी, 1978 को एक वक्तव्य दिया था।

2. चालू वर्ष के दौरान गन्ने की भरपूर पैदावार हुई है। इसका उत्पादन 1650 लाख मीटरी टन होने का अनुमान है जिससे 110 लाख मीटरी टन की वृद्धि होगी। हालांकि अखिल भारत औसत वृद्धि लगभग 7 प्रतिशत की हुई है, लेकिन कुछेक राज्यों में गन्ने के उत्पादन में और भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश में पिछले वर्ष की तुलना में उपलब्धता में 10 प्रतिशत से भी अधिक वृद्धि होने का अनुमान है और कर्नाटक के बारे में 15 प्रतिशत के आस-पास होने का अनुमान है। ऐसे जिलों, जहां गन्ने के अन्तर्गत काफी क्षेत्र हैं—यहां तक कि जोते हुए क्षेत्र का एक तिहाई अथवा उससे भी अधिक है—में समस्या विकट है।

3. भारी मात्रा में गन्ना उपलब्ध होने के परिणामस्वरूप और इसीलिए स्वीटनिंग पदार्थों की उपलब्धता, घरेलू उपभोक्ताओं के लिये चीनी की उदार निर्मुक्तियां करने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बढ़ाने की सरकारी नीति होने और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित करने से हाल ही के महीनों में सभी स्वीटनिंग पदार्थों के मूल्यों में भारी गिरावट आई है। पिछले 2-1/2 महीनों में गुड के मूल्यों में लगभग 40 रुपये प्रति क्विटल की गिरावट आयी है, महोदय, मैं इस बात को दोहराना चाहता हूं कि हालांकि मूल्यों में गिरावट का निस्संदेह उस हद तक स्वागत है जिस हद तक ये उपभोक्ता को राहत पहुंचाते हैं, सरकार का वे सभी पग उठाने का पक्का इरादा है जिनसे मूल्यों को, ऐसे अलाभकारी स्तर तक जिससे 250 लाख गन्ना उत्पादकों के हितों को हानि पहुंचेगी, गिरने से रोका जा सके।

4. क्योंकि देश में बोये गये गन्ने का लगभग 60 प्रतिशत गुड और खंडसारी के लिए इस्तेमाल होता है सरकार ने कई एक उपाय किए हैं। किस मात्रा अथवा मूल्य संबंधी प्रतिबंध लगाए बिना गुड के निर्यात की अनुमति दे दी गई है। व्यापार माध्यमों से गुड तथा खंडसारी की अधिक निकासी और उसको स्टाक करने के लिये प्रोत्साहित करने के लिये, इन जिन्सों प्रति बैंक पेशगियों के लिये न्यूनतम मार्जिन को पर्याप्त कम कर दिया गया है। राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लि० के अलावा, भारतीय खाद्य निगम से भी कहा गया है कि वे मंडी में जाएं और पिछले दिन संबंधित मंडी में चल रहें थोक मूल्यों पर प्रीमियम पेश कर बड़े पैमाने पर गुड की खरीदारी करें। आशा है कि इन सभी उपायों से गन्ना उत्पादकों को अति आवश्यक राहत मिलेगी। ऐसे पहले ही संकेत मिले हैं कि गुड के मूल्यों में बढ़ोत्तरी की प्रवृति आयी है। हापुड, बरेली, मेरठ, मुजफ्फर नगर आदि जैसे उत्तर प्रदेश के कई केन्द्रों में गुड के थोक मूल्यों में 4-6 रुपये प्रति क्विटल की पहले ही वृद्धि हो गई है। इसी प्रकार की प्रवृत्ति आन्ध्र प्रदेश, के अनकपल्ली, निजामाबाद और विजयबाडा और महाराष्ट्र के कोल्हापुर तथा तमिलनाडु के कोयम्बटूर में देखने को मिली है।

5. आशा है कि चालू वर्ष के दौरान चीनी उद्योग कम से कम 52 लाख मीटरी टन चीनी का उत्पादन करेगा जिससे उत्पादन में 4 लाख मीटरी टन की वृद्धि होगी। अतः 110 लाख

मीटरी टन अतिरिक्त गन्ने में से, चीनी उद्योग 40–50 लाख मीटरी टन गन्ने की निकासी करेगा। हम 30 अप्रैल, 1978 के बाद भी पिराई करने, जबकि वसूली में काफी गिरावट आएगी और इसलिये उत्पादन लागत में वृद्धि होगी, के लिये उपयुक्त प्रोत्साहन देकर उद्योग द्वारा गन्ने की और अधिक निकासी करने की गुंजाइश निकाल रहे हैं। इसके अलावा लेवी चीनी के भारित औसत निकासी मूल्य को बढ़ाकर 187.50 रुपये प्रति क्विटल करने, 6.5 लाख मीटरी टन चीनी का निर्यात करने, अतिरिक्त स्टाक आदि का ध्यान रखने के लिये ऋण सीमा में वृद्धि करने जैसे कई एक उपाय करने का भी निर्णय किया गया है। कुछेक क्षेत्रों में फैलाई गई इस गलतफहमी कि ये उपाय उद्योग को 'उपहार' रूप में दिए गए हैं, को मैं दूर करना चाहूंगा। वास्तव में इन सबका उद्देश्य यह है कि उद्योग को सक्षम रूप से कार्य करने दिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि गन्ना उत्पादकों को वही मूल्य मिलता रहे जोकि उन्हें अब तक मिलता रहा है।

6. माननीय सदस्य ने कुछेक राज्यों में किसानों में व्याप्त असंतोष और गन्ने का 12.50 रुपये प्रति क्विटल के न्यूनतम सांविधिक मूल्य का भुगतान न करने के बारे में उल्लेख किया है। गन्ने का सांविधिक न्यूनतम मूल्य 8.5 प्रतिशत की वसूली पर 8.50 रुपये प्रति क्विटल है। कोई भी फक्ट्री गन्ने के सांविधिक न्यूनतम मूल्य से कम मूल्य नहीं दे सकती है। वास्तव में लगभग सभी फैक्टरियां गन्ने के सांविधिक न्यूनतम मूल्य से काफी अधिक मूल्य दे रही हैं और कई मामलों में तो वे गन्ना उत्पादक और प्रबन्ध के बीच मुक्त बिक्री से प्राप्त अधिक लाभ को 50.50 के हिसाब से बांटने से संबंधित मेथरिंग फार्मूले के आधार पर जो मूल्य बैठता है उससे भी कहीं अधिक मूल्य दे रही है। हालांकि चीनी मौसम विलम्ब से शुरू हुआ था, फरवरी के अन्त को चीनी का उत्पादन पिछले वर्ष की उसी अवधि के उत्पादन की तुलना में अधिक हुआ है, जिसका अभिप्राय यह हुआ कि चालू वर्ष के दौरान उद्योग द्वारा अधिक गन्ने को पहले ही खपा लिया गया है। जैसा कि मैंने पहले बताया था, सरकार चीनी उद्योग के माध्यम से गन्ने की अधिकतम निकासी सुनिश्चित करने के लिये उत्सुक है।

श्री पी० राजगोपाल नायडू : आंध्र प्रदेश के गुड़ उत्पादकों की आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो रही है। मंत्री महोदय ने यह नहीं बताया कि भारतीय खाद्य निगम तथा अन्य एजेन्सियां कितना गुड़ खरीद रही हैं।

गन्ने की स्थिति और भी खराब है। दक्षिण के गन्ना उत्पादक यह मांग करते आये हैं कि मराठा समिति का प्रतिवेदन कार्यान्वित किया जाये। गन्ना उत्पादकों को अपना गन्ना 5 से 7 रुपये प्रति क्विटल तक बेचने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। आंध्र तथा तमिलनाडु के कारखाने निश्चित मूल्य नहीं दे रहे। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिये। उत्तर प्रदेश के गन्ना उत्पादकों के भी रोष व्याप्त है। उनमें से 35 गिरफ्तार भी किये गये।

अतः मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार गुड़ की खरीद कर रही है और यदि हां, तो कितनी मात्रा खरीद रही है?

श्री भानु प्रताप सिंह : पूछा गया है कि गुड़ की कितनी मात्रा का क्रय किया जा रहा है। मैं कह चुका हूं कि इसका क्रय काफी मात्रा में किया जा रहा है। गुड़ की कीमतें भी बढ़ रही है; जब कीमतें काफी बढ़ जायेंगी तो भारतीय खाद्य निगम मार्केट से हट जायेगा।

श्री वसंत साठे (अकोला) : कुछ दिन पहले मैंने सरस्वती मिल्ज की बात की थी । वे कितना दे रहे हैं ।

श्री भानु प्रताप सिंह : मैं कह चुका हूं कि संगठित क्षेत्र निश्चित मूल्य दे रहे हैं। खंडसारी के मामले में कुछ शिकायतें ग्रायी हैं, जिनका ध्यान रखा जा रहा है ।

श्री के० लकप्पा (तुमकुर) : क्या ग्राप मंत्री महोदय द्वारा सभा को दी गयी गलत सूचना के बारे में निर्णय लेंगे ?

ग्रध्यक्ष महोदय : इसके लिये ग्रन्य तरीके हैं।

भारतीय राष्ट्रीय पुस्तकालय ग्रधिनियम 1976 के बारे में वक्तय

STATEMENT *RE*: NATIONAL LIBRARY OF INDIA ACT 1976

समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : संसद के दोनों सदनों ने 1976 के दौरान, राष्ट्रीय पुस्तकालय ग्रधिनियम, 1976 पारित किया था, जिसमें भारतीय राष्ट्रीय पुस्तकालय कलकत्ता के लिये, जोकि संस्कृति विभाग के ग्रन्तर्गत इस समय एक ग्रधीनस्थ कार्यालय है, एक स्वायत्त बोर्ड की परिकल्पना की गई थी । यह ग्रधिनियम राजपत्र में ग्रधिसूचित होने की तारीख से लागू होना था । भारत सरकार ने ग्रधिनियम को ग्रभी तक लागू नहीं किया है ग्रौर राष्ट्रीय पुस्तकालय संस्कृति विभाग का एक ग्रधीनस्थ कार्यालय बना हुग्रा है ।

2. भारत सरकार द्वारा, प्रो० बी० एस० झा की ग्रध्यक्षता में, राष्ट्रीय पुस्तकालय, कलकत्ता के कार्यकरण का पुनरीक्षण करने तथा इसके कुशल कार्यकरण ग्रौर इसके ग्रागे के विकास के सम्बन्ध में उपाय सुझाने के लिये मई, 1968 में एक समिति गठित की गई थी । समिति ने ग्रन्य बातों के साथ-साथ सिफारिश की थी कि तत्कालीन सलाहकार समिति के स्थान पर, वास्तविक प्राधिकार का उपयोग करने वाली शासी परिषद होनी चाहिये । दूसरे शब्दों में शासी परिषद में पूर्ण स्वायत्तता निहित होनी चाहिये — प्रत्यायोजित स्वायत्तता न कि सांविधिक । पुस्तकालय को झा समिति की रिपोर्ट में यथापरिकल्पित ग्रधिक से ग्रधिक स्वायत्तता देने के लिये सरकार सिद्धान्त रूप में सहमत हो गई थी । विधि तथा न्याय मंत्रालय के परामर्श से विचार करने पर यह पाया गया था कि झा समिति द्वारा परिकल्पित किस्म की स्वायत्तता सरकार के संकल्प द्वारा नहीं दी जा सकती । कोई ऐसा संकल्प राष्ट्रीय पुस्तकालय, कलकत्ता को, न्यायिक स्तर प्रदान नहीं करेगा संस्कृति विभाग को सलाह दी गई थी कि राष्ट्रीय पुस्तकालय कलकत्ता को स्वायत्तता का स्तर निम्नलिखित तीन विधियों में से किसी एक विधि द्वारा किया जा सकता है :

(i) पश्चिम बंगाल सोसायटी ग्रधिनियम के ग्रन्तर्गत इसे एक सोसाइटी के रूप में पंजीकृत कराकर,

(ii) कम्पनी ग्रधिनियम, के ग्रन्तर्गत इसे एक कम्पनी के रूप में पंजीकृत कराकर,

(iii) संसद् के अधिनियम द्वारा।

इन विकल्पों के विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के बाद सरकार ने वैधानिक कार्यवाही करने और राष्ट्रीय पुस्तकालय को एक सांविधिक स्वायत्त निकाय बनाने का निर्णय किया। तदनुसार, लोक सभा में 18-12-1972 को राष्ट्रीय पुस्तकालय विधेयक पेश किया गया था।

3. तत्कालीन शिक्षा मंत्री के प्रस्ताव पर, विधेयक को संसद के दोनों संयुक्त समितियों के पास भेजा गया था। समिति ने विभिन्न व्यक्तियों/संगठनों/संघों इत्यादि से विधेयक पर ज्ञापन आमंत्रित किये। इसकी कलकत्ता, नई दिल्ली और बम्बई में भी बैठकें हुई और मौखिक गवाहियां लीं। जिन व्यक्तियों/संघों /सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने विधेयक पर ज्ञापन प्रस्तुत किये अथवा मौखिक गवाहियों के लिये पेश हुए, उनमें से आधे पश्चिम बंगाल के थे वे सामान्य रूप से राष्ट्रीय पुस्तकालय के लिये स्वायत्त स्तर के विचार के, जैसी कि विधेयक में परिकल्पना की गई है, विरुद्ध थे। संसद् की संयुक्त समिति ने व्यक्तियों, संगठनों इत्यादि द्वारा उठाई गई विभिन्न आपत्तियों पर विचार किया और विधेयक के प्रारूप को इन आपत्तियों के अनुसार संशोधित किया। समिति ने परिशोधित विधेयक को, अपनी रिपोर्ट सहित 26 जुलाई, 1974 को प्रस्तुत किया।

संयुक्त समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने विमति प्रकट की :

1. श्री सरोज मुकर्जी
2. श्री एच० एन० मुकर्जी
   श्री सनत कुमार राहा
3. सर्व श्री समर गुह,
   विरेन्द्र अग्रवाल
   श्याम लाल गुप्त
4. श्री निरेन घोष।

श्री सरोज मुकर्जी, श्री समर गुह, श्री विरेन्द्र अग्रवाल, श्री श्याम लाल गुप्त, और श्री निरेन घोष ने अपनी विमति रिकार्ड की और विधेयक को अस्वीकार करने की बात कही क्योंकि बंगाल तथा देश के अन्य भागों के बुद्धिजीवियों द्वारा इसका विरोध किया गया था।

4. इस विधेयक को लागू करने के प्रश्न पर फिर से विचार किया गया है। राष्ट्रीय पुस्तकालय संघ, बंगाल पुस्तकालय संघ और भारतीय राष्ट्रीय पुस्तकालय अधिनियम, 1976 के संयुक्त सम्मेलन की ओर से बड़ी संख्या में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। अभ्यावेदनों में इस बात को दोहराया गया है कि संसद् सदस्यों तथा जनता के अन्य प्रख्यात व्यक्तियों एवं बुद्धिजीवियों द्वारा इसे तैयार किए जाने के समय ही इसका विरोध किया गया था कि ज्ञा समिति ने इसके लिये एक प्रत्यायुक्त स्वायतता की सिफारिश की थी, न कि कानूनी स्वायतता की और इस अधिनियम से राष्ट्रीय पुस्तकालय की प्रतिष्ठा घटेगी।

5. राष्ट्रीय पुस्तकालय इस समय संस्कृति विभाग के अधीन एक अधीनस्थ कार्यालय है और इसके निदेशक को वे सब वित्तीय तथा प्रशासनिक अधिकार प्राप्त हैं जो किसी विभागाध्यक्ष को सौंपे जाते हैं, जबकि अधिनियम में स्वायत्त बोर्ड, कार्यकारी परिषद्, तथा एक

निदेशक के साथ तिहरी प्रबन्ध व्यवस्था की परिकल्पना की गई है। अब यह महसूस किया गया है कि प्राधिकार के ऐसे फैलाव से पुस्तकालय का कार्य संचालन दक्षतापूर्ण नहीं हो सकेगा। इस बात को तथा यह ध्यान में रखते हुए कि जब यह अधिनियम तैयार किया गया था तो उस समय विभिन्न दिशाओं से इस अधिनियम का विरोध किया गया था, अब यह निर्णय किया गया है कि राष्ट्रीय पुस्तकालय अधिनियम, 1976 को लागू न किया जाये और यह पुस्तकालय संस्कृति विभाग के अन्तर्गत ही एक अधीनस्थ कार्यालय के रूप में कार्य करता रहे।

6. भारत सरकार भी इस बात पर विचार कर रही है कि क्या सामान्य रूप से पुस्तकालयों अथवा विशेष रूप से राष्ट्रीय पुस्तकालय जैसे विषय पर कानून बनाना आवश्यक है अथवा नहीं। अतः भारत का राष्ट्रीय पुस्तकालय अधिनियम, 1976 को रद्द करने के प्रश्न पर इसी सन्दर्भ में विचार किया जायेगा।

श्री ओ० वी० अलगेशन : (अर्कोनम) तंजाबूर में राष्ट्रीय महत्व का एक पुस्तकालय है। इसमें मूल्यवान तथा दुर्लभ पाण्डुलिपियां हैं।

मैंने इस बारे में प्रश्न उठाते हुए कहा था कि इसे राष्ट्रीय महत्व का पुस्तकालय घोषित किया जाये। तत्कालीन मंत्री महोदय ने कहा था कि इस बारे में एक विधेयक लाया जायेगा।

लेकिन वक्तव्य से प्रतीत होता है कि ऐसा विधेयक लाने का सरकार का कोई विचार नहीं है। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या उनके विचार में इस प्रकार का विधेयक लाने की कोई आवश्यकता नहीं है?

डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र : यह प्रश्न वर्तमान प्रणाली से सम्बन्धित नहीं है। लेकिन मैंने कहा है कि सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि क्या इस प्रकार का कानून लाया जाना जरूरी है अथवा नहीं। यह हमारे विचाराधीन है।

अल्वा समिति के प्रतिवेदन की पूर्व जालकारी मिल जाने के बारे में

श्री के सी० सुब्रह्मण्यम (पलानी) : श्री ज्योतिमय बसु ने मद 3 के बारे में कुछ प्रान्तीय भ्रांतियां पैदा की हैं उन्हें मैं दूर करना चाहता हूं। प्रतिवेदनों के अंग्रेजी संस्करण समय के अन्दर सभा में पेश किये गये थे। अतः यह कहना गलत है कि इन्हें प्रस्तुत करने में विलम्ब हुआ है। मंत्री महोदय को स्वयं यह भ्रांति दूर करनी चाहिये थी।

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शांति भूषण) : हिन्दी संस्करण रखने में विलम्ब हुआ है।

श्री सी० सुब्रह्मण्यम् : यह कहना भी गलत है कि बिरला बंधुओं के प्रभाव के कारण रिपोर्टों को सभा पटल पर रखने में विलम्ब हुआ है।

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) : नियमों का उल्लेख करते हुए मैंने लिखित नोटिस दिया है जिसका उल्लेख कार्य-सूची में भी है।

महोदय, मेरा प्रश्न यह है कि कि अंग्रेजी संस्करण किस तारीख को सभा पटल पर रखा गया था ?

श्री शांति भूषण : यह तो कार्या - सूची में दिया हुआ है।

अल्वा समिति के प्रतिवेदन को पूर्व जानकारी मिल जाने के बारे में

REG. LEAKAGE OF ALVA COMMITTEE REPORT

SHRI BHAGAT RAM (Phillaur) : I want to raise the matter under Rule 377 regarding leakage of Ilva Committee Report. This is a very serious matter as the Report is of national importance. The doctors of the Post-graduate Institute, Chandigarh have passed a resolution asking for a judicial enquiry in this regard. Let the Health Minister come with a statement as to how the report has been leaked.

नियम 377 के अधीन मामले

MATTERS UNDER RULE 377

(एक) विभिन्न पत्तनों पर सीमेंट से भरे जहाजों को ठहराने की सुविधाएं प्रदान करने में विलम्ब का समाचार

श्री के० लकप्पा (तुमकुर) : मैं सरकार का ध्यान पत्तनों पर सीमेंट के न उतारे जाने की ओर दिलाना चाहता हूं। भारत सरकार स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ है। सीमेंट का आयात किया जा रहा है परन्तु सीमेंट लाने वाले जहाजों को पत्तनों पर सीमेंट उतारने के लिये स्थान न मिलने के कारण देर होने से बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा की हानि हो रही है। देश को विलम्ब शुल्क के रूप में 2 लाख रुपये देने होंगे जबकि अभी 2 लाख टन का ही आयात किया गया है। अभी 6.5 लाख टन सीमेंट और मंगाना है तो विलम्ब शुल्क की राशि अत्यधिक हो जायेगी। इसलिए शीघ्र कोई कदम उठाया जाये।

यद्यपि सीमेंट लाने वाले जहाजों को स्थान देने को वरीयता दी जानी चाहिये परन्तु फिर भी उसमें 3-4 दिन लग जाते हैं और प्रतिदिन 3500 पौण्ड का विलम्ब शुल्क देना पड़ रहा है।

उद्योग, कृषि, वाणिज्य तथा परिवहन और नौवहन मंत्रालयों में सहयोग नहीं है। प्रधान मंत्री को इस ओर ध्यान देकर उपचारात्मक कार्यवाही करनी चाहिये। इस बारे में एक वक्तव्य दिया जाये।

(दो) धूले (महाराष्ट्र) में राष्ट्रीय वस्त्र निगम की मिल में आग लगना

श्री आर० के० महालगी (थाना) : 8 मार्च, 1978 को आग लगने से धूले महाराष्ट्र में राष्ट्रीय कपड़ा निगम का भारी नुकसान हुआ है। कार्डिग, रोविंग और कताई विभाग पूरी तरह जल गये हैं और नष्ट हो गये हैं मिल में 2200 कर्मचारी काम करते हैं। वे बेकार हो गये हैं। उन्हें किसी अन्य जगह रोजगार देना सरकार का काम है या जब तक मिल पुन: काम करना शुरू करे तब तक उनके लिये कोई वित्त व्यवस्था की जाये। आग लगने के कारणों का भी पता लगाया जाये ताकि उन्हें भविष्य में टाला जा सके।

यह बताया जाये कि कुल हानि कितने रुपये की हुई है ?

(तीन) पानीपत की सहकारी चीनी मिल और शराब के कारखाने में तालाबन्दी की संभावना

श्री पूर्ण नारायण सिन्हा (तेजपुर) : पानीपत, हरियाणा की सहकारी चीनी और डिस्टीलरी में तालाबन्दी होने का खतरा है क्योंकि उत्पादकों से गन्ना खरीदने के लिये

मिल के पास पैसे नहीं । पैसे की कमी के कारण दो सप्ताह से किसानों को उनके गन्ने का कोई मूल्य नहीं दिया गया है । जब तक केन्द्रीय सरकार, वाणिज्य मंत्रालय और सहकारिता मंत्रालय, कृषि मंत्रालय के साथ मिलकर 75 लाख रुपये की अतिरिक्त कार्यपूंजी नहीं लगायेंगे और सोसाइटी की प्रबंध व्यवस्था में परिवर्तन नहीं करेंगे, ये मिल कभी भी बन्द हो सकते हैं और 1500 कर्मचारी तथा उनके परिवार कठिनाई में पड़ सकते हैं और गन्ना उत्पाद की खेती करना बंद कर सकते हैं।

(चार) महाराणा क्लाथ मिल, पोरबन्दर (गुजरात) के बन्द होने का समाचार

SHRI DHARAMSINHBHAI PATEL (Porbandar) : The Maharana Textile Mill, Porbandar in Gujarat is lying closed since 11th March for want of steam coal. This mill is 46 years old and it used to get 900 tonnes of steam coal per month from Bilaspur, mines in Madhya Pradesh. The Mill has been experiencing coal shortage for the last 6 months. As a result of the closure of the mill 2300 workers have been idle and production of cloth had stopped causing loss of revenue to Government. It is therefore necessary that coal is arranged for the said Mill so that it could be restarted early.

(पांच) रायपुर रेलवे स्टेशन पर पूर्व बंगाल के शरणार्थियों के भारी संख्या में जमाव का समाचार

DR. LAXMI NARAYAN PANDEYA (Mandsaur) : While the discussion on the matters under Rule 377 continues, the Minister of Parliamentary Affairs should be present. About 3000 displaced persons from East Bengal who had to go to Jaijaipur in Orissa have reached Raipur in Madhya Pradesh.

Although the Madhya Pradesh Government has requested the Ministry of Rehabilitation to send those displaced persons back the latter has taken no action in this regard. The arrival of these displaced persons in Raipur has created disorderly condition in the local market. If immediate attention is not paid to it the situation might deteriorate and a serious law and order problem might crop up.

The East Bengal displaced persons do not like to settle in Madhya Pradesh; they wanted to settle in Sunderbans. Government should adopt a clear cut policy whereby these displaced persons are settled at a place of their liking and necessary arrangements are made for their rehabilitation.

सामान्य बजट, 197-879—सामान्य चर्चा—जारी

GENERAL BUDGET, 1978-79—GENERAL DISCUSSION—Contd.

श्री यशवंत बोरोले (जलगांव) : इस बजट के कुल योजना परिव्यय, जोकि 11,649 करोड़ रुपये है में से कृषि और ग्रामीण विकास के लिये 4693 करोड़ रुपये का कुल परिव्यय नियत किया गया है जोकि गत वर्षों से कहीं अधिक है । 1676-77 में सुब्रह्मण्यम् ने बजट पेश करते समय कहा था कि हमारी छठी योजना समेकित ग्रामीण विकास पर आधारित होनी चाहिये और इस प्रयोजन हेतु हमें अधिकाधिक संसाधनों का उपयोग करना चाहिये । वर्तमान बजट इसी नीति को प्रतिबिम्बित करता है लेकिन श्री सुब्रह्मण्यम ने न जाने इसकी तारीफ क्यों नहीं की है । न जाने उनके मन में क्या संदेह है—क्या वह इस 40 प्रतिशत के आवंटन को भाग भ्रम समझते हैं ?

श्री सुब्रह्मण्यम ने यह भी कहा है कि हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी का समर्थन प्राप्त करना नहीं चाहते हैं। हम प्रौद्योगिकी के विकास या वैज्ञानिक उपलब्धियों के विरुद्ध नहीं हैं। लेकिन हमारी एक निश्चित विचारधारा है कि वैज्ञानिक उपलब्धियों और प्रौद्योगिकी से समाज के निम्न वर्ग की सेवा करनी चाहिये और जहां तक संभव हो लघु उद्योगों की सेवा करनी चाहिये। जनता पार्टी की यह स्पष्ट नीति रही है कि आवश्यक मूलभूत ढाँचे का विज्ञान और प्रौद्योगिकी द्वारा ही निर्माण किया जाना चाहिये यहां तक कि बिजली उत्पादन के क्षेत्र में भी बड़ी परियोजनाएं आरम्भ की जायेंगी।

जहां तक कराधान का सम्बन्ध है, इसके लिए पहले न तो कोई प्रक्रिया निर्धारित की ई थी और न ही कोई मार्गदर्शी सिद्धान्त थे। लेकिन अब हमने मार्गदर्शी सिद्धान्त निर्धारित कर दिये हैं। वर्तमान कराधान नीति से अनेक कठिनाइयों पर काबु पा लिया गया है और दी गई इन छूटों के अन्तर्गत लघुतम एककों को भी बहुत लाभ होगा।

69 मदों पर उत्पाद शुल्क नहीं लगाया जाएगा। कृषि के क्षेत्र में कीटनाशी दवाइयों खरपतवारनाशी तथा कुछ अन्य दवाइयों पर भी उत्पाद शुल्क नहीं लगेगा। अन्य क्षेत्रों में लघु पैमाने के एककों को भी इससे छूट दी जायेगी।

अध्यक्ष महोदय: आप अपना भाषण मध्याह्न भोजन के पश्चात जारी रख सकते हैं।

तत्पश्चात् लोक सभा मध्याह्न भोजन के लिये दो बजे म० प० तक के लिये स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned for lunch till fourteen of the clock.

मध्याह्न भोजन के पश्चात् लोकसभा दो बजकर सात मिनट पर पुनः समवेत हुई।

The Lok Sabha re-assembled after lunch at Seven Minutes past fourteen of the clock.

[**उपाध्यक्ष महोदय** पीठासीन हुए।
MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair.*]

सामान्य बजट, 1978–79—सामान्य चर्चा—जारी

GENERAL BUDGET, 1978-79—GENERAL DISCUSSION—Contd.

SHRI HUKAM CHAND KACHWAI (Ujjain) : Mr. Deputy Speaker, Sir, I want to raise a point of order. There is no Cabinet Minister present in the House.

उपाध्यक्ष महोदय: केबिनेट मंत्री को बुलाया गया है और वह आ रहे हैं।

श्री यशवन्त बोरोले : अब देखना यह है कि क्या इस बजट से विकास, बचत और पूंजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। जिन कर उपायों की घोषणा की गई है उससे बचत और पूंजी निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। पूंजी निवेश का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है। आशा है कि सरकारी क्षेत्र में 17 प्रतिशत अधिक पूंजी निवेश से अर्थव्यवस्था का विकास होगा। इस विकास से गैर-सरकारी क्षेत्र को भी लाभ होगा।

मांग में मंदी होने से अर्थ-व्यवस्था पर बहुत हानिकारक प्रभाव पड़ता है । क्योंकि इसके परिणामस्वरूप लोग गैर-सरकारी क्षेत्र में पूंजी निवेश करने से कतराते हैं जितनी जल्दी इसे दूर किया जाये उतना ही अच्छा होगा। बढ़े हुए पूंजी निवेश से आय भी बढ़ेगी और साथ-साथ मांग में भी वृद्धि होगी।

ब्याज कर समाप्त कर दिया गया है । इससे निवेश के लिये अधिक पूंजी मिलेगी लेकिन ब्याज दर कम करने से लोग बैंकों के जमाखाते में अधिक राशि रखने के लिये आकर्षित नहीं होंगे और इस प्रकार बैंकों से पूंजीनिवेश के लिये समुचित धन नहीं मिलेगा । अतः इस उपाय से दोनों प्रकार के परिणाम निकल सकते हैं लेकिन इस समय स्थति क्या होगी इस बारे में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता ।

जहां तक कृषि क्षेत्र में पूंजी निवेश का सम्बन्ध है इसकी वसूली शीघ्र ही हो जाती है इससे विपरीत उद्योगों में किए गए पूंजीनिवेश का लाभ काफी अरसे बाद मिलने लगता है इसलिये कृषि क्षेत्र में किए गए पूंजी निवेश से अर्थ-व्यवस्था का विकास जल्दी होता है । प्राकृतिक आपदाओं से अगर बच जाए तो कार्य में किया गया पूंजी निवेश अर्थ-व्यवस्था के लिये हमेशा लाभदायक रहता है।

जहां तक कर ढांचे का सम्बन्ध है झा समिति और सतर्कता समिति के प्रतिवेदनों मे इसकी काफी आलोचना की गई है उन्होंने निर्धारण प्रक्रिया को सुचारू बनाने और कर नियम को सरल और युक्तिसंगत बनाने के लिये सुझाव दिए हैं।

जहां तक परोक्ष कराधान का सम्वन्ध है, इस सम्बन्ध में झा समिति की कई सिफारिशें वर्तमान वित्त विधेयक में पहले से ही समाविष्ट कर ली गई हैं। झा समिति की सबसे मुख्य सिफारिश केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क के ढांचे के पुर्नगठन और लघु क्षेत्र को सहायता देने के बारे में है ।

मुख्य मशीनों के आयात के मामले में आयात उत्पाद शुल्क को 40 प्रतिशत से घटा कर 25 प्रतिशत कर दिया गया है इससे परियोजनाओं के कार्य में तेजी आएगी । आशा की जाती है कि कुल विदेशी मुद्रा जो कि 4000 करोड़ रुपये की है, को हम वित्तीय संस्थानों के संघ को तथा बैंकों को दे सकते हैं जोकि इसके मूल्य के बराबर हमें रुपये में भुगतान करेंगे और उस धन से हम एक ओर जहां मशीनों और उपकरणों का आयात कर सकते हैं वहां दूसरी ओर हम इस राशि का उपयोग परियोजनाओं के लिये भी कर सकते हैं। यह दोहरा लाभ है । वित्त मंत्री ने यह एक बहुत निर्भीक कदम उठाया है ।

मैं श्री सुब्रह्मण्यम की इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि धन आवंटन का अर्थ यह नहीं है कि उससे हमें वाँछित परिणामों की प्राप्ति हो जायेगी । परियोजनाओं के कार्य में विलम्ब करने से आवंटित राशि को खर्च करने में बाधा आती है । ऐसा अनेक कारणों से होता है। इसमें नौकरशाही भी शामिल है । हम अपनी प्रक्रिया के संबंध में लकीर के फकीर हो गये हैं। और प्रक्रियाओं को प्रगति की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं । अतः एक नया दृष्टिकोण अपनाना होगा और परियोजनाओं को समय पर कार्यान्वित करने के लिये पूर्ण सहयोग मिलेगा । इन शब्दों के साथ मैं इस बजट का समर्थन करता हूं ।

श्री टी० ए० पाई (उदीपी) : हम चाहते हैं कि इस समय जबकि बजट पर वाद-विवाद चल रहा है, वित्त मंत्री को सभा में उपस्थित होना चाहिये । यदि हम जो सुझाव देते हैं या जो आलोचना करते हैं, उसे वित्त मंत्री समझने तथा महत्व देने के इच्छुक नहीं हों तो फिर हमारा भाषण देना केवल समय गंवाना है ।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतीश अग्रवाल) : राज्य सभा में भी इस पर आज चर्चा आरम्भ हो गई है । वित्त मंत्री जी वहां उपस्थित हैं ।

श्री टी० ए० पाई : मैं आपका भी उतना ही सम्मान करता हूं । यदि हम अपना भाषण न भी दें तो कोई अंतर नहीं पड़ता । क्योंकि इसे बदला नहीं जायेगा । किन्तु यदि कुछ सदस्य कुछ रचनात्मक सुझाव देते हैं, जिन्हें आप स्वीकार कर सकते हैं तो फिर उन्हें सुनना नितान्त आवश्यक है ।

गत वर्ष जब वित्त मंत्री ने बजट पेश किया था, तब सुखाभास का वातावरण व्याप्त था और कांग्रेस की हार हुई थी और जनता पार्टी सत्ता में आई थी। उस समय उन्होंने बुद्धिमत्ता का परिचय दिया था । इस वर्ष भी उन्होंने कहा है कि घाटे का बजट नहीं होगा किन्तु मामूली सा अन्तराल अवश्य होगा । उन्होंने गत बजट पेश करते समय 85 करोड़ रुपये का अन्तराल रखा था । अब 100 करोड़ रुपये तक ऋण की व्यवस्था बढ़ाने से उत्पाद शुल्क, निगमित कर और औद्योगिक उत्पादन के बारे में उनके अनुमान गलत सिद्ध हुए हैं। उन्होंने कहा था कि इस वर्ष उत्पादन में 5 प्रतिशत गिरावट हुई है जो बिजली की कमी के कारण बताई गई है । और बिजली की कमी का कारण यह बताया है कि पिछली सरकार ने इस सम्बन्ध में सोच-विचार कर योजना नहीं बनाई थी। लेकिन वस्तुतः इस वर्ष स्थापित क्षमता में दो हजार मेगावाट बिजली अधिक बिजली उत्पादन करने का श्रेय कांग्रेस सरकार को जाना चाहिये जनता सरकार को नहीं क्योंकि पिछली सरकार ने ही वह योजना आरम्भ की थी। अब देखना यह चाहिये कि जनता सरकार, स्थापित क्षमता के 50 प्रतिशत से अधिक बिजली पैदा नहीं कर सकी है ।

यह सच है कि उत्पादन में कमी होने के मामले की जांच करने के लिये एक समिति नियुक्त की गई है । यदि समिति ही देश की दशा बदल सके तो हम तो बहुत पहले ही ऐसा कर देते । ऐसे स्पष्टीकरण देने का कोई लाभ नहीं है कि औद्योगिक उत्पादन में गिरावट बिजली की कमी के कारण आई है । वास्तविकता तो यह है कि ऐसा श्रमिक अशांति के कारण हुआ है। इस देश के एक-तिहाई से अधिक जिलों में उत्पादन शून्य के बराबर हुआ है । इस वर्ष केवल यही किया गया कि परिस्थितियां बदल दी गई हैं ।

राशि निवेश में 200 करोड़ रुपये की कमी हुई है । जितनी राशि निवेश की व्यवस्था की गई थी उतना राशि निवेश हुआ नहीं है । अन्यथा इस वर्ष घाटे की अर्थ व्यवस्था और 200 करोड़ रुपये बढ़ जाती ।

जनता सरकार बैंकों से ऋण लेकर उसी पर निर्भर कर रही है । आज देश में कुल सार्वजनिक ऋण 24000 करोड़ रुपये का है और ऋण सेवा अधिभार 2000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष है ।

हम पर अर्थ-व्यवस्था में कुप्रबन्ध करने का आरोप लगाया गया है। लेकिन यह कुप्रबन्ध आज बहुत अधिक है और यह सरकार इस बदले की भावना से कुप्रबन्ध कर रही है क्योंकि हमने ऐसा किया था। इस को स्थिति को ठीक करने के बजाये यह सरकार प्रतिशोध की भावना से और अधिक खराबी क्यों कर रही है।

आज बजट प्रस्तावों में यह दिशा निर्देश नहीं है कि गरीबी कब समाप्त होगी। राशि आवंटन का और कुछ तात्पर्य नहीं है। जब हमारा कोई दिशा निर्देश नहीं है, जब बजट में यह संकेत नहीं है कि हम कैसा समाज सृजन करने जा रहे हैं तो इसका यह अर्थ है कि देश की राजनीति का गरीबी में निहित स्वार्थ है। यदि इस समाज को जीवित रखना है, यदि गरीबी देश से दूर करनी है तो जब तक सामाजिक ढांचा नहीं बदला जायेगा कृषि विकास के नाम में जितना भी धन आज तक खर्च किया जाता रहा है, इससे ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक गरीबी बढ़ेगी। यह इसलिये है जब तक मनुष्य और भूमि के बीच स्थायी सम्बन्ध स्थापित नहीं होंगे और भूमिहीन श्रमिक को न्यूनतम मजूरी ही नहीं दी जाती बल्कि उसे उत्पादन के साधनों का स्वामी नहीं बनाया जाता तब तक हम में कोई अन्तर नहीं आयेगा। और हम उसके शिकार होते रहेंगे। जनता सरकार को इस बारे में गम्भीरता से विचार करना चाहिये।

जहां तक आवंटन का सम्बन्ध है, यह कहा गया है कि कृषि और रोजगारी के लिये आवंटित अत्यधिक धन राशि की व्यवस्था की जायेगी। यदि हम आवंटित राशि और विभिन्न कार्य-क्रमों पर वास्तव में खर्च हुई राशि के आंकड़ों को देखें तो हमें पता चलेगा कि कार्यान्वियन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है अतः धन राशि को बढ़ाकर दुगुनी करने से भी क्या होगा? वस्तुतः राशि बढ़ाने से भी बहुत खतरा पैदा हो जायेगा। जिस कार्य के धन का आवंटन किया गया है वह उस कार्य पर खर्च ही नहीं किया जायेगा। यह इसीलिए है कि वही पुरानी परिपाटी कायम है और प्रशासन को जनता की समस्याओं का पता नहीं है। सत्ताधारी दल हम पर चाहे जितने भी आरोप लगाये हम उन सब को स्वीकार करने के लिये तैयार हैं बशर्ते कि वह अच्छा काम करती है अन्यथा उनमें और हममें कोई अन्तर नहीं रहेगा और लोगों की नजरों में हमारी विश्वसनीयता समाप्त हो जायेगी और वह कहेंगे "लोकतन्त्र भाड़ में जाये"।

स्वतन्त्रता के बारे में बहुत कुछ कहा गया है परन्तु हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि स्वतंत्रता का लाभ केवल कुछ लोग उठा रहे हैं। आजकल गांवों में हम क्या देख रहे हैं? रोजाना हरिजनों के अन्याय की बात कही जाती, पर कोई भी उसका उत्तरदायित्व लेने को तैयार नहीं। यदि जन नेता ऐसा वातावरण तैयार नहीं करते जहां इन्हें मानव समझा जाए हम कैसा समाज बना सकते हैं और हम किस प्रकार का उत्थान कर सकते हैं? केवल पैसे से आदमी को खुश नहीं किया जा सकता। सरकार और सत्ताधारी दल यह जान लें कि गरीबी दिन-व-दिन बढ़ती जा रही है, भले ही वह इसे चाहें या न चाहें। इस घाटे के बजट से हमें कोई विकास, प्रशासन में किसी सुधार की आशा नहीं है।

गेहूं के वितरण में सरकार 23 रुपये की सहायता दे रही है। चावल के सम्बन्ध में यह छूट पिछले साल 4 रुपये थी। इस वर्ष यह .04 पैसे है। क्या सरकार चावल उत्पादक क्षेत्र की विक्रेता बन रही है? चावल खाने वाले लोगों ने क्या किया है? उन लाखों लोगों

को सरकार ऋण सहायता देकर गेहूं खाने के लिए मजबूर क्यों करना चाहती है? इस स्थिति में परिवर्तन किया जाए अनुपयुक्त नीति के कारण चावल का उत्पादन नहीं बढ़ा है।

SHRI VIJAY KUMAR MALHOTRA (South Delhi) : Shri Subramaniam has said that when the previous Government handed over power the position of foreign exchange reserves and stocks of wheat in the country were very good. But he forgot to mention that during the Congress regime more than 40 crores persons were living below the poverty line, more than 5 lakhs villages were not having drinking water supply, in 55 per cent of the villages there was no primary health centre, the number of educated unemployed was more than one crore and the total number of unemployed persons was about 4 crores, while on the other hand the value of the assets of 20 big industrial houses had increased to about Rs. 6,000 crores from Rs. 648 crores in 1951. This is the explosive position when they left the regime. A period of only one year cannot be said enough to bring overall improvement.

It has been said that consumer prices have not fallen. But from the figures of Consumer Price Index it will be observed that upto February last the consumer prices have increased only by 2.7 per cent while during 1974 they had increased by 24 per cent under the Congress regime. In fact such a little increase in consumer prices in one year has never been seen before. It will take some time for the consumer prices to fall after a fall in the wholesale prices has been registered.

During 1976-77 under Congress regime, the prices increased by 12 per cent, the money supply by 30 per cent and GNP by 1.6 per cent only, while under one year's rule of Janata Government the GNP has increased by 5 per cent, in spite of the fact that bonus and DA have been paid and compulsory deposit scheme has been abolished.

But with this good performance of the Janata Government, there are certain trends which require to be checked. When the Congress Party left power about Rs. 1100 crores were outstanding as arrears of income tax and corporate tax. Nothing has been mentioned in the budget for realisation of these arrears. If attempts are made to recover these arrears the deficit will be met to a large extent. In 167 cases of seizures in 1975-76 many incriminating evidences were found, but even then no case was launched, no penalty was imposed and none was convicted. Necessary action should be taken in these cases also for recovery of dues.

There are certain dangerous trends regarding the plan. There is decrease of about Rs. 230 crores in the plan expenditure and increase of about 118 crores in the non-plan expenditure. This trend should be checked. Only Rs. 1184 crores have been provided for the new schemes. This is very inadequate. The Sixth Plan should have been at least of the order of 10-15 thousands crores of rupees.

Good step has been taken by formulating a scheme for providing full employment at block level during the coming five years. But only a token provision of Rs. 20 crores has been made for if, while about Rs. 2200 crores are likely to be required for it. Adequate provision for it should be made in the Sixth Plan.

No provisions has been made in the budget for uneducated unemployed and slum improvement. Priorities should be to these items and necessary fund should be provided for them.

Schemes for promoting cottage and small scale industries are good, but their interest should be kept in view in our fiscal policy, credit policy and taxation policy etc. In increasing the rate of excise from 2 per cent to 5 per cent some rebate should have been given to the cottage industry and small scale industries. Bank loans and import licences to these industries should be increased. Government purchases should be made from

these industries only. Fiscal support on the export of the products of handloom, cottage and handicraft industries should not be removed.

A development fund should be created for all-round development of the capital region of Delhi.

Only a little portion is being given to Delhi out of the taxes realised. This should be increased. Recommandations made by Morarka Commission regarding development of rural areas etc. of Delhi should be implemented.

Necessary steps must be taken early on the findings of the Inquiry Commissions.

With these words I support the Budget.

SHRI NIRMAL CHANDRA JAIN (Seoni) : The increase on excise duty will affect the common man and, therefore, this should be re-considered. It is good that rising prices have been checked, bonus has been given, compulsory deposit scheme has been abolished and an assurance has been given that there will be no further inflation in spite of this deficit budget, but tight rope walking will have to be done to keep the assurances. Internal vigilance is necessary for sound economy.

It is a matter of satisfaction that more attention has been paid to the development of villages, agriculture and small-scale industries. But for this, it should be ensured that our schemes are implemented properly and in time. It is observed that the attitude of the bureaucracy often led to failures of many schemes and plans. Improvement should be brought in this position. Steps should be taken for the development of national character and a feeling of dedication for national causes as only this will prove conducive for the development of the nation.

As regards cottage industries in villages, steps should be taken to ensure regular supply of raw material to them and also marketing their products at proper prices. Development of roads should also be made to faciliate this.

More irrigation facilities should be provided so that agriculture do not remain dependent on weather. Necessary compensation should be paid to the agriculturists against damages caused by natural calamities like hail storms etc.

It is said that there is a proposal to abolish Octroi. But, in Madhya Pradesh it has already been abolished. The Union Government have, at that time, assured the Madhya Pradesh Government that they will make up the loss in revenue to the state Government but that commitment has not been fulfilled so far. As a result, the municipal committees are finding it difficult to function due to the loss of their revenue of Octroi, which is the main source of their income. This matter should be looked into.

श्री एम० एन० गोविन्दन नायर (त्रिवेन्द्रम) : गत वर्ष बजट प्रस्तुत करते समय वित्त मंत्री ने कहा था कि उन्हें जनता बजट प्रस्तुत करने का समय नहीं मिला । अब उन्हें पूरा एक वर्ष मिला है । उन्होंने स्थिति को अच्छी तरह समझ लिया होगा । छठी पंचवर्षीय योजना के बारे में बोलते समय उन्होंने राष्ट्र के समक्ष कुछ लक्ष्य रखे थे । ये लक्ष्य हैं: 10 वर्ष के अन्दर बेरोजगारी तथा अल्प-रोजगारी को समाप्त करना, पीने के पानी, प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण उपायों की व्यवस्था करना और आय तथा धन में असमानता को काफी हद तक कम करना । हमें बजट पर इन सभी को ध्यान में रखकर परखना है ।

ग्रामीण गरीबों के लिये 40.29 प्रतिशत आवंटन किया गया है । गत वर्ष यह राशि कितनी थी । गत वर्ष यह 37.7 प्रतिशत थी । इसमें बहुत कम वृद्धि की गई है ।

लेकिन क्या यह कृषि क्षेत्र की आवश्यताओं को पूरा करने में समूचित है? ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति के बारे में बता कर मैं सदन का अधिक समय नहीं लेना चाहता। फिर भी मैं बताना चाहता हूं वहां क्या प्रक्रिया जारी है। भूमि का केन्द्रीकरण कुछ बड़े-बड़े जमींदारों के हाथों में दो रहा है। किन्तु कृषकों की प्रतिशतता 50 प्रतिशत से घटकर 43 प्रतिशत रह गई है। भूमिहीन मजदूरों की संख्या भी 19 प्रतिशत से बढ़कर 26 प्रतिशत हो गई है। दूसरी ओर 15 प्रतिशत बड़े-बड़े जमींदारों के अधिकार में भूमि का 60.6 प्रतिशत है। वे जमींदार हैं, महाजन हैं तथा थोक व्यापारी हैं। ये सब काम वे लोग करते हैं। वे गांवों में केवल अत्याचार करते हैं जब तक ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के वातावरण को बदला नहीं जाएगा तब तक कितना ही व्यय आप कर लें उन्हें कुछ फायदा नहीं होगा। यह कहना गलत है कि अतीत में कृषि को प्राथमिकता नहीं दी गई। कृषि क्षेत्र पर करोड़ों रुपये व्यय किए गए इसी के परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई। 1951 में कृषि उत्पादन 1.58 करोड़ टन था। आज कृषि उत्पादन 12 करोड़ टन हो गया है।

1951 में ग्रामीण लोगों की प्रति व्यक्ति आया 197 रुपये 80 पैसे थी आज प्रति व्यक्ति आय 196 रुपये 50 पैसे है। लेकिन देश की सकल आय में जो वृद्धि हुई है वह कहां गई? वह केवल धनी वर्गों की जेब में चली गई है जिन्होंने कीमतों में हेराफेरी करके सारा धन अपने कब्जों में कर लिया है।

जब तक गांवों का विद्युतीकरण नहीं होता तब तक गरीब ग्रामीणों का कल्याण नहीं होगा हमारे देश का काफी तकनीकी विकास हो चुका है। हम 5,000 मैगावाट वाले तापीय बिजली घर के लिये मशीनरी का निर्माण अपने देश में कर सकते हैं। भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स द्वारा यह माशीनरी बनाई जा सकती है। कोयला भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। इसलिये यह नितान्त आवश्यक है कि देश के सभी गांवों के विद्युतीकरण के लए पर्याप्त धन की व्यवस्था की जाये।

हमारे पास औद्योगिक क्षमता है, कच्चा माल है तथा अपेक्षित कार्मिक भी हैं, हमारे देश में उद्योग की प्रत्येक शाखा में विकास हुआ है फिर भी खेद की बात है कि सरकार सीमेंट का आयात करने जा रही है। सीमेंट का उत्पादन हम आसानी से देश में ही कर सकते हैं।

जहां तक शिक्षा का संबंध है एक वर्ष से कई सदस्य हिन्दी भाषा के लिये हो-हल्ला मचा रहे हैं हम भी हिन्दी भाषा के विरुद्ध नहीं है। लेकिन पहले हमें यह देखना होगा कि देश में कितने बच्चे स्कूल जाते हैं। 15 वर्ष की आयु से नीचे के 30 प्रतिशत बच्चे स्कूलों में हैं। जबकि 70 प्रतिशत बाहर हैं। चिकित्सा सुविधाओं को ही ले लीजिए—केवल 15 प्रतिशत गांवों में ही चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं।

ग्रामीण क्षेत्र की सहायता हेतु कोई समुचित उपबन्ध नहीं है। ग्रामीण लोगों की वैसे ही क्रयक्षमता कम है उस के अलावा हर वस्तु की कीमत बढ़ती जा रही है। आप उनकी आय बढ़ाने के लिये कोई उपाय नहीं कर रहे हैं ऊपर से परोक्ष कर अलग लगा रहे हैं। आप क्यों नहीं समझते कि पैट्रोल की कीमत बढ़ाने से केवल मोटर कार वालों पर ही असर नहीं पड़ेगा

अपितु गरीब आदमी पर भी इसका असर पड़ेगा। बसों मोटरों के किराए भी बढ़ जायेंगे। आपने बिजली पर जो कर लगाया है मैं उसका भी विरोध करता हूं। केन्द्र सरकार को ऐसा कर लगाने का कोई हक नहीं है और न ही आज तक कभी केन्द्र सरकार द्वारा ऐसा कर लगाया गया है। खेतिहर और उद्योगपति का राज्य सरकारों को शिकायत कर रहे हैं कि कर बहुत अधिक है इसे कम किया जाए। अकेले केरल को ही केन्द्र सरकार को 8 करोड़ रुपया देना पड़ेगा। इसलिये इसका समूची अर्थ-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

जब गैर-सरकारी क्षेत्र में अधिक बेरोजगारी है और जब सरकारी क्षेत्र का विकास हो रहा है तो गैर-सरकारी उद्योगों का राष्ट्रीयकरण कर दिया जाना चाहिये। इसलिये कुछ निर्भीक निर्णय लेने होंगे और जिस ढंग से लोगों को दरिद्र बनाया जा रहा है उस पर रोक लगानी होगी।

SHRI BIJOY SINGH NAHAR (Calcutta-North-West) : The Finance Minister deserves congratulation for presenting a Budget which gives a new derection to economy. This Budget indicates the measures proposed to be taken to improve the economic condition of the rural poor, and government should see that the benefits of government outlay reaches the poor people.

The hon. Minister has stated that block development plans will be a major instrument for achieving full employment in rural areas through time-bound Development schemes for rural sectors which should be so framed that they provide employment to rural youth. The requirements of consumer goods should be such in the rural sector itself our rural economy should be made self-reliant we are taking step in this direction. People are with us. They want that government should do some concrete work. Only speeches are not going to serve this purpose.

[SHRI DHIRENDERNATH BASU *in the Chair*]
श्री धीरेन्द्रनाथ बसु पीठासीन हुए

Rural people should be provided with jobs in their villages itself. There should be no need of their coming to cities in search of jobs.

Our agricultural economy produces enough raw materials for industries, but mill owners do not pay remunerative price to farmers for their produce—whether it is jute or sugarcane. Government should see that maximum investments are made to make the rural economy self-reliant.

During the tenure of the previous government we depended upon bureaucracy for implementation of plans. Now their way of functioning has got to be changed. But this Budget does not give any indication as to the new steps proposed to be taken to change their way of functioning.

The Janata Party is committed to abolition of Sales Tax, but the Finance Minister has said that States are not agreeable to it. But one fails to understand as to why the Central Sales Tax has not been abolished. With a view to rooting out corruption, the abolition of Sales Tax is most essential and the Finance Minister should therefore adopt earnest measures to withdraw the Central Sales Tax first: As far as the demand for giving more powers to State Governments and the Central-State relations are concerned, Government should be serious about them.

It is good that Government have reduced bank rates but restrictions should be imposed on private money lending concerns so that they do not charge interest higher than the bank rates.

The administration of Income Tax Department is not proper. The functioning of this department should be streamlined and income tax assessees should be believed in the first instance.

The Postal rates should not be increased. The increase in the indirect taxation has hit the common man very hard. So, the measures should be taken to reduce the impact on the poor man. Steps should be taken to avoid unnecessary expenditure. The expenditure being incurred on various inquiry commissions should be stopped forthwith. Government should be hold enough to say that they will not resort to such taxation as would hit the poor people. Therefore, one can say that this was a stereotype budget as used to be presented during the Congress rule.

With these words I support the good provisions of this Budget.

श्री बसंत साठे (अकोला) : वित्त मंत्री ने कहा था कि कांग्रेस सरकार से विरासत में हमें कमजोर अर्थ-व्यवस्था मिली है इसलिये वह घाटे के बजट को 84 करोड़ रुपये तक ही सीमत रख रहे हैं। और उन्हें आशा है कि जिन गतिशील आर्थिक नीतियों का वह अनुसरण करेंगे उनके परिणाम स्वरूप अगले वर्ष घाटे का बजट नहीं होगा । लेकिन अब वह कह रहें हैं। कि उन्होंने गलत अनुमान लगाया था और उनके कर्जे लेने इत्यादि के तरीके सफल नहीं हुए। 84 करोड़ रुपये का घाटा 975 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है । यह केवल 10 गुना अधिक है। और अब बजट में दर्शाया गया है 1050 करोड़ रुपये का घाटा यदि दस गुना बढ़ जाये तो क्या स्थिति होगी ?

11,649 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय में से 10,465 करोड़ रुपये योजनाओं को जारी रखने पर, 150 करोड़ नई विद्युत परियोजनाओं पर और 1034 करोड़ रुपया अन्य क्षेत्रों की योजनाओं पर जिसमें 80 प्रतिशत अर्थात् 828 करोड़ रुपये ग्रामीण क्षेत्रों की योजनाओं पर व्यय किया जायेगा। इससे स्पष्ट है कि धनवान और निर्धन के बीच का अन्तर कम करने के लिये कोई प्रयास नहीं किया गया है । सभी पदार्थों पर यथामूल्य लेवी 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। अन्ततोगत्वा इसका प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ेगा । इसके अतिरिक्त 1/20 प्रतिशत विशेष लेवी भी लगाई गई है । कोयले पर भी विशेष कर लगाया गया है। इससे पता चलता है कि यह बजट सर्वाधिक मध्यम श्रेणी को प्रभावित करेगा । दिल्ली में पानी की दर भी 19 पैसे से बढ़ाकर 75 पैसे कर दी गई है । लोगों को सबसे ज्यादा अप्रत्यक्ष कर चुभता है जिसकी वजह सभी वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि होगी।

दूसरी ओर वित्त मंत्री ने यह भी कहा है कि घाटे का बजट और उत्पाद शुल्क इत्यादि से मुद्रास्फीति नहीं बढ़ेगी । वित्त मंत्री ने एक नई गतिशील आयोजना का भी दावा किया। उन्होंने कहा है कि नई योजना नीति में खंड विकास योजनाएं एक निर्धारित समय में ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्ण रोजगार उपलब्ध कराने में सबसे अधिक सहायक होंगी। इस कार्यक्रम के ब्यौरे तैयार किए जा रहे हैं । लेकिन वित्त मंत्री हमें यह बताएं कि वह 828 करोड़ रुपया, जोकि ग्रामीण क्षेत्रों को दिया जायेगा, का किस तरह उपयोग करेंगे । तथ्य यह है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कभी भी फायदा नहीं होता । यह पूंजीवादी अर्थ-व्यवस्था का दोष है। पूंजीवादी व्यवस्था में गरीबों का हमेशा शोषण होता है क्योंकि उनका पूंजी पर कोई नियन्त्रण नहीं होता। अतः जब तक व्यवस्था में आधारभूत परिवर्तन नहीं किया जाता तब तक कुछ लाभ नहीं होगा। हमारे देश में यदि यही व्यवस्था जारी रही तो चाहे हम ग्रामीण क्षेत्रों या अन्यत्र कितनी ही पूंजी निवेश क्यों न करें निर्धन को कोई लाभ नहीं होगा। देश में काले धन

की समान्तर अर्थ-व्यवस्था बनी हुई है फिर भी इस बजट में कराधान पद्धति अथवा कर-तंत्र को सुचारु बनाने अथवा पुनर्व्यवस्थित करने के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

बजट में भूमि सुधार का कोई उल्लेख नहीं है। आज भी सामाजिक, राजनीतिक आदि आर्थिक क्षेत्र में जमींदारों का बोलबाला है। अतः मैं इस बजट को पूर्ण रूप से प्रतिक्रियावादी मानता हूं।

मुझे किसी भी ऐसे विकासशील अथवा निर्धन देश के बारे में जानकारी नहीं है जिसने इतने भारी घाटे के विकट क्षणों में अपना सोना बेचने की बात का निर्णय लिया हो। 500 करोड़ रुपये का सरकारी सोना जिसे हमने आम जनता से बुरे दिनों में लिया था सरकार उसे आज विदेशों को जेवरात के रूप में बेचना चाहती है। यह दिवालियेपन का सबसे बड़ा उदाहरण है। यदि एक बार हम सोना बेच देंगे तो बुरे दिनों में हम किस पर निर्भर करेंगे। हमारे पास 4000 करोड़ रुपयों की विदेशी मुद्रा है जिसके द्वारा हम विश्व में कोई भी चीज खरीद सकते हैं। फिर सरकार सोना क्यों बेचना चाहती है? सोना एक राष्ट्रीय सम्पत्ति है, जिसका अपव्यय नहीं किया जाना चाहिये।

1030 करोड़ रुपये में से 80 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों पर व्यय किया जायेगा और शेष उद्योगों पर। इस प्रकार सरकार औद्योगिक विकास को कैसे प्रोत्साहन देगी? पहले ही औद्योगिक विकास की दर घट गई है।

बजट दिशाहीन है। यह हतोत्साहित करने वाला है। संक्षेप में यह बजट देश को दिवालियेपन की ओर अग्रसर करता है।

SHRI OM PRAKASH TYAGI (Bahraich): The Country's economy had been taken towards a wrong direction during the last 30 years. It is for the first time that the budget has given a correct direction to it. The economic policies pursued earlier have benefited only urban areas and 20—22 big houses. The first great achievement of the Janata Party is that it has given a correct direction to our economic policies.

Janata Party has paid heed to the rural areas. There is a provision of Rs. 1754.24 crores for rural area i.e. 40.2 per cent of the budget has been allocated for the development of rural areas.

The budget has paid special attention to irrigation, power, fertilizers and dry-farming. It is proposed to spend Rs. 115 crores on construction of roads to link villages with main roads.

There are a large number of villages which have no provision of drinking water for the people. It had been decided to provide drinking water to people in all these villages. It is really welcome.

The levies on electricity and coal will lead to increase in prices. This will also adversely affect agricultural production. This matter should be considered and some relief should be provided.

The greatest problem which our industries face is accumulation of stocks. Unless the people have purchasing power these stocks will not be lifted and our industries will not progress. Therefore, development of rural areas would help our industrial growth, because purchasing power of rural people will increase.

This budget has paid special attention to dairy development. We wanted to usher in white revolution. Milk will be a good substitute for foodgrains in times of need. A sum

of Rs. 500 crores will be spent on dairy development which will provide employment to about 40 lakh people.

Farmers are not getting remunerative prices for their produce. There should be parity between prices of agricultural products and industrial goods.

Cottage industries will help in providing employment to people. The Government should provide some marketing facilities at block level so that goods produced by cottage industries are purchased.

There has been some criticism of sale of gold by Government. Government has allowed export of gold ornaments. Gold which is available at cheaper price in foreign countries will be imported. It is not that the Government will not keep any gold.

Family Planning is of great importance. The allocation being made for family planning is inadequate. It should be increased.

Multinationals will do a great harm to the interests of the country. They will kill our industry. We should indianise all multinationals. Also these companies should not be allowed to manufacture consumer goods.

We have to demarcate spheres of production for big industry and cottage industry. Only then it will be possible to give protection to our cottage industry.

The policy on advertisements will help multinationals and would adversely affect new industries. Attention should be paid to this matter so that new industries are protected.

The amount of Rs. 96 crores for helping scheduled castes, scheduled tribes and backward classes is inadequate. It should be increased. Also economic criteria should be adopted for determining backwardness.

There is need for paying more attention to education. Unless our education develops, we could not build up national character.

Nationalisation cannot do good in a democracy. We should go in for socialisation. If there is social control of our factories and workers are given share in the management there will be great progress.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR (Sikar) · This is a year of challenge for the Government and Janata Party. The people want the Government to achieve certain results through the budget. They want to judge the performance of the Janata Party. The people now do not want to talk about restoration of freedom and independence of judiciary. They want some action to meet the aspirations of the people.

In 1977-78 we cannot spend Rs. 230 crores earmarked for planned development but non-plan expenditure increased by Rs. 118 crores. This is a cause for concern.

This year's Budget has made a big provision for providing employment in rural areas Such a huge provision has never been made earlier. We should not call it superfluous Budget as it had been called by its critics. As a matter of fact it is a supper Budget. It will create employment in rural areas. It can be called employment-oriented Budget.

There has been criticism of levies on electricity and coal. Coal was nationalised by the previous Government but coal India Ltd. was incurring losses. This loss will have to be made good by the Government. An attempt has been made to make up this loss through a budgetary provision. The Government should see to it that our public enterprises do not incur losses. Unless that is done the burden on our national exchequer will not decrease.

The same is the position with electricity. All electricity boards are incurring losses. Either the boards should increase their charges or States exchequer should make up the losses. We should improve the administration of electricity boards and also take steps to check leakage of electricity so that losses suffered by boards do not impose burden on state exchequer.

It is gratifying that levy on electricity will not affect agriculture. The Government reserves our thanks for this.

The Finance Minister has given exemption upto Rs. 5 lakhs to small scale sector with turn over of Rs. 15 lakhs. Either this exemption should be upto 15 lakhs or steps should be taken to check malpractices which might be resorted to in order to avail of this exemption.

The Government should give advertisements to small newspapers at district or tehsil level. The tax on advertisement expenditure is justified.

The gold policy of the former government had affected goldsmiths. The Government has given them some loan. They can not use that loan for industrial purposes. Those loans should either be written off or should be realised in such a manner as do not cause hardships to goldsmiths.

डा० वी० ए० सईद मोहम्मद (कालीकट) : बजट के साथ-साथ आर्थिक सर्वेक्षण के बारे में भी मैं कुछ कहना चाहूंगा। आतौर पर बजट और आर्थिक सर्वेक्षण से निराशा ही हाथ लगी है। एक समाचार पत्र ने तो बजट को लोगों के प्रति धोखा बताया है। अन्य कई पत्रों ने भी इसकी तीखी आलोचना की है। जनता पार्टी के सर्वविदित दर्शन के अनुरूप हमें उनसे इससे बेहतर बजट की आशा ही नहीं थी।

पिछले बजट में 84 करोड़ रुपये का घाटा तो अनुमानित था लेकिन वह 975 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इस वर्ष इसके 1050 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। इतना अधिक घाटा पहले कभी नहीं हुआ और ऐसे अविश्वमनीय आंकड़े भारत के इतिहास में देखने को नहीं मिलेंगे। यह घाटा उन लोगों की ओर से दिखाया गया है जो यह कहते थे कि हम घाटे के बजट का कभी आश्रय नहीं लेंगे। इस सम्माननीय सभा के समक्ष वित्त मंत्री ने घाटे की वित्त व्यवस्था के दोष और उससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया था। पर अब क्या कहें। इनकी तो कथनी और करनी में महान अन्तर है।

जनता पार्टी लघु उद्योगों के विकास का रोना रो रही है लेकिन वास्तविकता क्या है? जूता उद्योग बिल्कुल नष्ट हो गया है। छोटे इस्पात उद्योग भी तकरीबन नष्ट हो गए हैं। ढलाई उद्योग भी खटाई में पड़ा है। चमड़ा निर्यात भी कम होता जा रहा है।

गत वर्ष आर्थिक सर्वेक्षण में कुछ ऐसे तथ्यों का हवाला दिया गया जिनसे यह पता चलता है कि पिछले वर्ष का बजट कितना फोकट, अर्थहीन और खतरनाक था। गत छह महीनों में औद्योगिक उत्पादन 10.4 प्रतिशत से गिरकर 5.2 प्रतिशत हो गया है। पहले तीन महीनों के दौरान मूल्य वृद्धि गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में तिगुनी हुई।

सरकार मुद्रा सप्लाई में कमी के लिए श्रेय लेना चाहती है। लेकिन उनका यह दावा निराधार है और इसका कोई औचित्य नहीं है क्योंकि बैंकों की विदेशी मुद्रा आस्तियां तथा सरकार को बैंकों की ओर से देय राशि बिल्कुल बराबर हो गई है। इन्हीं उपरोक्त कारणों से मुद्रा सप्लाई में कमी हुई है।

सरकार ने विकास दर में 5 प्रतिशत वृद्धि का दावा किया है, लेकिन यह सरकार द्वारा क्रियान्वित की गई किसी विशिष्ट नीति अथवा कार्यक्रम का परिणाम नहीं। यह अच्छी वर्षा का परिणाम है।

संचित विदेशी मुद्रा और 11 करोड़ 70 लाख टन खाद्यान्नों का स्टाक भूतपूर्व सरकार की उपलब्धि है और हमने यह स्टाक इस सरकार के सुपुर्द किया था। वास्तव में इस स्टाक का उपयोग करने और आगे बढ़ाने के बजाय सरकार मात्र उलझी हुई है उसे समझ नहीं आ रहा

कि इसका क्या किया जाए ? सरकार हमें बताए, कि इस संचित विदेशी मुद्रा का उपयोग वह किस प्रकार करेगी ?

उत्पाद शुल्क के सम्बंध में काफी कुछ कहा गया है । हमारा उत्पाद शुल्क का ढांचा यथा मूल्य था, विशिष्ट नहीं और अर्थशास्त्र के सिद्धान्तों के अनुसार यथा मूल्य /शुल्क में वृद्धि मुद्रा स्फीति की ओर अग्रसर करती है । आन्दोलन शुरू हो गये है और शिकायतें भी की जा रही हैं । इस सम्बंध में विवरण भी दिया गया है । यदि यही स्थिति बनी रही और उप्पाद शुल्क जारी रखा गया तो इंजीनियरिंग उद्योग बिल्कुल नष्ट हो जाएगा ।

कई सदस्यों ने यह बताया है कि किस प्रकार यह बजट गरीबों और निम्न मध्यवर्ग के लोगों पर भार बढ़ाएगा । निश्चय ही यह बजट निर्धन तथा निम्न मध्य-वर्ग के लोगों का दमन करने वाला है और इसकी सहायता से धनवानों को और अधिक धन एकत्र करने में सहायता मिलेगी ।

श्री स्कारिया थामस (कोट्टायम) : भारत के इतिहास में घाटे का बजट कोई नई और अद्‌भुत घटना नहीं है । लेकिन किसी भी वित्त मंत्री द्वारा अब तक ऐसा बजट पेश नहीं किया गया जिसमें इतना भारी घाटा दिखाया गया हो । वर्तमान वित्त मंत्री ने इस सम्बन्ध में एक नया उदाहरण कायम किया है । यदि गत वर्ष घाटे के बारे में सौ करोड़ रुपये से कम का अनुमान लगाया गया था तो वर्ष के अन्त तक वास्तविक घाटा अनुमानित घाटे से दस गुना अधिक हुआ है । इस दर से 1052 करोड़ रुपये का अनुमानित घाटा वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्त तक दस गुना बढ़ जाएगा ।

इस बजट का बम्बई के बड़े-बड़े फिल्म उद्योग पतियों तथा स्वर्ण व्यापारियों द्वारा स्वागत किया गया है । यह कहने का कोई फायदा नहीं है कि इससे आम आदमी को राहत पहुंचेगी । उत्पाद शुल्क म वृद्धि के परिणामस्वरूप आम आदमी के उपयोग की प्रत्ये वस्तु के दाम बढ़ जायेंगे । आम आदमी का छोटे साइज के फ्रिज पर घटाए गए उत्पाद शुल्क से कोई सरोकार नहीं है । पैट्रोल, मिट्टी का तेल, कोयला इत्यादि वस्तुओं पर बढ़ाए गए उत्पाद शुल्क से साधारण आदमी प्रभावित होगा ।

जहां तक बिजली का सम्बंध है, केरल के लोग जो समृद्धि की ओर बढ़ना चाहते हैं और जिन्हें पर्याप्त कोयला और इस्पात नहीं मिल रहा वह बिजली पर बढ़ाए गए उत्पाद शुल्क से बहुत निराश हुए हैं । बिक्री कर में परिवर्तन के परिणामस्वरूप राज्य सरकारों को 23 करोड़ रुपया और देना पड़ेगा । स्थिति तभी सुधर सकती है जबकि केन्द्र-राज्य सम्बन्धों में परिवर्तन किया जाए ।

आम जनता सरकार से यह अपेक्षा कर रही थी कि वह पैट्रोल की कीमतों में थोड़ी कमी करेगी । पैट्रोल के मूल्य में वृद्धि करके उन्होंने केरल के लोगों को निराश किया है । वह यह सोचते थे कि बम्बई हाई से तेल उपलब्ध होने के कारण पैट्रोल की कीमतों में कुछ कमी होगी ।

जब जनता सरकार सत्ता में आई थी तो उन्होंने यह घोषणा की थी कि वह दस वर्षों के भीतर बेरोजगारी की समस्या को हल कर लेंगे । लेकिन तब से शिक्षित बेरोंजगारों की संख्या पचास हजार बढ़ गई है । इस बजट में बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिये कोई ठोस प्रस्ताव नहीं है ।

बजट के घाटे को पूरा करने के लिये वह सरकारी स्टाक का सोना बेचने की सोच रहे हैं। यदि घाटा इसी दर से चलता रहा तो सारा सोना बिक जाने के बाद वह बजट का घाटा कैसे पूरा करेंगे ? यदि इसी तरह चलता रहा तो देश के प्रशासन को चलाने के लिये उन्हें देश की भूमि का कुछ भाग भी बेचना पड़ेगा और यह बहुत खतरनाक प्रवृत्ति है ।

SHRI S. S. DAS (Sitamarhi) : Sir, I welcome this first Budget of Janata Party. The last Budget was only presented by the Janata Party, its entire frame-work having been prepared by the former Government. While considering this Budget we have to examine whether it is in accordance with the election manifesto of the Janata Party and the economic and industrial policy propounded by its national executive.

The present economic set up in the country is the continuation of the set up of the old colonial economy. From the political point of view, colonolism has been ended but in the internal economy of the country the process of colonial exploitation is continuing. That is why Bihar, West Bengal, Orissa, Madhya Pradesh and many other regions have remained undeveloped whereas the organised sector is flourishing and exploiting the rural disorganised sector.

M. CHAIRMAN : He may continue tomorrow.

तत्पश्चात लोक सभा, बुधवार, 15 मार्च 1978/24 फाल्गुन, 1899 (शक) के 11 बजे तक के लिए स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the clock in Wednesday, March 15 1978/ Phalguna 24, 1899 (Saka).

145LSS/78—GIPF.